

हिंदी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

**खेल** — गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी, रोहित-कोहली के साथ तालमेल पर किया खुलासा, 2027 वर्ल्ड कप पर...



**देश** — कांग्रेस की बागी मुस्लिम विधायक ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को दिया वोट

कृष्ण पक्ष, पूर्व भाद्रपद, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • बुधवार • 18 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 105 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,45,400 | ₹ 2,75,000 |

## आज का इतिहास

**1938 :** भारत के मशहूर अभिनेता शशि कपूर का जन्म हुआ था। उनका असली नाम बलबीर राजकपूर है।

**1944 :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज ने बर्मा के रास्ते भारत में प्रवेश किया।

## न्यूज बाइट्स

### पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षक तैनात

**नई दिल्ली (ए.)।** चुनाव आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ-साथ छह राज्यों में होने वाले उपचुनावों के लिए 1,111 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया है। मंगलवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन पर्यवेक्षकों में सामान्य, पुलिस और व्यय अधिकारी शामिल हैं। इन्हें चुनाव आयोग के 'आंख और कान' के रूप में वर्णित किया गया है, जो चुनावी प्रक्रिया के दौरान जमीनी स्तर पर निगरानी रखेंगे। आयोग के अनुसार सामान्य पर्यवेक्षक की संख्या 557, पुलिस पर्यवेक्षक 188 तथा व्यय पर्यवेक्षक 366 होगी। इनको 832 विधानसभा क्षेत्रों और उपचुनाव वाली सीटों पर तैनात किया जायेगा।

### पंचायत भवन निर्माण में आ रही समस्याओं पर बनेगी रिपोर्ट

**पटना (नि.सं.)।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने पंचायत सरकार भवन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं की पंचायतवार विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए और निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंगलवार को आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन और भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ पंचायत भवन निर्माण की स्थिति का जायजा लिया। बैठक में बताया गया कि विभागीय टीम द्वारा निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों का नियमित स्थल निरीक्षण किया जा रहा है और जहां भी कमी पाई जाती है।

मुख्यमंत्री ने 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा

# पंचायतों में खुलेंगे सुधा दूध बिक्री केंद्र

**निज संवाददाता | भागलपुर**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य में डेयरी क्षेत्र को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भागलपुर जिले की 238 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केंद्र खोले जाएंगे। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में जगदीशपुर प्रखंड के बैजानी ग्राम पंचायत में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भागलपुर जिले में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पटना से भागलपुर तक बेहतर सड़क निर्माण से आवागमन सुगम हुआ है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि जिले में कई पुलों और सड़कों का निर्माण कराया गया है। भागलपुर-घोघा से पथवाड़ा-अकबरनगर पथ तथा भागलपुर बाईपास का निर्माण क्षेत्रीय विकास को गति दे रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र के विस्तार से किसानों की आय बढ़ेगी और दुग्ध उत्पादन को नया प्रोत्साहन मिलेगा। सुधा दूध बिक्री केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर दुग्ध विपणन को सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे किसानों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि राज्य सरकार कृषि, डेयरी और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार नई योजनाओं को लागू कर रही है, ताकि गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और लोगों का जीवन स्तर बेहतर हो सके।



### हमने हिंदू-मुस्लिम झगड़े बंद करवाए : सीएम

पुरानी सरकार में आए दिन हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। हमारी सरकार आई तो हमने तेजी से कब्रिस्तानों की घेराबंदी करवानी शुरू की। झगड़े बंद हुए। इसके बाद कहीं कहीं मंदिरों को लेकर भी विवाद होने लगा। हमने मंदिरों की भी बाउंड्री बनवाई। आज देखिए सब जगह शांति है। पुराने वालों के जैसा झगड़ा झंझट अब कहीं नहीं है।

पहले वाली सरकार को कभी भूलिएगा नहीं। उन लोगों का समय बहुत डराने वाला था। लोग शाम में डर के मारे घरों से नहीं निकलते थे। महिलाएं सुरक्षित नहीं थीं। सब जगह उनके लोगों की पैरवी और सुनवाई होती थी। उन लोगों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया सिर्फ अपनों को बढ़ावा दिया।

### 50 लाख को मिला अवसर एक करोड़ का नया लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक लगभग 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया है, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि सरकार का लक्ष्य आने वाले पांच वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके लिए विभिन्न क्षेत्रों में योजनाएं तैयार की जा रही हैं और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी संकेत दिया कि आगामी समय में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और बढ़ाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को लाभ मिल सके और राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़कों में बड़ा बदलाव

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले बिहार में विकास कार्यों की गति बेहद धीमी थी, लेकिन उनकी सरकार बनने के बाद राज्य में स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में व्यापक सुधार किए गए। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई नए मेडिकल कॉलेज खोले गए और अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ाई गई, जिससे आम लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकी। शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर काम किया गया। स्कूलों की स्थिति में सुधार के साथ शिक्षकों की संख्या में वृद्धि की गई, जिससे शिक्षा व्यवस्था को मजबूती मिली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सड़कों का जाल बिछाया गया। गांवों को शहरों से जोड़ने के लिए सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया, जिससे आवागमन आसान और तेज हुआ है। उन्होंने कहा कि आज राज्य में कहीं से कहीं जाने में पहले की तुलना में काफी कम समय लगता है, जो विकास का स्पष्ट प्रमाण है।

### अब गांव-गांव रोशनी, सोलर योजना से मुफ्त ऊर्जा की पहल


मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले बिहार में बिजली व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब थी, लेकिन अब इसमें व्यापक सुधार किया गया है। आज राज्य के हर गांव तक बिजली पहुंचाई जा चुकी है और लोगों को पहले की तुलना में कहीं बेहतर सुविधा मिल रही है। उन्होंने बताया कि सरकार अब आम लोगों को राहत देने के लिए मुफ्त बिजली उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सोलर ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को स्वच्छ और सस्ती बिजली मिल सके। खास बात यह है कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार का खर्च नहीं उठाना पड़ेगा, पूरा काम सरकार द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन पहलों से न केवल बिजली की समस्या दूर हुई है, बल्कि लोगों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव आया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'नशामुक्त भारत' अभियान को बताया अहम

# युवाओं को नशों से बचाने के लिए समर्पित

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के 41वें स्थापना दिवस के अवसर पर एजेंसी के अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनसीबी देश के युवाओं को नशीले पदार्थों के खतरे से बचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है और "नशामुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में अमित शाह ने लिखा कि एनसीबी एक प्रमुख एजेंसी के रूप में पूरी दक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "नशामुक्त भारत" के विजन को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने एजेंसी के कर्मियों के समर्पण और देशभक्ति की सराहना करते हुए पूरे राष्ट्र की ओर से उन्हें नमन किया। एनसीबी ने भी अपने स्थापना दिवस पर जारी संदेश में कहा कि एजेंसी पिछले चार दशकों से अधिक समय से नशीले पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने, समाज को सुरक्षित रखने और "नशामुक्त भारत" के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में हाल ही में एनसीबी के महानिदेशक अनुराग गर्ग और अमेरिका की ओएनडीसीपी की निदेशक सारा कार्टर के बीच यूएन कमीशन ऑन नारकोटिक ड्रग्स का 69वां सत्र के दौरान वियना में बैठक हुई। इस बैठक में भारत और अमेरिका के बीच नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई योग्य खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को मजबूत करने पर सहमति बनी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय ड्रग कार्टेल के खिलाफ तेजी से और समानांतर जांच के लिए रियल-टाइम सूचना साझा करने पर भी जोर दिया गया। दोनों देशों ने अप्रैल 2026 में "इंडिया-अमेरिका काउंटर नारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप" की 'पिलर 3' बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया।

स्थापना दिवस के अवसर पर एनसीबी ने श्री वेंकटेश्वर कॉलेज में 'युवा आउटरीच और जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और उन्हें नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। इस पहल के माध्यम से एनसीबी ने यह स्पष्ट किया कि वह नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और तस्करी के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई में प्रवर्तन एजेंसियों, छात्रों और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए "नशामुक्त भारत" के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है।

## गोद लेने वाली माताओं को बड़ी राहत, मातृत्व लाभ में आयु सीमा खत्म

**नई दिल्ली (नि.सं.)।** उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में गोद लेने वाली माताओं को बड़ी राहत देते हुए 'सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020' के उस प्रावधान को रद्द कर दिया है, जिसमें केवल तीन महीने से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने पर ही मातृत्व लाभ देने की अनुमति थी। अदालत ने इस प्रावधान को मनमाना बताते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन माना। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए स्पष्ट किया कि बच्चे की उम्र चाहे तीन महीने से कम हो या अधिक, गोद लेने वाली मां की जिम्मेदारियां और भूमिका समान रहती हैं। अदालत ने कहा कि गोद लिए गए बच्चे की जरूरतें किसी भी तरह से जैविक बच्चे से अलग नहीं होतीं। पीठ ने अपने फैसले में यह भी रेखांकित किया कि मातृत्व लाभ का उद्देश्य केवल शारीरिक देखभाल तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चे के भावनात्मक और मानसिक विकास के लिए भी यह जरूरी है। ऐसे में गोद लेने वाली माताओं के साथ आयु के आधार पर भेदभाव करना न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता। इस निर्णय को गोद लेने वाली माताओं के अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे उन्हें समानता और सामाजिक सुरक्षा का व्यापक लाभ मिल सकेगा।



मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से बड़ी राहत

# 500 से अधिक गंभीर मरीजों के इलाज के लिए 4.08 करोड़ मंजूर

- कैंसर, हृदय रोग और किडनी प्रत्यारोपण को प्राथमिकता
- मरीजों को 80 हजार से 1 लाख तक की सहायता

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार सरकार ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से 501 मरीजों के इलाज हेतु कुल 4.08 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस सहायता में कैंसर, हृदय रोग और किडनी प्रत्यारोपण जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी गई है। 11 मार्च 2026 को स्वास्थ्य विभाग में आयोजित प्राधिकृत समिति की बैठक में कुल 626 आवेदनों पर विचार किया गया। निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गहन समीक्षा के बाद 501 मरीजों को अनुदान देने का निर्णय लिया गया। सरकार द्वारा दी गई इस सहायता के तहत महावीर कैंसर संस्थान, आईजीआईएमएस और एम्स पटना जैसे प्रमुख अस्पतालों में इलाजरत मरीजों को 80 हजार से 1 लाख रुपये तक की आर्थिक मदद प्रदान की गई है। वहीं जटिल सर्जरी और अंग प्रत्यारोपण के मामलों में 5 लाख रुपये तक की सहायता भी स्वीकृत की गई है। समिति ने अनुदान वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब केवल उन्हीं बीमारियों के लिए अनुदान दिया जाएगा, जिनके लिए अस्पताल सीजीएचएस (केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना) से मान्यता प्राप्त हैं। साथ ही, अस्पतालों को चिकित्सा प्राक्कलन में दवा, जांच, सर्जरी और इम्प्लांट की लागत अलग-अलग दर्शानी होगी। वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए समिति ने यह भी निर्देश दिया है कि जिन संस्थानों को पहले अनुदान दिया गया है, वे जल्द से जल्द उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करें और अप्रयुक्त राशि वापस करें। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और भविष्य में अनुदान रोक दिया जाएगा।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि राज्य के सभी जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में डायलिसिस की सुविधा पहले से ही निःशुल्क उपलब्ध है, इसलिए इसके लिए अलग से अनुदान नहीं दिया जाएगा। साथ ही आयुष्मान भारत या मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित मरीजों को इस कोष से दोबारा सहायता नहीं मिलेगी, ताकि लाभ का दोहराव रोका जा सके।

## जल्द जारी होंगे इंटर-मैट्रिक के परिणाम

**पटना(नि.सं.)।** बिहार स्कूल परीक्षा बोर्ड (बीएसईबी) द्वारा वर्ष 2026 की इंटर और मैट्रिक परीक्षाओं के परिणाम जारी करने की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बोर्ड ने दोनों परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया है और अब रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। इसके साथ ही टॉपर्स के सत्यापन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बोर्ड सूत्रों के अनुसार, इंटर और मैट्रिक परीक्षाओं के संभावित टॉपर्स में शामिल 200 से अधिक छात्रों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत छात्रों की कॉपियों का पुनः परीक्षण और मौखिक सत्यापन किया जाएगा, ताकि मेरिट सूची पूरी तरह से निष्पक्ष और प्रमाणिक रहे। यह वेरिफिकेशन प्रक्रिया 21 से 22 मार्च के बीच पूरी कर ली जाएगी। मूल्यांकन के बाद मार्क्स टोटलिंग का कार्य भी लगभग समाप्त हो चुका है, जिससे परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया लगभग साफ हो गई है। बोर्ड इस बार भी तय समयसीमा के भीतर परिणाम जारी करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है, ताकि छात्रों को अधिक इंतजार न करना पड़े। संभावित तिथियों के अनुसार, इंटरमीडिएट (12वीं) का रिजल्ट 24 या 25 मार्च को जारी किया जा सकता है, जबकि मैट्रिक (10वीं) का परिणाम 29 मार्च तक आने की संभावना है। ऐसे में राज्य के लाखों छात्र-छात्राएं अब बोर्ड के आधिकारिक ऐलान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द ही उनकी प्रतीक्षा समाप्त कर सकता है।

केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को लेकर फैल रही अफवाह, केन्द्र सरकार ने कहा

# ई-केवाईसी सभी के लिए अनिवार्य नहीं, केवल अधूरे रिकॉर्ड वालों के लिए जरूरी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने घरेलू एलपीजी कनेक्शन को लेकर फैल रही अफवाहों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से सभी उपभोक्ताओं के लिए जरूरी नहीं है। सरकार के अनुसार केवल उन्हीं गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने की आवश्यकता है, जिनका वेरिफिकेशन अभी तक पूरा नहीं हुआ है या जिनका रिकॉर्ड अधूरा है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया और कुछ रिपोर्ट्स में यह गलत जानकारी दी जा रही थी कि ई-केवाईसी नहीं कराने पर गैस कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। मंत्रालय ने इस दावे को भ्रामक बताया और कहा कि ऐसा कोई नया नियम लागू नहीं किया गया है।

सरकार ने यह भी बताया कि ई-केवाईसी से जुड़ा अभियान पहले से ही चल रहा है और इसका उद्देश्य केवल उपभोक्ताओं का बायोमेट्रिक सत्यापन सुनिश्चित करना है। इससे एलपीजी वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और फर्जी कनेक्शनों या गड़बड़ियों पर रोक लगेगी। मंत्रालय ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन लोगों का ई-केवाईसी अभी तक नहीं हुआ है, वे जल्द ही इसे पूरा करा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। वहीं जिन उपभोक्ताओं का वेरिफिकेशन पहले से पूरा है, उन्हें किसी अतिरिक्त प्रक्रिया की जरूरत नहीं है।

### पीएनजी का नया कनेक्शन मिलेगा 24 घंटे के अंदर

पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सरकार ने पाइप के माध्यम से रसोई गैस का पीएनजी कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरू करने के साथ- साथ नये आवेदनों को 24 घंटे में मंजूरी देने का निर्णय लिया है। उपभोक्ताओं को रसोई गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराने के लिए सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ व्यापक अभियान चला रही है । इसके तहत पिछले कुछ दिनों में देश भर में लगभग 12,000 छापे मारे गए हैं और लगभग 15,000 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा घरेलू एलपीजी का उत्पादन भी 38 प्रतिशत बढ गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के संकट से उत्पन्न स्थिति की जानकारी देने के लिए बुलाये गये संवाददाता सम्मेलन में मंगलवार को बताया कि केन्द्र सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पीएनजी में स्थानांतरित करने की कोशिश कर रही है। केन्द्र ने राज्य सरकारों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि पीएनजी की नयी पाइपलाइन बिछाने के लिए सभी अनुमतियां स्वीकृति मानी जाएं और स्थानीय प्राधिकरण द्वारा लगाए जाने वाले सड़क पुनर्स्थापन और अनुमति शुल्क को माफ किया जाना चाहिए।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### श्रीसंकट मोचन मन्दिर की नई कमिटी का हुआ गठन

**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय के थाना गेट स्थित नवनिर्मित श्रीसंकट मोचन मन्दिर के सफल संचालन हेतु सोमवार की देर शाम मन्दिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से मन्दिर की नई प्रबंधकारिणी कमिटी का गठन किया गया। गठित नई कमिटी में सर्वसम्मति से अजय कुमार उर्फ छोटू मालाकार को अध्यक्ष,उमेश साव को सचिव,कपिलदेव प्रसाद उर्फ कपिल डीलर को उपाध्यक्ष,मनोज कुमार शिक्षक को कोषाध्यक्ष,शम्भू शुभम उर्फ शम्भू यादव को संयोजक,अयोध्या कुमार यादव को उपसचिव मनोनीत किया गया। बैठक में प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक भजन कार्यक्रम करने,क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत रखने के लिए विशाल चैता कार्यक्रम का आयोजन करने सहित कई विन्दुओं पर चर्चा किया गया। मौके पर बैठक में अजीत वर्मा,कुन्दन पांडेय,अभिमन्यु प्रसाद,सुधीर कुमार,बाल्मीकि यादव,जवाहर यादव,आयुष कुमार,निकुंज विश्वकर्मा आदि मौजूद थे। लोगों ने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद अब एक व्यवस्थित टीम का होना मंदिर के प्रबंधन और धार्मिक गतिविधियों को और बेहतर बनाएगा।

### सीओ एवं राजस्व कर्मचारियों के हड़ताल से राजस्व विभाग के कार्य ठप

#### कौआकोल में दाखिल–खारिज और परिमार्जन के लिए जनता परेशान

**कौआकोल।** राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारी संघ के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर कौआकोल अंचल के अधिकारी और कर्मचारी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। इस हड़ताल का सीधा असर अब आम जनता पर पड़ने लगा है,जिससे प्रखंड का राजस्व विभाग पूरी तरह चरमरा गया है। कौआकोल के अंचलाधिकारी मनीष कुमार, राजस्व अधिकारी अनीश कुमार समेत सभी राजस्व कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से सामूहिक अवकाश और हड़ताल पर हैं। हड़ताल के कारण भूमि सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य जैसे परिमार्जन, दाखिल-खारिज और एलपीसी के सैकड़ों मामले लंबित हो गए हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को हो रही है जो पारिवारिक सूची प्रमाण पत्र और अन्य राजस्व दस्तावेजों के लिए प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। तथा काम न होने की वजह से लोग खाली हाथ घर लौटने को विवश हैं। संघ के पदाधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी जायज मांगें पूरी नहीं की जातीं,तब तक कोई भी कर्मी काम पर वापस नहीं लौटेगा। यह विरोध प्रदर्शन चरणबद्ध तरीके से जारी है और आने वाले दिनों में इसके और तेज होने की संभावना है।

### कौआकोल में सेज पैथ और नेशनल डायग्नोस्टिक द्वारा 'दावत-ए-इफ्तार' का आयोजन

**कौआकोल।** कौआकोल में सांप्रदायिक सौहार्द और एकता की मिसाल पेश करते हुए सेज पैथ की ओर से नेशनल डायग्नोस्टिक में एक भव्य दावत-ए-इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के दर्जनों लोगों ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न जांच केंद्रों के संचालक मौजूद रहे। मगरिब की अजान से पहले सभी उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से हाथ उठाकर मुल्क में अमन,चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी। नेशनल डायग्नोस्टिक के संचालक मो. दानिश इकबाल ने रमजान की फजीलत बताते हुए कहा कि यह महीना रहमतों और बरकतों का है। यहाँ एक नेकी का सवाब 70 गुना मिलता है। वहीं उन्होंने कहा कि इफ्तार पार्टियों से आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है। चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे हिंदू-मुश्किल एकता का प्रतीक बताया। हसरत, कैसर, आसिफ और अन्य सहयोगियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकजुटता और सांप्रदायिक सद्भाव मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान पड़ोसियों का ख्याल रखने,गरीबों को जकात, फितरा और खैरात देने जैसी मानवीय संवेदनाओं पर भी जोर दिया गया। अंत में दानिश इकबाल ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। मौके पर मो. गुलाम कादरी,मो. सदाब (सोनू),मो. इकबाल खान,टीपू सुल्तान,फैयाज टिंकल,सोनू कुमार पासवान,रवीन्द्र कुमार,आशीष कुमार,मो. शौकत अली,मो. इसराफिल,मो. साहिल,शंकर यादव,कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

### डाककर्मी लूटकांड मामले में एक बदमाश गिरफ्तार

**केसरिया, पू.च।** बीजधरी थाना पुलिस ने डाककर्मी से हुई लूटकांड में एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी कल्याणपुर शम्भूचक निवासी बबलू कुमार है, जिसके पास से लूटे गए 80 हजार रुपये में से 5500 रुपये बरामद किए गए हैं। रविवार की देर संध्या नयागांव डाकघर के बीपीएम उत्कर्ष कुमार से छिनतई की गई थी। शक के आधार पर सोमवार को पुलिस ने करीब चार किलोमीटर तक पीछा कर आरोपी को दबोचा। उसके पास से 23 फरवरी को सुन्दरापुर में हुए सीएसपी लूटकांड में प्रयुक्त पल्सर बाइक भी जब्त की गई है। केसरिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार व बिजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ की। बिजधरी थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उस पर कल्याणपुर थाना में चोरी, आर्म्स एक्ट व एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने डाककर्मी लूटकांड में शामिल तीन अन्य अपराधियों के नाम उजागर किए हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### मशरूम उत्पादन के लिए दिया गया दस दिवसीय प्रशिक्षण

**कोटवा।** कोटवा में इंडिया जीविका महिला संकुल संघ कोटवा अंतर्गत मनरेगा जॉब कार्डधारियों को मशरूम की खेती के ऊपर 10 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 35 कार्डधारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान मौखिक, लिखित एवं प्रयोग करके मशरूम की खेती करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिसमे मशरूम की खेती के लिए आवश्यक कमरे की स्वच्छता, कंपोस्ट तैयार करना , बिजाई ,पॉलिथीन थैलियो में भराई, सेकिंग मिश्रण तैयार करना और तुड़ाई एवं भंडारण की तकनीके सिखाई गई ।वही 10 दिनों के प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागियों को स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया । इस मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षण का संचालन प्रशिक्षक रोहित कुमार ने की।मौके पर प्रबंधक अभिषेक आनंद, एलएचएस मौसम राज, रोजगार साधनसेवी दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### भादा के तेजप्रताप सिद्धू का नवोदय विद्यालय में चयन, 97.5% अंक लाकर बढ़ाया प्रखंड का मान

**हरसिद्धि।** प्रखंड के भादा गांव के होनहार छात्र तेजप्रताप सिद्धू ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर अपने गांव, परिवार और पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है। सिद्धू ने इस परीक्षा में 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चयनित होकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया है। उसकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।तेजप्रताप सिद्धू भादा गांव निवासी मनीष कुमार ठाकुर एवं निप्पु कुमारी के बड़े पुत्र हैं। सिद्धू बचपन से ही पढ़ाई में काफी मेधावी, अनुशासित और परिश्रमी छात्र रहा है। वह हमेशा से अपनी पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा और नियमित मेहनत करता रहा। इसी लगन और कड़ी मेहनत के कारण उसने नवोदय विद्यालय की कठिन प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है।सिद्धू की इस उपलब्धि से उसके परिवार में खुशी की लहर है। उसके नाना-नानी, दादा-दादी और अन्य परिजन इस सफलता से बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि सिद्धू ने हमेशा मेहनत और लगन से पढ़ाई की है, जिसका परिणाम आज सबके सामने है।गांव के लोगों ने भी सिद्धू की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उसे बधाई दी है। ग्रामीणों का कहना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद सिद्धू ने अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उसकी सफलता गांव के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करेगी।सिद्धू की इस उपलब्धि की खबर मिलते ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल बन गया। लोग उसके घर पहुंचकर उसे बधाइयां दे रहे हैं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिद्धू ने अपने माता-पिता और गांव का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

# भाड़ा मांगने पर टोटो चालक पर हमला, गर्दन पर चाकू से वार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में किराया मांगना एक टोटो चालक को महंगा पड़ गया। सवारी से विवाद के बाद टोटो समेत चालक पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परमा पंचायत के परमा गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक टोटो चालक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल चालक की पहचान रजनीश कुमार (पिताः मुन्ना सिंह) के रूप में हुई है, जो टोटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।



पीड़ित रजनीश कुमार ने बताया कि वह नारदीगंज से सवारी लेकर परमा गांव पहुंचे थे। सवारी उतरने के दौरान किराये को लेकर चालक और परमा गांव निवासी वार्ड संख्या-02 के वार्ड सदस्य उषा देवी के पति रामजन्म के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और हल्ला सुनकर रामजन्म के परिवार सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि सभी ने मिलकर टोटो चालक पर लोहे की रॉड और चाकू से हमला कर दिया। टोटो का सीसा फोड़ कर कई जगह क्षतिग्रस्त कर दिया गया । इस दौरान चालक की गर्दन पर चाकू से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान ईंटबाजी और फायरिंग की भी बात सामने आई है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नारदीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।

थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि रॉड और चाकू से हमला होने की बात की जांच की जा रही है। हालांकि, फायरिंग की सूचना को फिलहाल अफवाह बताया गया है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है और आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नेवारी के पुंज में लगी आग,अग्निशमन कर्मियों की मदद से बुझाई गई आग

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली अनुमंडल क्षेत्र के सिरदला प्रखंड अंतर्गत बड़गांव निवासी विकास कुमार के घर के समीप स्थित खलिहान में रखे धान के नेवारी के पुंज में अज्ञात कारणों से मंगलवार की सुबह लगभग 9:30 बजे आग लग गई। इस आगलगी के कारण आसपास में अफरा तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आगलगी की सूचना रजौली फायर स्टेशन को दी गई। फायर ऑफिसर रविंद्र राम के निर्देश पर प्रधान अग्निक सुरेन्द्र कुमार शर्मा, अग्निक चालक अरविंद कुमार, अग्निक आनंद कुमार दुबे, अग्निक राकेश कुमार और अग्निक उत्तम कुमार को अग्निशमन वाहन के साथ घटनास्थल पर भेजा गया। अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया, जिससे आसपास के खेत खलिहानों में रखे नेवारी व फसलें जलकर नष्ट होने से बच गई। इस आगलगी की घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन धान के नेवारी के पुंज में आग लगने से किसानों को



आग लगे पुंज पर काबू पाते अग्निशमनकर्मी

नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। वहीं सफलतापूर्वक अभियान पूरा कर लौटते समय अग्निशमन वाहन में तकनीकी खराबी आ गई और गाड़ी बीच रस्ते में ही ब्रेकडाउन हो गई, जिसे ठीक करके कार्यालय लाए जाने का प्रयास जारी है। रजौली फायर स्टेशन के फायर ऑफिसर रविंद्र राम ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन टीम को भेजा गया था और आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है। उन्होंने बताया कि अग्निशमन वाहन में तकनीकी खराबी आ गई है, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।

## शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने उठाया कड़ा कदम, हवालात पहुंचा जुल्मी हमसफर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** घरेलू हिंसा और नशे की लत ने एक हंसते-खेलते परिवार में इस कदर जहर घोल दिया कि आखिरकार एक विवाहिता को अपने ही सुहाग के खिलाफ कानून का दरवाजा खटखटाना पड़ा। रजौली थाना क्षेत्र के महसई मोहल्ले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है, जहां शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना के संबंध में पीड़िता अर्पणा कुमारी ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी, जिसमें उन्होंने अपने पति प्रदीप कुमार शर्मा सहित ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और जानलेवा हमला करने का गंभीर आरोप लगाया है।

अर्पणा ने अत्यंत भावुक होकर बताया कि उनका पति अक्सर शराब के नशे में घर आता है और छोटी-छोटी बातों पर उनके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। बीते सोमवार की दोपहर यह विवाद उस वक्त हिंसक हो गया जब नशे में धुत प्रदीप ने लाठी से अपनी पत्नी के सिर पर वार करने की कोशिश की, जिससे बचाव के दौरान पीड़िता के बाएं गाल पर काफी गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि उसके ससुराल वाले लंबे समय से दहेज और गाड़ी की



पुलिस गिरफ्त में शराबी पति

मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे और विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। इस पूरी भयावह घटना के गवाह पीड़िता के दो मासूम बच्चे बने, जिन्होंने अपने पिता को अपनी मां पर जुल्म ढाते देखा।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रंजीत कुमार ने पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आवेदन के आधार पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और एएसआई जयप्रकाश चौधरी को इस पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस प्रशासन के इस कड़े रुख ने समाज में यह कड़ा संदेश दिया है कि नशे की आड़ में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फिलहाल पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच कर रही है ताकि पीड़िता को पूर्ण न्याय मिल सके।

# रजौली पुलिस की बड़ी कामयाबी, 9 साल से फरार कुख्यात नक्सली जहानाबाद से गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** बिहार में नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे निरंतर अभियान में रजौली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। रजौली पुलिस ने नौ वर्षों से फरार चल रहे एक कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है, जो प्रतिबंधित नक्सली संगठन के शीर्ष कमांडर प्रद्युम्न शर्मा का करीबी सहयोगी माना जाता है। गिरफ्तार नक्सली की पहचान जहानाबाद जिले के परसबिगहा थाना क्षेत्र स्थित लाखापुर गांव निवासी शत्रुघ्न राम पिता-चंद्रदेव राम के रूप में हुई है।यह कार्रवाई रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार के सटीक दिशा-निर्देश पर गठित विशेष टीम द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा फरार चल रहे नक्सलियों के विरुद्ध सतत् अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नक्सली शत्रुघ्न राम को जहानाबाद जिले से गिरफ्तार कर लिया गया है,जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल अभियुक्त था।



थाना परिसर में गिरफ्तार नक्सली

- भानेखाप मुठभेड़ में था शामिल
- भानेखाप के जंगलों में पुलिस पर हमले का है आरोप

**भानेखाप के जंगलों में पुलिस पर हमले का है आरोपः-** यह पूरा मामला जुलाई 2017 का है, जब रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया पंचायत अंतर्गत भानेखाप के घने जंगली इलाकों में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी। तत्कालीन गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला था कि आईईडी एक्सपर्ट और कुख्यात नक्सली कमांडर प्रद्युम्न शर्मा अपने हथियारबंद दस्ते के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जंगल में छिपा हुआ है।जैसे ही पुलिस की टीम ने इलाके की घेराबंदी शुरू की, नक्सलियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि, पुलिस की जवाबी कार्रवाई और भारी दबाव को देखते हुए नक्सली पहाड़ियों और दुर्गम रास्तों का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे थे। इस घटना के बाद रजौली थाने में 15 नामजद और लगभग 30-35 अज्ञात नक्सलियों के विरुद्ध आईपीसी की संगीन धाराओं,आर्म्स एक्ट और कठोर यूएपीए एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**9 वर्षों का लंबा इंतजार और पुलिस की मुस्तैदीः-** घटना के बाद से ही शत्रुघ्न राम पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहा था और अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग ठिकानों पर शरण ले रहा था। पुलिस की विशेष टीम लगातार तकनीकी सर्विलांस और खुफिया तंत्र की मदद से उसकी तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि वह जहानाबाद क्षेत्र में सक्रिय है, जिसके बाद त्वरित छापेमारी कर उसे दबोच लिया गया। गौरतलब है कि इसी मामले में संलिप्त एक अन्य नामजद अभियुक्त किशोरी साव को पुलिस ने पिछले वर्ष 2025 में ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था।

**न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी :-** गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि पकड़ा गया नक्सली लंबे समय से वांछित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे संगठन की वर्तमान गतिविधियों और अन्य फरार साथियों के ठिकानों के बारे में गहन पूछताछ की है। पूछताछ के उपरांत बुधवार को आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा, जिसके बाद उसे कड़े सुरक्षा घेरे में नवादा व्यवहार न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जाएगा।


# भाड़ा मांगने पर टोटो चालक पर हमला, गर्दन पर चाकू से वार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में किराया मांगना एक टोटो चालक को महंगा पड़ गया। सवारी से विवाद के बाद टोटो समेत चालक पर चाकू और लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नारदीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परमा पंचायत के परमा गांव में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक टोटो चालक पर जानलेवा हमला किया गया। घायल चालक की पहचान रजनीश कुमार (पिताः मुन्ना सिंह) के रूप में हुई है, जो टोटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

पीड़ित रजनीश कुमार ने बताया कि वह नारदीगंज से सवारी लेकर परमा गांव पहुंचे थे। सवारी उतरने के दौरान किराये को लेकर चालक और परमा गांव निवासी वार्ड संख्या-02 के वार्ड सदस्य उषा देवी के पति रामजन्म के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और हल्ला सुनकर रामजन्म के परिवार सहित कई लोग मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि सभी ने मिलकर टोटो चालक पर लोहे की रॉड और चाकू से हमला कर दिया। टोटो का सीसा फोड़ कर कई जगह क्षतिग्रस्त कर दिया गया । इस दौरान चालक की गर्दन पर चाकू से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान ईंटबाजी और फायरिंग की भी बात सामने आई है, जिससे गांव में तनाव का माहौल बन गया।

स्थानीय ग्रामीणों ने घायल चालक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नारदीगंज में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नारदीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है।

थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि रॉड और चाकू से हमला होने की बात की जांच की जा रही है। हालांकि, फायरिंग की सूचना को फिलहाल अफवाह बताया गया है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल से कोई खोखा बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है और आवेदन प्राप्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन

## छात्रों को दी गई स्वास्थ्य और आयुर्वेद की जानकारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम' के तहत मंगलवार को कौआकोल प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर में एक दिवसीय आयुर्वेद जागरूकता अभियान एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य आयुष समिति बिहार (पटना) और जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी (नवादा) के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। शिविर में आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम शामिल हुई,जिसमें डॉ. उदयचन्द्र प्रसाद,डॉ. सोनी कुमारी,डॉ. माधुरी सीमा और डॉ. अफसाना परवीन ने उपस्थित रहकर छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण



किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। चिकित्सकों ने उपस्थित शिक्षकों,विद्यार्थियों और स्थानीय ग्रामीणों को आयुर्वेद के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने एक गंभीर विषय पर प्रकाश डालते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को मोबाइल का उपयोग कम करने की कड़ी सलाह दी। उन्होंने बताया कि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों में विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों के उत्पन्न होने की संभावना बढ़ रही है, जिसके प्रति अभिभावकों को सजग रहने की जरूरत है। इस मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार समेत शिक्षक अमन कुमार, विकास कुमार, दिलीप कांत महतो, वरुण कुमार, भास्कर कुमार, सोनू कुमार, आलोक चंद्रा, शिवम शुक्ला, रवि कुमार सहित छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# भाकपा माले का 12 वां एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**काराकाट /रोहतास।** प्रखंड मुख्यालय के भाकपा माले कार्यालय गोड़ारी में मंगलवार को भाकपा माले पार्टी के काराकाट प्रखंड का 12 वां। एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया । कार्यक्रम का उद्धघाटन मुख्य अतिथि काराकाट विधायक अरुण कुमार ने फीता काट कर किया । उद्धघाटन के सम्मेलन में मौजूद भाकपा माले के कार्यकर्ताओं को मुख्य अतिथि अरुण सिंह, पर्यवेक्षक राम किसुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि अवधेश सिंह, अध्यक्ष डॉ . विन्देश्वरी साह, सचिव राजेंद्र सिंह यादव ने प्रतिनिधि साथियों व कार्यकर्ताओं को अभिनंदन किया । काराकाट विधायक ने कहा कि हमारा सम्मेलन ऐसे समय मे हो रहा है जहां एक तरफ हमारे संविधान व रोजी-रोटी मान सम्मान के साथ-साथ तमाम अधिकारों को मोदी सरकार अपने फासीवादी तरीकों से हड़प लेना चाहती है। एक तरफ विद्रोह के स्वर को मनमानी ढंग से दबा देने की कोशिश जारी है। तमाम अधिकारों को औपनिवेशिक तरीके से छीन कर एक अधिकार कायम करना चाहती है. हमारे देश में नोटबंदी के बाद आई संकट रोजगार प्रभावित हुए। लाखों लोग भुखमरी के दायरे में आ गए। दूसरी तरफ जीएसटी ने छोटे मझौल व्यवसाई की कमर तोड़ डाली। आज उसी का नतीजा हमारे सामने खड़ा है कि महंगाई के चलते कमाने







खाने वाले करोड़ों आम नागरिकों का दैनिक हालत पतली हो गई है ।मोदी सरकार बनाम आरएसएस के द्वारा तमाम सार्वजनिक उपक्रमों को एक-एक करके पूंजीपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। अपने रेल की सवारी भारतीय से भी आज भी है, लेकिन अदानी रेल कभी नहीं देखी होगी आज अदानी रेल चल रही है। आज पूरे देश में भूमिहीनों दलित अल्पसंख्यक क्यों न्याय चाहने वाले लोगों के घरों को बुलडोजर के सहारे घर से बेघर किया जा रहा है। न्याय के लिए लड़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं लेखकों पत्रकारों को आज जेल जीवन बिताना पड़ रहा है ।मोदी के ऊपर टिप्पणी करने वाले गुजरात के दलित विधायक जिग्नेश मेवाड़ी को असम पुलिस पकड़ कर ले जाती है। हर तरह के विरोध सवार को दबाना मोदी सरकार का अपना मुख्य कार्य बन गया है। आज हमारे सामने लोकतंत्र विरोधी सरकार आजादी के अमृत महोत्सव मना रही है, दूसरी तरफ लोकतंत्र को बचाने वालों को रोजगार से वंचित कर देना चाह रही है। रोजगार के लिए लड़ने वाले युवाओं को पुलिस के बल पर उनकी आवाज को दबाने की कोशिश जारी है .अग्निपथ योजना इसका ताजा उदाहरण है। भाकपा माले के नेताओं ने सम्मेलन में अपनी अपनी बात रखी । मौके पर भाकपा माले के डॉ. श्याम सिंह, सुनील प्रजापति, डॉ . उपेंद्र सिंह, ललन प्रजापति, जालेंद्र सिंह, खोआ बाबा सहित कई थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में नदी किनारे लापता युवक का शव मिला, पानी में डूबने की आशंका

**नालंदा।** नालंदा में नदी किनारे एक युवक का शव मिला है। 9 मार्च से लापता था। आटा चक्की चलाने का काम करता था। मृतक की पहचान चंडी इलाके के रामचंद्र महतो के पुत्र(40) राजू कुमार के तौर पर हुई है। नगरनौसा थाना के रघुनाथपुर गांव की है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, मृतक मानसिक रूप से बीमार था। उसकी गुमशुदगी को लेकर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज थी। ग्रामीण रघुनंदन कुमार ने बताया कि गांव में आटा चक्की चला था। सोमवार(9 मार्च 2026) को घर से निकला था, उसके बाद नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ थानाध्यक्ष और एफएसएल (FSL) की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल के निरीक्षण और पुलिस की प्रारंभिक जांच में पानी में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है। हिलसा डीएसपी-शैलजा ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही सही कारणों का पता चलेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है। गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

### अफीम की खेती पर प्रशासन सख्त, ड्रोन की मदद से पहचान, फसल को किया नष्ट

**नालंदा।** नालंदा के परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अस्तुपुर गांव में पुलिस ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ एक कार्रवाई की है। यहां बड़े पैमाने पर लगी फसल को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। मद्यनिषेध विभाग, नालंदा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में तकनीक का भी सहारा लिया गया, जहां ड्रोन के जरिए पहले खेतों की स्थिति की पुष्टि की गई और फिर छापेमारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई की जानकारी देते हुए मद्यनिषेध विभाग के अधीक्षक लाला अजय कुमार सुमन ने बताया कि गुप्त सूचना मिलने के बाद विभाग ने हिलसा टीम को अलर्ट किया था। ड्रोन सर्वे में अफीम की खेती की पुष्टि होते ही वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम में हिलसा और सदर मद्यनिषेध टीम के साथ-साथ परवलपुर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। अभियान के दौरान दंडाधिकारी के रूप में पंचायत सचिव मनोरंजन कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई थी। छापेमारी दल ने सुबह करीब 10:30 बजे परवलपुर थाना पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ अस्तुपुर गांव में धावा बोला। यहां चिन्हित किए गए विभिन्न खेतों में लगभग 300 वर्ग फीट से लेकर 8 कट्ठा तक के क्षेत्र में अफीम की फसल लहलहा रही थी। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लगभग 11:50 बजे तक पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया, जबकि जांच के लिए नमूने के तौर पर कुछ मात्रा सुरक्षित रखी गई है। जांच और ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान इस अवैध धंधे में संलिप्त कई नामों का खुलासा हुआ है। स्थानीय पुलिस और विभाग ने अस्तुपुर निवासी नीतीश उर्फ तुलसी, अमीर, नरेंद्र महतो, वीरेंद्र महतो, अजय महतो, सत्येंद्र महतो और अरुण महतो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मद्यनिषेध विभाग ने स्पष्ट किया है कि नशे के इस कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही, विभाग ने आम जनता से भी अपील की है कि वे अपने आस-पास मादक पदार्थों की खेती या तस्करी से जुड़ी कोई भी जानकारी तत्काल पुलिस या मद्यनिषेध विभाग को दें, ताकि समय रहते सख्त कदम उठाए जा सकें।

### एलपीजी की कोई किल्लत नहीं:जिलाधिकारी ने दी जानकारी, कहा- अफवाह फैलाने- कालाबाजारी पर होगी कार्रवाई



**नालंदा।** नालंदा में रसोई गैस (एलपीजी) की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर आज जिलाधिकारी कुंदन कुमार और पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने संयुक्त समीक्षा बैठक की। कलेक्ट्रेट में आयोजित इस बैठक में तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों और गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त भंडार मौजूद है। आंकड़ों के अनुसार, आईओसीएल (IOCL) की 18 एजेंसियों के पास 4,501 सिलेंडर, बीपीसीएल (BPCL) की 27 एजेंसियों के पास 7,148 और एचपीसीएल (HPCL) की 09 एजेंसियों के पास 3,684 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर गैस की किल्लत को लेकर फैल रही भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही ऐसी अपुष्ट खबरों को साझा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि उपभोक्ता घबराहट (Panic) में आकर अनावश्यक बुकिंग न करें और केवल डिजिटल या अधिकृत माध्यमों से बुकिंग के बाद ही सिलेंडर हासिल करें। कालाबाजारी करने वालों से गैस खरीदने से बचने की भी सलाह दी गई है। गैस वितरण में आ रही किसी भी समस्या या कालाबाजारी की सूचना देने के लिए जिला प्रशासन ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। उपभोक्ता दूरभाष संख्या 06112-233168 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। एसपी भारत सोनी ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति गैस सिलेंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग में संलिप्त पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित विभिन्न तेल कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### माता-पिता, सीनियर सिटीजन की देखभाल कर्तव्य के साथ कानूनी अनिवार्यता

**नालंदा।** सीनियर सिटीजन के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मानजनक जीवन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर भवन में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नालंदा के तत्वावधान में 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के तहत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और नई पीढ़ी (Genz) के साथ उनके संबंधों पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता कॉमिक पुस्तिका (संवाद संस्करण) का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल केवल पारिवारिक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक कानूनी अनिवार्यता भी है। उन्होंने बताया कि 'माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' और बिहार नियमावली 2012 के तहत बुजुर्गों की संपत्ति, जान-माल और भरण-पोषण की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसी वरिष्ठ नागरिक को अपने जीवन या संपत्ति पर खतरा महसूस होता है या उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, तो वे सीधे अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) के समक्ष आवेदन दे सकते हैं। जिला प्रशासन ऐसे मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करता है। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि यदि किसी बुजुर्ग को उनके घर से बेदखल किया जाता है, तो उन्हें सरकारी या गैर-सरकारी वृद्धाश्रमों में आश्रय दिलाने के साथ-साथ भोजन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए अनुमंडल स्तर पर भरण-पोषण अधिकरण गठित हैं, जहाँ इन समस्याओं का निपटारा किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान 'बिहार गौरव दूत' की टीम ने मर्मस्पर्शी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को बुजुर्गों के प्रति संवेदनशील होने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे पंचायत स्तर तक इस योजना का प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक, पुलिस उपाधीक्षक (सुरक्षा) और सदर अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित बड़ी संख्या में वृद्धजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# गया के जंगलों में बड़ा ऑपरेशन, 625 किलो डोडा और देसी हथियार बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गया।** गया जिले के धनगई थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान चलाकर प्रतिबंधित मादक पदार्थ की बड़ी खेप बरामद की है। कार्रवाई के दौरान 625 किलोग्राम डोडा और एक देसी हथियार जब्त किया गया। हालांकि छापेमारी के दौरान कोई तस्कर पकड़ा नहीं जा सका। जानकारी के अनुसार सुरक्षा एजेंसियों को सूचना मिली थी कि धनगई थाना क्षेत्र के बरसुदी गांव के पास जंगल में भारी मात्रा में डोडा और हथियार छुपाकर रखा गया है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने इलाके की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान झाड़ियों और सुनसान स्थानों से भारी मात्रा में डोडा बरामद किया गया। इसके साथ ही एक देसी हथियार भी मिला। यह ऑपरेशन 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (SSB) के कार्यवाहक कमांडेंट रविशंकर कुमार के निर्देशन में चलाया गया। अभियान का नेतृत्व सहायक कमांडेंट सनोज राज कर रहे थे। इसमें SSB के साथ राज्य उत्पाद शुल्क विभाग, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) और जिला पुलिस की टीम शामिल रही। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके की बारीकी से जांच की गई, लेकिन किसी भी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। आशंका जताई जा रही है कि पुलिस की भनक लगते ही तस्कर मौके से फरार हो गए।

बरामद मादक पदार्थ और हथियार को धनगई थाना पुलिस को सौंप दिया गया है, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं और इस अवैध कारोबार से जुड़े नेटवर्क की तलाश की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे रैकेट का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## गया में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, घर से देशी कट्टा और कारतूस बरामद

**गुरुआ थाना पुलिस की कार्रवाई, गुप्त सूचना पर हुई छापेमारी**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गुरुआ,गया।** गया जिले के गुरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वर्मा में मंगलवार सुबह पुलिस ने अवैध हथियार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। आरोपी के घर से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

जानकारी के अनुसार गुरुआ थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम वर्मा निवासी मृत्युंजय पांडे अपने घर में अवैध हथियार छुपाकर रखे हुए है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मनेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को घर से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही मृत्युंजय पांडे को गिरफ्तार कर लिया और हथियार जब्त कर लिया। थाना प्रभारी मनेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि हथियार कहां से लाया गया और इसमें अन्य लोग शामिल हैं या नहीं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध हथियार और अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## गया में गैस सिलेंडर की किल्लत पर प्रशासन सख्त, 23 टीमें कर रहीं छापेमारी

**280 से अधिक शिकायतें मिलीं, घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए कमर्शियल सिलेंडर आपूर्ति पर अस्थायी रोक**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



गया। गया में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अशोक कुमार चौधरी ने बताया कि अब तक गैस सिलेंडर से जुड़ी करीब 280 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं। कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने जिले में 23 विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें विभिन्न क्षेत्रों में लगातार छापेमारी कर रही हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाना है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 68 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जो लगभग 7,83,374 उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि फिलहाल आपूर्ति में कमी बनी हुई है, हालांकि वितरण प्रक्रिया जारी है। प्रशासन ने राहत के तौर पर एक अहम फैसला लेते हुए फिलहाल कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर अस्थायी रोक लगा दी है। अधिकारियों के अनुसार यह कदम घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के लिए उठाया गया है। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि आने वाले एक सप्ताह के भीतर कमर्शियल गैस की आपूर्ति फिर से शुरू कर दी जाएगी और स्थिति सामान्य हो जाएगी। गैस संकट को लेकर प्रशासन की इस सख्ती को जरूरी कदम माना जा रहा है, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

# डीलरशीप का झांसा देकर साइबर ठगी, पांच शातिर गिरफ्तार, फर्जी अलॉटमेंट लेटर भेजते थे

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



नालंदा के कतरीसराय थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर बदमाशों के खिलाफ एक सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजगीर के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कतरपुर और गोरैया बिगहा गांवों से पांच शातिर साइबर ठगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। यह गिरोह एक संगठित सिंडिकेट के रूप में काम कर रहा था और आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर आम जनता को अपनी ठगी का शिकार बनाता था। पकड़े गए बदमाशों की पहचान शुभम कुमार उर्फ हिमांशु, प्रिंस कुमार, आदित्य राज, अमित कुमार और पीयूष कुमार के रूप में हुई है, जो कतरीसराय और सरमेरा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं।

**डीलरशीप का देता था झांसा:** राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह गिरोह मुख्य रूप से पेट्रोल पंप की डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाता था। शातिर अपराधी व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी अलॉटमेंट लेटर भेजते थे और फिर रजिस्ट्रेशन शुल्क व प्रोसेसिंग फीस के नाम पर मोटी रकम अपने खातों में ट्रांसफर करवा लेते थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इनके पास से 11 स्मार्टफोन, 2 की-पैड फोन, 4 फर्जी सिम कार्ड और सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में 89 पन्नों का विस्तृत डेटा शीट बरामद किया है, जिसमें संभावित शिकारों की जानकारियां दर्ज थीं। इसके अलावा साइबर ठगी से जुड़ी कई अन्य संदिग्ध सामग्रियां भी जब्त की गई हैं। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में अंचल निरीक्षक सुमंत कुमार, कत्तरीसराय थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार समेत मनीष कुमार, रुदल पासवान और संजय दास जैसे पुलिस अधिकारी शामिल थे।

पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों के खिलाफ कत्तरीसराय थाना में कांड दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार करते हुए गिरोह की कार्यशैली की विस्तृत जानकारी दी है।

♦ **फीस के नाम पर मांगते थे मोटी रकम**

**बदमाशों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी रहेगा जारी:** पुलिस ने इस बड़ी सफलता के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि साइबर बदमाशों के खिलाफ यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। साथ ही पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के ऑनलाइन लालच, फर्जी कॉल या संदिग्ध लिंक से सावधान रहें। पुलिस ने विशेष रूप से सचेत किया है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें, ताकि इस तरह के वित्तीय फ्रॉड से बचा जा सके।

# 24 घंटे में लापता छात्र बरामद, गयाजी के इस्कॉन मंदिर से मिला उज्जवल

**पुलिस की तत्परता से टली बड़ी आशंका**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**इमामगंज।** थाना क्षेत्र के कनौदा गांव से लापता सातवीं कक्षा के छात्र उज्जवल राज को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। बच्चे को गयाजी स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर से सुरक्षित पाया गया। समय रहते हुई इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली, वहीं पूरे इलाके में पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार, 14 मार्च को उज्जवल राज गांव के पास उजियार बहेरा विद्यालय के समीप अपने दोस्तों के साथ क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक लापता हो गया। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बच्चे के फूफा सुधीर कुमार ने अपहरण की आशंका जताते हुए इमामगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

मामला दर्ज होते ही पुलिस हरकत में आई और गया के एसएसपी सुशील कुमार के निर्देशन तथा इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू की गई। लगातार प्रयास के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि लापता बच्चा गयाजी में देखा गया है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने इस्कॉन मंदिर पहुंचकर बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

पूछताछ में उज्जवल ने बताया कि घर में पढ़ाई को लेकर डांट पड़ने से वह नाराज होकर घर छोड़कर चला गया था। पहले दिन वह रेलवे स्टेशन के पास रुका और बाद में इस्कॉन मंदिर पहुंच गया।

इस पूरे अभियान में इमामगंज थाना प्रभारी पावन कुमार की भूमिका अहम रही। उनके नेतृत्व में टीम ने लगातार दबिश बनाते हुए बच्चे को सुरक्षित बरामद किया। इस संबंध में इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार ने प्रेस भरत कर बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है और पूरे मामले की जांच जारी है। बच्चे के सुरक्षित मिलने की खबर मिलते ही परिजनों के साथ-साथ स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया।

# साइकिल सवार को ट्रक ने मारी टक्कर, पूजा कर लौट रहे थे बुजुर्ग

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गयाजी।** गयाजी शहर में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर दिखा। डेल्हा थाना क्षेत्र के प्रेतशिला–रामशिला मुख्य रोड पर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। घटना से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर हंगामा किया।

घायल बुजुर्ग की पहचान छोटकी नवादा निवासी 67 साल के जय प्रकाश के रूप में हुई है।वे रिटायर्ड कर्मचारी हैं। रोज की तरह मंदिर में पूजा-पाठ कर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और लहूलुहान हो गए। उनकी साइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पूजा की सामग्री सड़क पर बिखर गई।

घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए। लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**स्थानीय लोगों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी:** हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने सड़क जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलते ही डेल्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाकर जाम हटवाया गया।

पुलिस के अनुसार, जय प्रकाश पहले कार्टन और जूट मिल में काम करते थे और अब सेवानिवृत्त जीवन जी रहे थे। फिलहाल पुलिस फरार ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश में जुटी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। ताकि आरोपी की पहचान हो सके। इलाके में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है।

# नालंदा में साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक, कहा- बदमाशों के निशाने पर आपका मोबाइल, पुलिस ने युवाओं को सिखाए सुरक्षा के 'गोल्डन रूल्स'

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालंदा।** वर्तमान समय में तकनीक के बढ़ते प्रभाव के साथ-साथ साइबर अपराध के मामले भी देखे जा रहे है। इसी गंभीर विषय पर आम जनता और विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से नालंदा साइबर थाना की टीम की ओर से इनर व्हील क्लब की मदद से एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किसान कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर कुंती कुमारी, (SI) अबू तालिब अंसारी और प्रोग्रामर इंजीनियर निखिल आनंद ने साइबर ठगी के नए और खतरनाक तरीकों का खुलासा करते हुए लोगों को सतर्क रहने की कड़ी हिदायत दी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि साइबर बदमाश अक्सर हमारी छोटी-छोटी जानकारियों का इस्तेमाल कर हमें अपने जाल में फंसाते हैं।

**'लॉटरी फ्रॉड' के पीछे के पूरे तंत्र को समझाया:** सत्र को संबोधित करते हुए SI अबू तालिब अंसारी ने 'लॉटरी फ्रॉड' के पीछे के पूरे तंत्र को समझाया। उन्होंने बताया कि जब हम किसी शॉपिंग मॉल या स्टोर में अपना मोबाइल नंबर और व्यक्तिगत विवरण देते हैं, तो वहां मौजूद कुछ कर्मचारी मात्र कुछ रुपयों के लालच में वह डेटा साइबर अपराधियों को बेच देते हैं। अपराधी आपको 'लकी ड्रा' या 'पुरस्कार' का झांसा देकर फोन करते हैं और डिलीवरी चार्ज या कलर चॉइस के नाम पर किश्तों में हजारों-लाखों रुपये ठग लेते हैं। उन्होंने तकनीकी सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि व्हाट्सएप की 'ऑटो-डाउनलोड' सेटिंग और 'टू-स्टेप वेरिफिकेशन' का ऑन न होना आपके लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है। अपराधी अज्ञात 'APK' फाइल भेजकर आपके फोन का पूरा एक्सेस हासिल कर सकते हैं, जिससे बिना आपकी जानकारी के रात भर में बैंक खाता खाली हो सकता है।

महिला अधिकारी कुंती कुमारी ने सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के माध्यम से होने वाली ब्लैकमेलिंग के प्रति छात्राओं और युवाओं को आगाह किया। उन्होंने बताया कि अनजान व्यक्ति के वीडियो कॉल को रिसीव करना जोखिम भरा हो सकता है, क्योंकि अपराधी आपकी वीडियो रिकॉर्ड कर उसे एडिट करते हैं और फिर सामाजिक मान-प्रतिष्ठा का डर दिखाकर पैसे वसूलते हैं। उन्होंने 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे दावों को पूरी तरह फर्जी बताते हुए कहा कि कानून में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। यदि किसी के साथ ऐसी घटना होती है, तो उसे डरने के बजाय तुरंत अपने अभिभावकों या पुलिस से साझा करना चाहिए।

**मोबाइल में अनावश्यक ऐप्स रखने से बचें:** विशेषज्ञों ने सलाह दी कि अपनी जन्मतिथि, ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर जैसे विवरण कभी भी किसी अज्ञात व्यक्ति को न बताएं और मोबाइल में अनावश्यक ऐप्स रखने से बचें। यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है, तो सबसे पहले सिम कार्ड निकाल देना चाहिए ताकि डेटा का आदान-प्रदान रुक सके और तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना देनी चाहिए। पुलिस अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि जागरूकता और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचने का सबसे प्रभावी हथियार है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### काराकाट पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**काराकाट /रोहतास**। थाना क्षेत्र के बराडीह गांव में मंगलवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।पहले मामले में कांड संख्या 130/26 के तहत सतनारायण शर्मा के दोनों पुत्रों राजेश शर्मा और विकास कुमार शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वहीं, दूसरे मामले में कांड संख्या 131/26 के अंतर्गत स्वर्गीय अंग्रहित गुप्ता के पुत्र सुदर्शन गुप्ता और विश्वनाथ गुप्ता के पुत्र सुनील गुप्ता को भी हिरासत में लेकर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सभी आरोपी बराडीह गांव के ही निवासी बताए जा रहे हैं।घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने क्षेत्र में गश्त तेज कर दी है ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### घरेलू विवाद मारपीट मामले में चार लोग गिरफ्तार

**राजपुर**। स्थानिय पुलिस ने घरेलू आपसी विवाद को ले मारपीट मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थानाध्यक्ष उमुस सलमा ने बताया कि हब्बुपुर गांव में आपसी घरेलु विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है.जिसको लेकर दोनों पक्ष ने एक दुसरे के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाया है.मारपीट की घटना में दोनों पक्ष से लोग जख्मी हुए हैं.जिसको ले गांव निवासी स्वर्गीय रामायन राम के बेटा संतोष राम एवं संतोष का बेटा विक्रांत कुमार उर्फ सत्यवादी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया.वहीं दुसरे पक्ष के दल सज्जन राम के बेटा राजेश राम एवं उसके बेटा विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया.सभी को मेडिकल जांच के उपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया गया.

### नासरीगंज में 20 लीटर देसी शराब बरामद पुलिस पहुंचते ही कारोबारी फरार

**नासरीगंज/रोहतास**। नासरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटिम्हां में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 20 लीटर देसी शराब बरामद की है । हालांकि पुलिस की भनक लगते ही शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया । मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इटिम्हां गांव में अवैध रूप से देसी शराब का कारोबार किया जा रहा है । सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की । इस दौरान मौके से करीब 20 लीटर देसी शराब बरामद की गई,लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही कारोबारी भागने में सफल रहा । इस मामले को लेकर नासरीगंज थाना में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है । फरार कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है । थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान जारी है और जल्द ही फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### घरेलु गैस सिलेंडर उपयोग पर राजपुर प्रशासन ने किया बजार में छापेमारी




**राजपुर**। घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग पर स्थानिय प्रशासन ने सोमवार को स्थानिय बजार के कई दुकानों में छापेमारी की.जिस दौरान बजार में हडकंप मच गया.धडाधड दुकाने बन्द होने लगी.इस दौरान राजपुर एवं अमाडी बजार पर चार दुकानों से घरेलू सिलेंडर उपयोग होता पाया गया. जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि कई दुकानों में गैस सिलेंडर उपयोग का जांच किया गया.ज्यादातर दुकानों मे कोयला भट्ठी एवं विधि सम्मत उर्जा श्रोत पाया गया.छापेमारी के दौरान राजपुर बजार नासरीगंज रोड में रूस्तम अंसारी के बी फॉर यू चाय दुकान, संचालक अजित कुमार के नासरिगंज रोड स्थित फास्ट फूड जोन,पुरानी बजार स्थित संजय साह के पकौड़ी नमकीन दुकान एवं अमाडी बजार पर रामजी सिंह के अंडा दुकान में घरेलु गैस सिलेंडर उपयोग होता पाया गया.सभी संचालकों के विरूद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की करवाई सुनिश्चित कर दी गई है. मौके पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार राजपुर थानाध्यक्ष उमुस सलमा के साथ भारी संख्या में पुलिस बल के जवान न अन्य मौजूद रहे.

### कांग्रेस नेता के घर आयोजित हुई इफ्तार पार्टी



**सासाराम /रोहतास**। कोचस के रॉयल पैलेस में कांग्रेस पार्टी के कोचस नगर अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन राईन द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में रोज़ेदार, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बताया जाता है कि कांग्रेस नेता मोहम्मद नसरुद्दीन राईन पिछले कई वर्षों से इफ्तार पार्टी का आयोजन करते आ रहे हैं। इफ्तार पार्टी में शामिल लोगों ने रोज़ा खोला और देश-प्रदेश की अमन-शांति तथा खुशहाली के लिए अल्लाह से दुआएं मांगीं। इस मौके पर उपस्थित लोगों में कोचस कांग्रेस नगर अध्यक्ष मोहम्मद नसरुद्दीन राईन, जन्नत अंसारी, धीरज गुप्ता (जन स्वराज पार्टी एवं वैश्य समाज प्रवक्ता), वसीम अंसारी, शहजाद खान, जलील अंसारी, असगर अंसारी, बंटी अंसारी, मुन्ना राईन, महताब राईन, सोनू राईन, डब्लू अंसारी, सूरज सेठ (वैश्य समाज अध्यक्ष कोचस), रामप्रवेश, रविंद्र सिंह, राजेश सिंह, मुरारी ठाकुर, मुन्ना गुप्ता, उमेश केसरी, विकास यादव, लाल साहब यादव, मुन्ना यादव, सत्येंद्र सिंह यादव, मासूक खान, महताब आलम, इस्लाम अंसारी, शेर आलम, मेराज राईन तथा राजद नेता मकसूद आलम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने मिलकर भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस मौके मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### बिहार दिवस के अवसर प्रखंड स्तर प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर के बच्चें ने हमेशा की तरह अच्छा प्रदर्शन किया



**मानपुर**। गणित प्रतियोगिता में कर्ण कुमार, कक्षा - नवम,ने बालक वर्ग में प्रथम और गुड़िया कुमारी,कक्षा नवम् ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।चित्रकला में अभिलाष कुमारी ने प्रथम और सागर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में खुशी कुमारी ने प्रथम और प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।सभी बच्चे प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सम्मानित हुए और जिला स्तर के लिए चुने गए। प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, अपने बच्चों व शिक्षकों के साथ जारी रखेगें। वहीं वरिष्ठ शिक्षक मनीष तिवारी ने कहा कि वर्षों पूर्व मेहनत का परिणाम दिख रहा है,आगे हमारी कोशिश रहेगी कि और अच्छा करें।

# चोरी के मामले का हुआ उद्भेदन, भतीजा ही निकाला चोर, चाचा के घर में की थी चोरी

## भतीजा के घर से नगदी,गहना हथियार, जिंदा कारतूस बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**डेहरी ऑन सोन (रोहतास)**। रोहतास जिले के डालमिया नगर थाना क्षेत्र से है जहां पर चोरी के एक मामले का उद्वेदन हुआ तथा चोरी के समान के साथ हथियार और जिंदा कारतूस की बरामदगी सहित चोरों की भी गिरफ्तारी हुई है। डालमियानगर थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रभारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेहरी वन गौरव यादव ने बताया कि 16 मार्च को प्रयाग विगहा निवासी नागेंद्र सिंह उर्फ नंद सिंह ने स्थानीय थाने में अपने घर चोरी के मामले का आवेदन दिया जिसमें नगदी 4 लाख रूपये और लगभग 8 लाख रुपए के सोने के गहने ,पर्स आदि चोरी होने की बात कही।

इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर वादी नागेंद्र सिंह उर्फ नंद सिंह के भतीजे के घर की तलाशी ली गई जहां से चोरी के सभी गहने, पर्स जिसमें 24000 रुपए नगद, तथा देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। मौके से वादी का भतीजा (विधि विरुद्ध बालक) भागने लगा. उस बालक को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने चोरी की संलिप्तता स्वीकार की तथा उसने बताया कि चोरी के चार लाख रुपए मे एक लाख अपने खाते में डेहरी स्टेशन पर साइबर कैफे से जमा करवाया है तथा बाकी पैसे तीन लाख रुपया जिस ई रिक्शा से वापस आ रहा था मथुरि पुल के पास ई रिक्शा के चालक तथा उनके दो अन्य सहयोगियों ने तीन लाख रुपए छीन लिया है। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए ई रिक्शा चालक राजू कुमार रतु बीघा के रहने वाले तथा उनके एक सहयोग नीतीश कुमार मथूरी के रहने वाले को तीन लाख रुपए और ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। चोरी के इस मामले का सफल उद्वेदन करते हुए रुपए और गहनों की बरामदगी की गई। इस मामले में एक विधि विरुद्ध बालक को विधि अनुसार निरुद्ध किया गया तथा दो अभियुक्त राजू कुमार और नीतीश कुमार को गिरफ्तार करते हुए अन्य की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी एवं कार्रवाई की जा रही है।

# बीडीओ सह प्रभारी सीओ ने अंचल कर्मियों के साथ किया बैठक

## सभी जरूरी काम निपटाने का किया प्रयास




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**राजपुर**। राजपुर बीडीओ सह प्रभारी सीओ रविराज ने सोमवार को चल कर्मियों के साथ बैठक करके अंचल कार्यालय के सभी जरूरी कार्य के डॉक्यूमेंट का निरीक्षण किया. अंचलाधिकारी, रिवेन्यू ऑफिसर एवं पंचायत राजस्व कर्मचारी के हड़ताल से अंचल कार्यालय में उत्पन्न स्थिति को समझा. रैयतों समेत आम जनता के सभी जरूरी कार्यों को सम्बन्धित पंचायतों के अमीन,अंचल बड़ा बाबू डाटा अपरेटर एवं कार्यालय कर्मियों के सहयोग से निष्पादन करने का प्रयास किया.

प्रभारी अंचलाधिकारी ने बताया कि जाति आय, अवासीय प्रमाण पत्र, सीडब्लूजेसी, जमीनी विवाद, भूमी पैमाईस समेत सभी अति आवश्यक कार्यों को कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर किया जा रहा है. मौके पर अंचल कर्मी संदीप कुमार, पुटुस कुमार, राकेश कुमार, राजनन्दन कुमार,कारू चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे.

# समूह फ्रॉड में पति-पत्नी गिरफ्तार, भेजे गए जेल



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट /रोहतास**।थाना क्षेत्र के मोथा गांव में लंबे समय से चला आ रहा समूह फ्रॉड का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने एक ही परिवार के पति-पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गांव की ज्यादातर महिलाएं इसका शिकार हुईं। करीब 250 लोगों को ठगकर लाखों रुपये ऐंठ लिए गए।मोथा गांव निवासी महेंद्र पासवान की पत्नी रिंकू देवी ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। एफआईआर में बताया गया कि आरोपी उत्कर्ष माइक्रो फाइनेंस जैसे छोटे बैंकों से लोगों के आधार कार्डों का इस्तेमाल कर लोन निकालते थे। रिंकू देवी के आवेदन में ही 14 लाख रुपये के गबन का खुलासा हुआ।इनमें से शिवकुमार शाह के पुत्र राजू गुप्ता और उनकी पत्नी नीलम देवी को जांच के बाद गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष ने कहा कि दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। आरोपी परिवार ने 11 साल से सैत्य तरीके से ठगी की सिलसिला चलाया। पहले छोटे-मोटे लोन जमा कर लोगों का भरोसा जीता, फिर करोड़ों लेकर फरार हो गए। पहले भी सैकड़ों महिलाओं ने शिकायत की थी, लेकिन आरोपी फरार थे। अब वे पुलिस हिरासत में हैं।एसडीपीओ बिक्रमगंज सिंधु शेखर सिंह मामले की गहन जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अन्य आरोपी भी जल्द पकड़े जाएंगे और सख्त कार्रवाई होगी। फिलहाल एक पीड़ित के आधार पर दो गिरफ्तारियां हुई हैं।

# UGC कानून को खत्म करने के लिए एक दिवसीय धरना का आयोजन संपन्न

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट / रोहतास** । काराकाट प्रखंड मुख्यालय गोरारी की प्रांगण में मानवता सेवा संघ के बैनर तले एक कानून को वापस लेने आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू करने को लेकर के एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। धरना की अध्यक्षता मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे एवं कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रजनीकांत पांडेय ने किया । इस धारणा में भाग लेते हुए सैकड़ो लोगों ने यू सी जी रोलबैक आरक्षण का आधार आर्थिक हो करणार बुलंदी से लगाए।

धारणा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे ने कहा कि जहां देश में आपस में भाईचारा बनाने सामाजिक स्थापित करने का राग अलापा जाता है वहीं एक षड्यंत्र के तहत केंद्र सरकार ने पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में भी भेद भाव की घोल घोलकर विवाद पैदा कर दिया। तो वही मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुड्डू उपाध्याय ने कहा कि जब तक यूजीसी जैसे काले कानून वापस नहीं हो जाते तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा। मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय सचिव अखिलेश तिवारी ने कहा कि हम जिसे बनाते हैं उसे बिगड़ना भी जानते हैं अगर हमारे बच्चों के साथ भेदभाव किया गया तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

मानवता सेवा संघ के महासचिव दशरथ मिश्रा ने कहा कि हिंदू राष्ट्र बनाने वाली सरकार जात-पात फैला करके समाज को तोड़ना चाहती है जिससे सावधान रहना होगा। धरना को संबोधित करते हुए रोहतास जिला मुखिया संघ अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी परिवार में जन्म लेने वाला बच्चा कभी अपराधी नहीं हो सकता और केंद्र सरकार ने बच्चों में भेदभाव पैदा करके बहुत बड़ा अपराध किया है जिसे क्षमता नहीं किया जा सकता। तो वही यद यू नेता आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी गलत कानून अगर बनाया जाता है तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे। धारणा को दर्जनों लोगों ने संबोधित किया और कहां की किसी भी हालत में सरकार को यूजीसी कानून रोलबैक करना होगा नहीं तो यह लड़ाई आंदोलन में बदलेगी जिसका सारा जवाब दे ही केंद्र सरकार की होगी। मानवता सेवा संघ के प्रतिनिधि मंडल ने एक ज्ञापन लिख करके काराकाट विकास पदाधिकारी राहुल कुमार को ज्ञापन भेंट किया ज्ञापन देते हुए प्रतिनिधि मंडल ने विकास पदाधिकारी से ज्ञापन को बढ़िया अधिकारी एवं सरकार तक भेजने का आग्रह किया प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार ने धरनाथियों को आश्वासन दिया कि आपकी मांग को हम अपने माध्यम से सरकार एवं वरिय अधिकारी को भेजने का काम करेंगे मौके पर अजय कुमार पाठक, पप्पू पाण्डेय, अशोक पांडेय, कृष्ण सिंह, रौश चौबे ,बलिराम ओझा,बैजनाथ सिंह ,दीपक पाण्डेय ,संतोष उपाध्याय, सोनू कुमार ,रामजी पाण्डेय उर्फ बड़क बाबा,रामचंद्र दुबे ,प्रेमरंजन तिवारी ,रजनी कान्त तिवारी ,श्रीधर तिवारी , शशि भूषण तिवारी, इत्यादि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई और निर्णय लिया गया कि अगला धरना हम लोग अनुमंडल स्तरीय बिक्रमगंज में करेंगे।

# बिजली चोरी के विरुद्ध सख्त अभियान, बारह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज /रोहतास**। बिजली चोरी की रोकथाम, राजस्व संग्रहण तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा लगातार विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों, कनीय विद्युत अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मियों की संयुक्त टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सघन छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान प्रखंड दिनारा एवं संझौली में कई उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि कुछ उपभोक्ता मीटर को बाईपास कर सीधे लाइन से बिजली ले रहे थे, जबकि कुछ मामलों में मीटर से छेड़छाड़ कर अनियमित खपत दर्ज की जा रही थी। कार्रवाई के तहत दिनारा प्रखंड के भुई पंचायत के सेमरीडिह निवासी बाल्मीकि सिंह पर 23872, मनोज सिंह पर 21181, अशोक सिंह पर 39161, हरिमुनी सिंह पर 23809 तथा सुभाष सिंह पर 4562 का जुर्माना लगाया गया। वहीं संझौली प्रखंड के राजाडीह निवासी लालबाबू चौधरी पर 13158, खेतलपुर के शिव कुमार सिंह पर 49213, संगीता देवी पर 25076, लक्ष्मण सिंह पर 84274 तथा बिना बिजली कनेक्शन लिए बिजली चोरी करने को लेकर सेमरीडिह के हीं लक्ष्मण सिंह पर 40439, राजाडीह के रंगलाल चौधरी पर 16808 एवं मिथिलेश सिंह पर 29322 का दंड अधिरोपित किया गया है। सभी मामलों में संबंधित लोगों के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कनीय विद्युत अभियंता दिनारा विकास कुमार एवं संझौली के प्रमुदित रंजन पटेल ने बताया कि बिजली चोरी से विभाग को भारी राजस्व हानि होती है, जिससे विद्युत व्यवस्था प्रभावित होती है। विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें, समय पर बिल का भुगतान करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना विभाग को दें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का लक्ष्य प्रत्येक उपभोक्ता को सुरक्षित, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है।

# बिक्रमगंज थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की अहम बैठक आयोजित



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज /रोहतास** : मंगलवार को बिक्रमगंज थाना परिसर में अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की अहम बैठक आयोजित की गई । बैठक की संयुक्त अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार और एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने की । बैठक में अनुमंडल मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों से विभिन्न विभागों के अधिकारी,जनप्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि,समाजसेवी,डीजे संचालक,शांति समिति के सदस्य और पूजा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए । बैठक के दौरान दोनों पर्वो को देखते हुए क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने अपने-अपने इलाकों से जुड़ी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा । उपस्थित लोगों ने विशेष रूप से पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने,सभी थाना क्षेत्रों में लगातार पुलिस गश्ती बढ़ाने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने की मांग की । इसके साथ ही शहर और बाजार क्षेत्रों में बेहतर लाइटिंग व्यवस्था,साफ- सफाई की समुचित व्यवस्था तथा स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों को मजबूत रखने जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया गया । लोगों ने कहा कि पर्व के दौरान भीड़-भाड़ को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े । बैठक में मौजूद वरीय अधिकारियों ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा कि पर्व के दौरान किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी । इसके अलावा शराब पीकर उत्पात मचाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी । प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने या भ्रामक जानकारी साझा करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई । एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी जैसे पर्व समाज में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हैं । प्रशासन की प्राथमिकता है कि दोनों त्योहार शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हों । इसके लिए सभी विभागों को अलर्ट कर दिया गया है और सरकार की गाइडलाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा । वहीं एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी । सभी थाना क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी । यदि कोई व्यक्ति कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई की जाएगी । बैठक के अंत में अधिकारियों ने सभी जनप्रतिनिधियों,समाजसेवियों और शांति समिति के सदस्यों से प्रशासन का सहयोग करने तथा लोगों के बीच आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की ।

# ईद, चैती छठ व रामनवमी को लेकर करगहर थाना में शांति समिति की बैठक, प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**: आगामी ईद, चैती छठ व रामनवमी पर्व को लेकर मंगलवार को करगहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी तथा दोनों समुदायों के गणमान्य लोग शामिल हुए और पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि सभी लोग मिल-जुलकर पर्व को भाईचारे और आपसी सद्भाव के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। वहीं रामनवमी के अवसर पर जुलूस निकालने वाले आयोजकों को प्रशासन से पूर्व अनुमति यानी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने कहा कि पर्व के दौरान पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। ईद और रामनवमी के अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

बैठक के दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र की स्थिति और संभावित समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली गई। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि पर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, जग नारायण पासवान, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पूर्व प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुखिया राजू सिंह, पूर्व जिला पार्षद शकील अहमद, मुखिया प्रतिनिधि विरेन्द्र कुमार सिंह उर्फ मिथलेश सिंह, मुखिया प्रतिनिधि लाल बाबू कुमार, पूर्व मुखिया मुश्ताक अंसारी, सरपंच राकेश कुमार मंटू, सरपंच प्रतिनिधि संतोष यादव, सुदामा प्रजापति, प्रखर वक्ता धन्नंजय पांडेय उर्फ टाइगर बाबा, बच्चा सिंह यादव, खलीफा सनौवर राइन सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मिलेट्स मैगी

**भागलपुर**। बीएयू सबौर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय किसान मेला सोमवार से शुरू हुआ। मेले में बीएयू के कार्यों, भविष्य की योजना और उपलब्धियों पर भी चर्चा हुई। कृषि संस्थानों, निजी कंपनियों, स्वयं सहायता समूहों और उद्यमियों द्वारा उन्नत कृषि तकनीक, कृषि यंत्र, बीज और कृषि उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है। 150 से अधिक स्टॉलों पर फूल, फल और सब्जियों की आकर्षक प्रदर्शनी लगी है। ब्लूबेरी, लाल पत्ता गोभी, स्ट्रॉबेरी, बैंगनी पत्ता गोभी सहित कई तरह के फूल और पौधों की प्रदर्शनी लगाई गई है। किसान मेले और डिजिटल एग्रीकल्चर विषय पर सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मेलों में किसानों को नई तकनीक, उन्नत बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारियां मिलती हैं। ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो। विधान परिषद सदस्य अनामिका सिंह ने कहा कि बीएयू राज्य में कृषि विकास का महत्वपूर्ण केंद्र है। किसानों को नई तकनीकों और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने की जरूरत है। बीएयू के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने कहा कि किसान मेले का उद्देश्य किसानों और वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना है। इस बार किसान मेले का मुख्य विषय दलहन-तिलहन उत्पादन में वृद्धि कर पोषण एवं खाद्य सुरक्षा निर्धारित करना है। मंगलवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और कृषि मंत्री राम कृपाल यादव भी आएंगे। डीन एके साह ने कहा कि देश के 90 लाख किसान तकनीक से जुड़ेंगे। कृषि क्षेत्र में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जाएगा। देश में 8 करोड़ लोग मोबाइल का इस्तेमाल कर रहे हैं। बीएयू के सामुदायिक रेडियो स्टेशन एफएम ग्रीन के श्रोताओं को अतिथियों ने रेडियो सेट बांटे। मौके पर अडानी पावर लिमिटेड पीरपैंती के उपाध्यक्ष राजीव गोयल, पूर्णिया विवि के कुलपति डॉ. विवेकानंद सिंह, एलएमएनयू के कुलपति डॉ संजय कुमार चौधरी, बीएनएमयू व टीएमबीयू के कुलपति डॉ. बिमलेंदु झा, शोध निदेशक एके सिंह, बीज एवं प्रक्षेत्र निदेशक डॉ फिजा अहमद सहित अन्य मौजूद थे। 22% बीज यहीं से जाता है कुलपति ने बताया कि देश में होने वाले न्यूक्लियस बीज शोध का करीब 22 प्रतिशत बीज विश्वविद्यालय से जाता है। तिल, अलसी और चना की कई किस्मों में भी विवि अग्रणी है। नौ राज्यों में यहां से बीज भेजे जाते हैं। राज्य की 14 करोड़ आबादी को पर्याप्त तेल और दलहन उपलब्ध कराने पर भी विवि में काम हो रहा है।

### टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर-5 के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप अब विवि की गाइडलाइन से होगी

**भागलपुर**। टीएमबीयू में स्नातक सेमेस्टर-5 के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप अब विवि द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार कराई जाएगी। इसके लिए विवि स्तर पर एक समन्वय सेल बनाया जाएगा, जो यह तय करेगा कि विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों की इंटर्नशिप कॉलेज किस प्रकार कराएंगे। इस संबंध में कुलपति प्रो. बिमलेंदु शेखर झा ने डीएसडब्ल्यू को आवश्यक निर्देश दिया है। सोमवार को कुलपति आवासीय कार्यालय में कुलपति की अध्यक्षता में मुख्यालय के सभी कॉलेजों के प्राचार्यों, विवि अधिकारियों, परीक्षा नोडल तथा इंटर्नशिप नोडल अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने कहा कि इंटर्नशिप से जुड़ी गाइडलाइन सेमेस्टर-4 में ही तय हो जानी चाहिए, ताकि सेमेस्टर-5 में कॉलेज निर्धारित नियमों के तहत इंटर्नशिप शुरू करा सकें। कुछ कॉलेजों ने विभिन्न संस्थानों के साथ इंटर्नशिप के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) कर लिया है। इस पर कुलपति ने डीएसडब्ल्यू डॉ. अर्चना साह को ऐसे कॉलेजों से इसकी विस्तृत रिपोर्ट मंगाने का निर्देश दिया और कहा कि विवि अलग से गाइडलाइन जारी करेगा। साथ ही जिन कॉलेजों ने अभी इंटर्नशिप शुरू नहीं कराई है, उन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। कुलपति ने यह भी स्पष्ट किया कि इंटर्नशिप ग्रीष्मावकाश के दौरान कराई जाएगी, जैसा कि नियमों में निर्धारित है। विवि द्वारा इंटर्नशिप के लिए एक निश्चित शुल्क दर भी तय की जाएगी। बैठक में सीबीसीएस प्रणाली के तहत एमजेसी, एमआई और एमडीसी में एक ही प्रकार के विषय लेने की गड़बड़ी का मुद्दा भी उठा, जिस पर कॉलेजों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि आगे ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अलावा कुलपति ने परीक्षा नियंत्रक को नई शिक्षा नीति (एनईपी) और राजभवन की गाइडलाइन पर एक कार्यशाला आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही राजभवन के सीबीसीएस निर्देशों का पालन नहीं करने वाले प्राचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की बात कही गई। मौके पर कुलसचिव डॉ. रामाशीष पूर्वे सहित अन्य मौजूद थे।

### मारवाड़ी कॉलेज में शैक्षणिक सदन बनेगा, भूमि पूजन हुआ

**भागलपुर**। मारवाड़ी कॉलेज में सोमवार को रूसा 2.0 योजना के तहत पुस्तकालय भवन के पास शैक्षणिक सामान्य सदन निर्माण के लिए भूमि पूजन हुआ। टीएमबीयू के कुलपति प्रो. विमलेंदु शेखर झा, एलएनएमयू दरभंगा के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी, प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा और कुलसचिव प्रो. रामाशीष पूर्वे ने शिलान्यास किया। भूमि पूजन के बाद कॉलेज में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के स्वयंसेवकों के अनुरोध पर अतिथियों ने हर्बल गार्डन में पौधरोपण किया। कार्यक्रम के तीसरे सत्र में सांस्कृतिक समारोह में अतिथियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्राचार्य प्रो. संजय कुमार झा ने कुलपति से महाविद्यालय के सामने स्थित स्टेडियम को कॉलेज को सौंपने का अनुरोध किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इसे बिहार के एक मॉडल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाएगा। सिंडिकेट सदस्य मृत्युंजय सिंह गंगा, टीएनबी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दीपू महतो, डॉ. रंजना, डॉ. अवधेश रजक, सज्जन किशोरपुरिया और डॉ. संगीत कुमार सहित कई शिक्षक व विश्वविद्यालय अधिकारी उपस्थित रहे। सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष डॉ. स्वास्तिका दास के नेतृत्व में राहुल व अन्य छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी डॉ. आशीष कुमार मिश्रा ने किया।

### 68 जगहों पर छापा, 11 सिलेंडर जब्त

**बेगूसराय**। एलपीजी गैस की कमी के अफवाहों ने जिले के कालाबाजारियों को शह दे दी है। जिसके कारण जिले में एलपीजी की कृत्रिम कमी उत्पन्न हो गई है। स्थिति यह है कि पहले जहां जिले में 8000 बुकिंग होता था अभी 12 हजार से अधिक बुकिंग हो रही है। जिसके कारण लोगों को गैस सिलिंडर मिलने में तय समय से अधिक समय लग रहा है। एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का अफवाहों को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी सख्त रुख अपनाया है। इसको लेकर सोमवार को जिले भर में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बेगूसराय के नेतृत्व में साईं मंदिर के पीछे स्थित एक संदिग्ध ठिकाने पर औचक छापेमारी की गई, जहां से 11 गैस सिलेंडर बरामद किया गया। कालाबाजारी को लेकर जिला प्रशासन ने जिला कंट्रोल रूम बनाया है। साथ ही इसके लिए 06243450626 नंबर जारी कर किसी भी गड़बड़ी की सूचना देने को कहा है। ताकि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा सके। ज्ञात हो कि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, बेगूसराय के नेतृत्व में साईं मंदिर के पीछे स्थित एक संदिग्ध ठिकाने पर औचक छापेमारी में 11 गैस सिलेंडर बरामद किया गया। यह छापेमारी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं मंदिर के पीछे श्रवण कुमार के आवास पर की गई। प्रशासन को सूचना मिली थी कि उक्त स्थल पर अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का जमा किया गया है। आरोपी श्रवण कुमार के विरुद्ध स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग पर कार्रवाई होगीः डीएम ने कहा है कि सरकार ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी एक आवश्यक वस्तु है। इसका दुरुपयोग जन-जीवन एवं सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। इसलिए बड़े सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में अवैध गैस रिफिलिंग, निर्धारित दर से अधिक मूल्य वसूलना, , बिना प्राधिकरण के खाली सिलेंडर, वाल्व अथवा रेगुलेटर बेचना तथा घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग जैसे कृत्यों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इन दिनों लोगों के मोबाइल पर डिलीवरी का मैसेज पहले आ जा रहा है। लेकिन गैस सिलिंडर नहीं मिल पाता है। कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर विशेष टीमों का गठन अफवाहों को देखते हुए डीएम और एसपी के संयुक्त आदेश पर जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों में संभावित जमाखोरी और कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर विशेष टीमों का गठन किया गया।

# 105 पैक्स बने ई-पैक्स, किसानों को समितियों में मिलेंगी डिजिटल सर्विस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका**। बांका में किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समितियाँ) का तेजी से डिजिटलीकरण किया जा रहा है।पहले चरण के लक्ष्य को पूरा करते हुए, जिले के कुल 189 पैक्सों में से 105 को ई-पैक्स घोषित किया गया है।इन ई-पैक्स में अब सभी प्रकार के वित्तीय लेन-देन ऑनलाइन दर्ज किए जा रहे हैं, और जल्द ही यहाँ सरकारी साइबर कैफे जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ई-पैक्स के रूप में विकसित की गई इन समितियों में कंप्यूटर सहित आवश्यक बुनियादी ढांचा स्थापित किया गया है। इनके सुचारु संचालन के लिए पैक्स प्रबंधकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इन ई-पैक्स के प्रबंधन और संचालन की जिम्मेदारी इन्हीं प्रशिक्षित प्रबंधकों को सौंपी गई है।

**अधिकांश पैक्सों में कंप्यूटरीकरण का कार्य पूराः** जिले के सभी पैक्सों को स्मार्ट और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के लिए यह डिजिटलीकरण अभियान चलाया जा रहा है। पहले चरण में 105 पैक्सों को इसके लिए चिह्नित किया गया था। यह कार्य पिछले दो वर्षों से चल रहा था, लेकिन पिछले वर्ष कुछ पैक्सों के डिफाल्टर होने और कई स्थानों पर प्रशिक्षण न हो पाने के कारण प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। अब अधिकांश पैक्सों में कंप्यूटरीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

**189 पैक्सों को कंप्यूटरीकृत करने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया थाः** जिले के सभी 189 पैक्सों को कंप्यूटरीकृत करने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था, जिसे स्वीकृति मिल गई है। इसके तहत संबंधित पैक्सों में कंप्यूटर और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। कंप्यूटरीकरण के बाद कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। अब तक 105 पैक्सों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, और शेष पैक्सों का रजिस्ट्रेशन भी जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है।

**किसानों को कई डिजिटल सेवाएं मिलेंगीः** ई-पैक्स बनने के बाद इन समितियों में किसानों को कई डिजिटल सेवाएं मिलेंगी। इनमें बीमा, आधार सुधार, ई-केवाईसी, विभिन्न प्रकार के रजिस्ट्रेशन और अन्य सरकारी सेवाएँ शामिल हैं। इससे किसानों को अब छोटी-छोटी सेवाओं के लिए साइबर कैफे या वसुधा केंद्र जाने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपनी सहकारी समिति में ही इन सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके अतिरिक्त, इन कदमों से पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी, जिससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

## मायागंज में नवजात बच्ची की मौत



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर**। भागलपुर के मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए नवजात बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरते का आरोप लगाया है। प्रशासन से दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के गनगनिया गांव निवासी सुनैना देवी को रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने रेफरल अस्पताल में एडमिट कराया। जहां बेटी को जन्म दिया। कुछ देर बाद बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी। रेफरल अस्पताल से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

**सही से इलाज नहीं मिलने पर गई जानः** परिजनों का आरोप है कि बच्ची की हालत गंभीर थी, उसे नवजात गहन चिकित्सा कक्ष(एनआईसीयू) में भर्ती करने की जरूरत थी। मायागंज पहुंचने पर स्टाफ ने बेड खाली नहीं होने की बात कही। बच्ची को सिर्फ ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया। उसे समुचित इलाज नहीं मिल सका। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही गांव के लोग अस्पताल पहुंचे। अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय पर बच्ची को एनआईसीयू में भर्ती कर उचित इलाज दिया जाता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। वहीं, इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन पर संपर्क नहीं हो सका।

# जलस्तर नीचे, लोगों को पानी की किल्लत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर के जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत वार्ड संख्या-8 में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। मोहल्ले में लगा एकमात्र चापाकल लंबे समय से खराब पड़ा हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को लिखित आवेदन सौंपकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीण रामविलास मंडल ने बताया कि चापाकल खराब होने के कारण उन्हें दूर-दराज के इलाकों से पानी लाना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इस समस्या से अधिक कठिनाई हो रही है। सुबह से ही पानी के इंतजाम में लगना पड़ता है, जिससे रोजाना का काम भी प्रभावित हो रहा है। सीता देवी ने बताया कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही स्थिति और गंभीर हो गई है। जलस्तर में गिरावट के कारण आसपास के अन्य जल स्रोत भी पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे में लोगों के सामने पेयजल की भारी किल्लत उत्पन्न हो गई है।

**ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आवेदन दियाः** सुधीर ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मौखिक रूप से सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लगातार अनदेखी से परेशान होकर अंत में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आवेदन देकर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होने के कारण लोगों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है।

# एलपीजी गैस की किल्लत नहीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर**। भागलपुर में एलपीजी गैस की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था को लेकर सोमवार को समाहरणालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने की। इस मौके पर अलग-अलग गैस एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रबंधक और संबंधित कंपनियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिले में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध है। सभी एजेंसियों को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। गैस बुकिंग कराने के बाद धैर्य रखें। बुकिंग नंबर लगने के बाद निर्धारित समय के अंदर होम डिलीवरी कर दी जाएगी। इसके लिए एजेंसियों को भी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

**कड़ी कार्रवाई की चेतावनीः** जिलाधिकारी ने एजेंसियों को यह भी निर्देश दिया कि गैस वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखें। उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से एजेंसी के चक्कर न लगाने पड़ें। अगर किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत की जांच पाई गई सही, जविप्र दुकानदार और एमओ की संलिप्तता उजागर



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। कुर्साकांटा के डुमरिया पंचायत में आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण श्रवण कुमार ततमा ने जन वितरण प्रणाली की दुकान से प्रति व्यक्ति कम अनाज मिलने की शिकायत की गई थी। प्रत्येक माह प्रति व्यक्ति चार किलो के दर से अनाज दिए जाने की शिकायत की गई थी जिसके आलोक में डीएम विनोद दूहन ने सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को जांच कर रिपोर्ट सुपुर्द करने को कहा गया था। मामले को लेकर सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी धनेश्वर कुमार ने जांच की और उसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी समेत जिला आपूर्ति पदाधिकारी,उप निदेशक खाद्य प्रमंडल पूर्णिया आदि को भेजी जांच रिपोर्ट में उपभोक्ताओं के आरोप को स्थलीय जांच सहित उपभोक्ताओं से पूछताछ के आधार पर सही पाया गया और जन वितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा प्रति व्यक्ति कम अनाज दिए जाने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट में जनवितरण प्रणाली के दुकानदार द्वारा कम अनाज दिए जाने में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की सहभागिता और संलिप्तता को भी जिम्मेवार करार दिया गया है। जिसके आधार पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेता के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के खिलाफ स्पष्टीकरण के साथ विधि सम्मत कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। जांच रिपोर्ट में बताया गया कि 12 मार्च को कुर्साकांटा के डुमरिया पंचायत के जनवितरण प्रणाली विक्रेता हरिलाल ततमा अनुज्ञप्ति संख्या 44के/16 एफपीएस 120900100767 से संबद्ध 11 लाभुकों का लिखित बयान दर्ज किया गया तथा करीबन सौ कार्डधारियों से मौखिक जानकारी में विक्रेता हरिलाल ततमा द्वारा प्रत्येक माह 4 किलोग्राम की दर से ही खाद्यान्न दिए जाने की बात कही गई।इतना ही नहीं रिपोर्ट में पंचायत के अन्य विक्रेताओं के द्वारा भी प्रति व्यक्ति चार किलोग्राम खाद्यान्न दिए जाने की बात रिपोर्ट में कही गई। जांच रिपोर्ट में लाभुकों के द्वारा एमओ से दर्जनों बार शिकायत करने के बावजूद एमओ द्वारा जांच के नाम पर महज खानापूर्ति करने और विक्रेता द्वारा खुलेआम एमओ को पैसे देने की बात कही गई है। सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने पाने रिपोर्ट में कहा है कि स्थलीय जांच में विक्रेता की दुकान कार्यावधि में खुले होने विक्रेता की अनुपस्थिति में उनके नोमनी पुत्र द्वारा खाद्यान्न वितरण करने की बात कही गई। दुकान के बाहर सूचना एवं मूल्य प्रदर्शन पट्ट के संधारित नहीं पाया गया। विक्रेता के दुकान में भंडारित खाद्यान्न ई पॉश के अनुसार सत्यापन पर चावल के 5.57 क्विंटल तथा गेहूं 0.41 क्विंटल कम पाया गया।कार्रवाई दुकान पर मौजूद 50 लाभुकों के बीच किए जाने की बात कही गई है और एक स्वर में सभी लाभुकों द्वारा 4 किलो के दर से अनाज दिए जाने को स्वीकार किया गया। जांच रिपोर्ट में सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अपने समक्ष सभी लाभुकों को पांच किलो के दर से अनाज का वितरण करवाने के साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित 2 किलो गेहूं और 3 किलो चावल प्रति व्यक्ति दिए जाने को निर्देशित किए जाने की बात कही गई है।

## अज्ञात चारपहिया वाहन ने बाइक सवार मां बेटे को मारी टक्कर, गंभीर रूप से हुए जख्मी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया**। फारबिसगंज अररिया मुख्य सड़क मार्ग एनएच 27 में सिमराहा थाना क्षेत्र के बारा ओवरब्रिज के पास मंगलवार को अज्ञात चार पहिया वाहन के द्वारा बाइक पर सवार मां बेटे को टक्कर मारकर फरार हो गया। हादसे में मां और बेटा बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायल मां और बेटे को उठाकर ग्रामीण चिकित्सक सुबोध कुमार के पास ले गया और उनका प्राथमिक इलाज कराते हुए मरहम पट्टी करवाया। घायल की शिनाख्त नरपतगंज प्रखंड के फुलकाहा के हनुमाननगर निवासी भाजपा नेता सत्यवान मालाकार के चचेरे भाई अमरदीप मालाकार एवं उनकी चाची अनीता देवी के रूप में की गई।जो फुलकाहा हनुमाननगर से अररिया किसी काम से जा रहे थे। पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार फरार हो गया। जानकारी मिलने के बाद भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल मौके पर पहुंचे और उनके परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद घटनास्थल पर परिजन पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए उन्हें अररिया लेकर गए।

## राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ की ओर से दावते इफ्तार का किया गया आयोजन

**अररिया**। राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ की अररिया जिला इकाई की ओर से फारबिसगंज के एक निजी होटल में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया।यह आयोजन राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पूर्वे तथा प्रखंड सचिव तौशिफ रेजा की ओर से दिया गया,जिसमें मजहब की दीवार टूटती नजर आई और बड़ी संख्या में हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया।

मौके पर राजद व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अमित पूर्वे ने कहा कि रमजान का महीना सिर्फ रोजा रखने का नहीं,बल्कि यह महीना सब्र,परहेज और इंसानियत की राह पर चलने के लिए तालिम देता है।

**मथुरापुर और शंकरपुर स्टेशनों के बीच प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट को बंद किए जाने की सूचना**

**सीतारामपुर-झाझा खंड में मथुरापुर और शंकरपुर स्टेशनों** के बीच किमी.308/31-309/01 पर (हावड़ा से) प्रहरीयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 24/सी/ई (इंटरलॉक्ड) को **दिनांक 23.03.2026 से** सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। सड़क यातायात को एप्रोच 6.00 मीटर चौड़े आरसीसी सड़क के साथ किमी. 308/19-21 पर नजदीकी सीमित ऊँचाई के सबवे के माध्यम से पथ परिवर्तित किया जाएगा।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2026/बी/7360559, दिनांकः** 16.03.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/बीजीबी, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती हैं। **वस्तु श्रेणी** : सेवाओं के लिए कस्टम बिड-कार्य परिधि के अनुसार लिलुआ रेलवे कॉलोनी की यंत्रचालित सफाई। **समान श्रेणी** : • सुविधा प्रबंधन सेवा-परिणाम आधारित • सफाई, स्वच्छता एवं रोगाणुरोधन सेवा-परिणाम आधारित। **कार्यालय का नाम :** कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **बिड बंद होने की तारीख/समयः** 06.04.2026, 15.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समयः** 06.04.2026, 15.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 90 (दिन)। **अनुबंध अवधिः** 3 वर्ष। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 181 लाख। **उन्हीं/समान सेवा के लिए अपेक्षित विगत अनुभव के वर्ष** : 1 वर्ष। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव हैः** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई हैः** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज** : अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार** : दो पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समयः** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य** : रु. 3,60,55,108,45, **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशिः** रु.3,30,280/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह)** : 38

MISC-420/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार**

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health/JR/2025/05 दिनांक- 16.03.2026**

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health/JR/ 2025/01, 2023/02 दिनांक 14.01.2026 के क्रम में सर्वसाधारण एवं जिन अभ्यर्थियों ने उक्त विज्ञापन के आलोक में निर्धारित अवधि में पूर्णरूपेण स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में जूनियर रेजिडेन्ट के (टेन्योर एक वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु Online आवेदन पत्र भरा है तथा विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health/JR/ 2025/03 एवं 2023/04 दिनांक 10.02.2026 के आलोक में दिनांक 16.02.2026 से दिनांक 25.02.2026 तक की अवधि में जिन अभ्यर्थियों ने Document Verification में योग्य/अयोग्य पाये गये अभ्यर्थियों की Pointwise औपबंधिक सूची पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध करा दी गयी है, जिसे download कर प्राप्त किया जा सकता है।

अग्रेत्तर कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना द्वारा सम्पन्न किया जायेगा।

नोडल पदाधिकारी

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### चांदी फीडर में आज 3 घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**गड़हनी।** मेंटेनेंस कार्य को लेकर आज विधुत पावर सब स्टेशन गड़हनी के चांदी व गड़हनी फीडर में सुबह 6 बजे से सुबह 9 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। उक्त जानकारी गड़हनी पावर सब स्टेशन के कनीय अभियंता निर्मल कुमार ने दिया। साथ ही कनीय अभियंता ने कहा कि दोनों फीडर में तार का मेंटेनेंस कार्य करना है। सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि अपना आवश्यक कार्य सुबह 6 बजे तक निपटा ले जिससे उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो। आये दिन तार में गड़बड़ी आ रही थी जिसको ले मेंटेनेंस किया जा रहा है। साथ ही कहा कि यदि समय के पहले भी मेंटेनेंस कार्य समाप्त हो जाएगा तो बिजली सप्लाई चालू कर दी जाएगी।

### दक्षिण एकौना में 18 से युवा फुटबॉल टूर्नामेंट, फाइनल

**आरा।** युवा फुटबॉल क्लब दक्षिण एकौना के तत्वाधान में आयोजित युवा फुटबॉल टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मुकाबला 18 मार्च को खेला जाएगा। यह जानकारी दक्षिण एकौना के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी चितरंजन सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि पहला सेमीफाइनल मैच 18 मार्च को युवा फुटबॉल क्लब दक्षिण एकौना और आरा एरो फुटबॉल क्लब आरा के बीच दक्षिण एकौना खेल मैदान में अपराह्न 3 बजे से खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला 20 मार्च को महेंद्र नारायण फुटबॉल क्लब पिरौटा और आदर्श फुटबॉल क्लब बेरथ के बीच अपराह्न 3 बजे से होगा। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 22 मार्च को अपराह्न 3 बजे से दक्षिण एकौना खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। प्रेस विज्ञप्ति जारी करने के पूर्व हुई बैठक में वसुधा नारायण सिंह, छबीला सिंह, विजय कुमार सिंह (अधिवक्ता), मुखदेव सिंह, टीके सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक जवाहर पंडित, बुटनयादव (बीएसएफ), संजय सिंह, धर्मराज सिंह, प्रवीण सिंह, मुन्ना सिंह, हिरदेश सिंह, मनु सिंह और बुद्धु सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। सेमीफाइनल और फाइनल की तिथि पहले से तय रहने से खिलाड़ियों, आयोजकों और दर्शकों को तैयारी का समय मिल जाता है। स्थानीय लोगों को मैच देखने की योजना बनाना आसान होता है।

### महिला फुटबॉल टीम के चयन के लिए 22 मार्च को ट्रायल

**आरा।** जिला फुटबॉल संघ भोजपुर की ओर से अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 22 मार्च को कराया जाएगा। संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह ट्रायल वीर कुंवर सिंह स्टेडियम, आरा में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 29 मार्च 2026 से लखीसराय में अंतर जिला महिला फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू होने वाला है, जिसके लिए भोजपुर की महिला टीम का चयन किया जाएगा। जिले की पूर्व व वर्तमान महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ-साथ फुटबॉल खेलने की इच्छुक छात्राओं से ट्रायल में भाग लेने को कहा गया है। ट्रायल में शामिल होने वाली छात्राओं को चार पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ लाने को कहा गया है। सचिव रविंद्र कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य भोजपुर महिला फुटबॉल को मजबूत करना और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है, ताकि लखीसराय में होने वाले टूर्नामेंट में भोजपुर की टीम बेहतर प्रदर्शन कर सके। टूर्नामेंट के लिए ट्रायल से सबसे योग्य और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन सुनिश्चित होता है, जिससे टीम की ताकत, सामंजस्य और जीतने की संभावना बढ़ती है।

### राज्यसभा चुनाव में एनडीए की क्लीन स्वीप पर बक्सर में जश्न

**बक्सर।** राज्यसभा चुनाव में बिहार की सभी पांचों सीटों पर एनडीए की शानदार जीत के बाद पूरे प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। इस जीत को लेकर बक्सर में भी भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कंचन देवी ने एनडीए के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए इसे गठबंधन की नीतियों और मजबूत नेतृत्व की जीत बताया। उन्होंने कहा कि बिहार की पांचों सीटों पर एनडीए की जीत यह साबित करती है कि जनता और जनप्रतिनिधियों का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर लगातार बढ़ रहा है। यह सफलता एनडीए सरकार की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत का परिणाम है।

### चंद्रशेखर हत्याकांड में नामजद 2 आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** भोजपुर पुलिस चंद्रशेखर हत्याकांड में 2 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसकी पहचान कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी सुधन चौधरी और त्रिभुआनी गांव के अंकित पासवान के तौर पर हुई है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। मृतक की पहचान सोहरा गांव वार्ड नंबर-6 निवासी प्रभुनाथ प्रसाद के पुत्र चंद्रशेखर कुमार के तौर पर हुई है। शनिवार (14 मार्च 2026) की सुबह अपने घर से कुछ दूर पर स्थित पलानी में सो रहा था। इस बीच अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। बुलेट बाएं कनपट्टी में लगी और दाएं ओर से आर-पार हो गई, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सुबह-सुबह हुई इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

**क्रिकेट खेलने के दौरान हुआ था विवादः** मृतक के पिता प्रभुनाथ प्रसाद के बयान पर पुलिस ने अंकित पासवान और सुधन चौधरी को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बीते 12 मार्च को गांव के एक मैदान में बच्चों के दो पक्षों के बीच झगड़ा हुआ था। उस समय चंद्रशेखर कुमार ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया था। इसी बात को लेकर उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। बताया जा रहा है कि घटना के दिन भी कुछ ग्रामीणों ने सुधन चौधरी को मुंह ढककर जाते हुए देखा था, जबकि उसके पीछे अंकित पासवान भी जाता हुआ दिखाई दिया था। पुलिस इस आधार पर भी मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधीक्षक राज ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### नियमित ध्यान करने से कम होता है मानसिक तनाव

**आरा।** सरकारी अभियंत्रण महाविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं नशा मुक्ति उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम का आयोजन मेंटल हेल्थ सेल के तत्वाधान में किया गया। संचालन मेंटल हेल्थ सेल के नोडल पदाधिकारी प्रो. रमेश कुमार एवं डॉ. नेहा ने किया। इस दौरान ब्रह्मा कुमारी संस्था के राज्य समन्वयक संजय कुमार तथा बीके ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है। सकारात्मक सोच, आत्मनियंत्रण और नियमित ध्यान अभ्यास से मन को स्थिर रखा जा सकता है तथा सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और धैर्य सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया और असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मा कुमारी ऋचा और ब्रह्मा कुमारी संध्या ने विद्यार्थियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान करने से मानसिक तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन संभव होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने, नशे से दूर रहने तथा सकारात्मक सोच अपनाने का संकल्प लिया।

# गैस जमाखोरी रोकने को प्रशासन सख्त-डीएम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**बक्सर।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों और एलपीजी गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की अफवाहों के बीच बक्सर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिले में संभावित जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए जिलाधिकारी साहिला के निर्देश पर एक व्यापक जांच अभियान चलाया गया।

**गैस एजेंसियों का निरीक्षण,स्टॉक और वितरण की जांचः** इस अभियान के तहत जिले की सभी 27 प्रमुख गैस एजेंसियों का गहन निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित विशेष टीमों में एक वरीय दंडाधिकारी अथवा संबंधित पदाधिकारी के साथ एक पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया था। इन टीमों ने गैस एजेंसियों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जांच की। जांच के दौरान यह पाया गया कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य है और कहीं भी गैस की कमी नहीं है। प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 13 मार्च 2026 से 16 मार्च 2026 तक कुल 22,283 गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया। 16 मार्च तक विभिन्न गैस एजेंसियों के पास लगभग 3,200 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था।

**लाइन लगाकर सिलेंडर बांटने पर प्रशासन करेगा कार्रवाईः** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में गैस एजेंसियों या गोदामों पर उपभोक्ताओं की लाइन लगाकर सिलेंडर वितरित नहीं किए जाएंगे। यदि ऐसी स्थिति पाई जाती है, तो संबंधित गैस एजेंसी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर और डुमरांव द्वारा लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर गैस वितरण कार्य की निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसियों के साथ बैठक कर वितरण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट लगाकर स्टॉक की अद्यतन स्थिति, किस तिथि के सिलेंडर वितरित किए जा रहे हैं और आगामी वितरण की तिथियों की जानकारी प्रदर्शित करें।

## बौद्धिक विकास और प्रतियोगी भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कराई गई प्रतियोगिता



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र महाविद्यालय, बक्सर के स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तत्वावधान में शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में सोमवार को महाविद्यालय परिसर में पूर्व निर्धारित क्विज़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों तथा सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान, बौद्धिक क्षमता तथा स्वस्थ प्रतियोगी भावना को विकसित करना था। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया तथा परीक्षा के दौरान अनुशासन और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। प्रतियोगिता वीक्षकों की निगरानी में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। वीक्षक के रूप में डॉ अर्चना मिश्रा, डॉ जयप्रकाश मिश्रा, डॉ प्रीति मौर्या, डॉ प्रियरंजन चौबे, डॉ इशरार आलम और डॉ आलोक कुमार चतुर्वेदी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ) कृष्णा कान्त सिंह ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ऐसी शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उनमें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## कल कैंपस प्लेसमेंट कैंप, 300 पदों पर भर्ती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बक्सर में युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 18 मार्च 2026 को राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एक दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस कैंप के माध्यम से कुल 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। यह जानकारी बक्सर के जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। बिहार सरकार के युवा रोजगार एवं कौशल विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस प्लेसमेंट कैंप में जाबिल सर्किट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी अभ्यर्थियों का चयन करेगी। कंपनी द्वारा असेंबली लाइन ऑपरेटर और क्वालिटी चेकर के पदों पर भर्ती की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों का कार्यस्थल राजनगांव, पुणे (महाराष्ट्र) होगा।

**21,500 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगाः** चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 21,500 रुपए (सीटीसी) का मासिक वेतन दिया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने मैट्रिक, इंटर, आईटीआई, डिप्लोमा या ग्रेजुएशन उत्तीर्ण किया हो। पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं।

**चयन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क आयोजित की जाएगीः** इच्छुक अभ्यर्थी 18 मार्च 2026 को सुबह 10 बजे तक राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बक्सर परिसर में उपस्थित होकर कैंपस प्लेसमेंट में शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा, पासपोर्ट साइज फोटो और सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की प्रतियां लाना अनिवार्य होगा।

# जिला का 36वां स्थापना दिवस आज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर।** बिहार के गौरवशाली जिलों में से एक बक्सर आज अपना 36वां जिला स्थापना दिवस मना रहा है। ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण बक्सर की पूरे देश में एक विशिष्ट पहचान है। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सुबह 6 बजे से शाम तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कई स्थानों पर केक काटकर भी इस दिन को 'हैप्पी बर्थडे बक्सर' के रूप में मनाया जाएगा।

**17 मार्च 1991 को बिहार का स्वतंत्र जिला हुआ घोषितः** बक्सर को 17 मार्च 1991 को बिहार का स्वतंत्र जिला घोषित किया गया था, जो भोजपुर जिले से अलग होकर बना। इसके गठन के लिए 11 वर्षों तक लंबा जनसंघर्ष चला था। दीपक कुमार जिले के पहले जिलाधिकारी बने थे। गंगा नदी के किनारे स्थित बक्सर को 'बिहार का प्रवेश द्वार' भी कहा जाता है। इसका इतिहास सदियों पुराना है और यह कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है।

**प्राचीन काल में बक्सर का नाम 'व्याघ्रसर' थाः** इतिहासकारों के अनुसार, प्राचीन काल में बक्सर का नाम 'व्याघ्रसर' था, क्योंकि यहां बड़ी संख्या में बाघ पाए जाते थे। यह वही पवित्र भूमि मानी जाती है, जहां महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में भगवान राम और लक्ष्मण ने प्रारंभिक शिक्षा और शस्त्र प्रशिक्षण प्राप्त किया था। बक्सर कई ऐतिहासिक युद्धों की भूमि रहा है। 26 जून 1539 को चौसा के मैदान में मुगल सम्राट हुमायूं और अफगान शासक शेरशाह सूरी के बीच युद्ध हुआ था। इसके अतिरिक्त, 1764 का बक्सर का युद्ध भारतीय इतिहास की निर्णायक घटनाओं में से एक माना जाता है, जिसने भारत में ब्रिटिश शासन की नींव को मजबूत किया।

**धार्मिक आस्था का भी एक प्रमुख केंद्र है बक्सरः** बक्सर धार्मिक आस्था का भी एक प्रमुख केंद्र है। गंगा किनारे स्थित रामरेखा घाट पर हर साल लाखों श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आते हैं, विशेषकर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां भारी भीड़ उमड़ती है। जिले की प्रमुख धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों में ब्रह्मपुर का ब्रह्मेश्वर नाथ शिव मंदिर, नाथ बाबा मंदिर, नौ लखा मंदिर, रानी घाट और रानी कुआं शामिल हैं।

**पंचकोशी परिक्रमा और लिट्टी-चोखा की परंपराः** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान राम ने ताड़का, सुबाहु और मारीच का वध करने के बाद नारी हत्या दोष से मुक्ति पाने के लिए पंचकोशी यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा के अंतिम पड़ाव पर बक्सर के चरित्रवन में उन्होंने लिट्टी-चोखा खाया था। उसी परंपरा को निभाते हुए आज भी पंचकोशी मेले के दौरान हजारों लोग लिट्टी-चोखा बनाकर भगवान को भोग लगाते हैं और प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं।

**36 साल बाद फिर खुलेगा लाइट एंड साउंड घरः** जिला स्थापना दिवस के अवसर पर एक और बड़ी पहल की जा रही है। करीब 36 वर्षों से बंद बक्सर का "लाइट एंड साउंड" घर इस महीने आम लोगों के लिए फिर से खोला जाएगा। इसके माध्यम से एक बार फिर बक्सर और आसपास के लोग लाइट एंड साउंड शो के जरिए भगवान राम और बक्सर की धार्मिक-ऐतिहासिक गाथाओं को देख और सुन सकेंगे।

## सरकारी योजनाओं से बदलेगी युवाओं की तकदीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**ब्रह्मपुर।** स्थानीय इन्दु मैरिज हॉल में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं और उद्यमियों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विकास कार्यालय, पटना से पधारे IES संतोष कुमार साहु तथा प्रोफेसर ए.के. वर्मा ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और पीएम विश्वकर्मा योजना जैसी केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से युवा कम पूंजी में भी अपना उद्योग शुरू कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर विद्या भूषण पाठक और मृणाल कुमार सिंह ने लघु उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं और सरकारी सब्सिडी प्राप्त करने के तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सही योजना और मार्गदर्शन से छोटे स्तर का व्यवसाय भी बड़े उद्योग का रूप ले सकता है। बैंकिंग सेवाओं की जानकारी देते हुए बक्सर से आए सूरज कुमार ने बताया कि उद्यमी किस प्रकार बैंक से आसानी से ऋण प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने व्यापार में मर्चेंट बनने की आवश्यकता और डिजिटल लेन-देन के लाभों पर भी चर्चा की, जिससे व्यापार को सुरक्षित और आधुनिक बनाया जा सके। वहीं ब्रह्मपुर प्रखंड के बीपीएम जीविका अमरेंद्र कुमार सिंह ने जीविका दीदियों और ग्रामीण युवाओं को समूह के माध्यम से स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि जीविका के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में मार्केटिंग विशेषज्ञ अनिकेश कुमार और रोचक जी ने आधुनिक बाजार की जरूरतों पर विशेष सत्र लेते हुए उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच बनाने के प्रभावी तरीके बताए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं, महिलाओं और उद्यमियों ने विशेषज्ञों से अपनी शंकाओं का समाधान कराया ।

# पूर्ण टीकाकरण के बाद बढ़ता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गड़हनी।** स्थानीय गड़हनी प्रखंड सभागार में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चल रहे टीकाकरण को लेकर प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य समन्वयक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख विनोद सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी ने किया। बैठक में टीकाकरण की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। गड़हनी में टीकाकरण की स्थित सही नहीं है। कई जगहों पर लोग टीका लेना नहीं चाहता है। स्वास्थ्य विभाग की टीम टीकाकरण करने जाते है तो लोगों द्वारा कई समस्या बताया जाता है। टीका देने जाने पर लोग कहने लगता है कि आधार नहीं बना है, पेंशन नहीं मिलता है, राशन नहीं मिलता है तो हमलोग टीकाकरण क्यों कराए। बताया गया कि प्रखंड में करीब 10 दलित टोला वैसे है जहां टीकाकरण की स्थित बहुत खराब है। वहां के बच्चे,महिलाएं टिका नहीं लेना चाहती है। टीम को देख कर लोग भागने लगते है। इस पर ध्यान देने के जरूरत है ,यदि जनप्रतिनिधि इसमें सहयोग करे तो सत प्रतिशत टीकाकरण हो सकता है। सीडीपीओ राधिका रानी ने बताया कि सरकारी अस्पताल में जो टीकाकरण है उसकी गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है और इसकी रख रखाव भी बेहतर तरीका से किया जाता है। वहीं प्राइवेट में गुणवत्ता व रख रखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के जिला कॉर्डिनेटर मों नौशाद ने बताया कि एक बच्चे व महिलाओं पर पूर्ण टीकाकरण में 30 से 35 हजार रुपए खर्च आए है उसके बावजूद भी टीकाकरण को लेकर लोगों में जागरूकता नहीं है।

# 'ए 3 इंटरनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी' का भव्य उद्घाटन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ आधुनिक सुविधाओं से लैस, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खास इंतजाम

**आरा।** आरा शहर में शिक्षा और आधुनिक तकनीक के संगम का एक नया अध्याय जुड़ गया है। जिला स्कूल के पीछे पुरानी पोस्ट ऑफिस के पास 'A3 इंटरनेशनल डिजिटल लाइब्रेरी' का भव्य उद्घाटन समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर न्यायिक, प्रशासनिक, चिकित्सा और सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े कई गणमान्य मौजूद रहे। उद्घाटन बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, भोजपुर के चतुर्थ जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोरंजन कुमार झा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

**छात्रों को मिलेगी सुविधाः** सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी आज के समय में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। ऐसे संस्थान छात्रों को आधुनिक तकनीक, ई-लर्निंग संसाधनों और बेहतर अध्ययन वातावरण से जोड़ते हैं, जिससे उनकी तैयारी अधिक प्रभावी बनती है। वहीं, न्यायाधीश मनोरंजन कुमार झा ने शिक्षा को समाज के विकास की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री और सुविधाएं मिलेंगी, जो उनके भविष्य को संवारने में सहायक होगी।

**लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं से लैसः** मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमरेंद्र पति त्रिपाठी ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता बेहद जरूरी है। यह लाइब्रेरी युवाओं को एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल प्रदान करेगी। लाइब्रेरी के संचालक सह अधिवक्ता अमरेंद्र चौबे ने बताया कि मुख्य उद्देश्य छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को शांत, सुरक्षित और तकनीकी रूप से सुसज्जित अध्ययन स्थल उपलब्ध कराना है। यहां आधुनिक सुविधाओं के साथ पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। कार्यक्रम में नगर निगम की महापौर, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, शिक्षा विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, इस डिजिटल लाइब्रेरी के शुरू होने से आरा और आसपास के क्षेत्रों के छात्रों को बेहतर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध होंगे।

# अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के 5 बदमाश गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा।** भोजपुर पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह के मुख्य सरगना समेत पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही अलग-अलग जगहों से चोरी की गई 11 बाइक बरामद की गई है। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि गिरोह से जुड़े चार अन्य सदस्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में टाउन थाना क्षेत्र के अमीर टोला निवासी राहुल कुमार तिवारी, बड़हरा के बिंदगांव के रहने वाले हरिओम सिंह, बबुरा के फुहां गांव के राज निक्की उर्फ निक्की सिंह, कोइलवर के बड़का चंदा निवासी विशाल कुमार और चांदी थाना क्षेत्र के चांदी निवासी शैलेश कुमार शामिल है। इनमें राहुल कुमार तिवारी और हरिओम सिंह को गिरोह का मुख्य मास्टरमाइंड बताया जा रहा है।

**क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाल रही पुलिसः** आरा सदर एसडीपीओ-वन राज कुमार साह ने बताया कि बरामद की गई 11 टू-व्हीलर में सात शहर के टाउन थाना क्षेत्र से, एक नवादा और एक जहानाबाद जिले से चोरी की गई थी। दो अन्य बाइकों का सत्यापन किया जा रहा है। गिरफ्तार बदमाशों के क्रिमिनल रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है। शहरी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। इसके तहत 14 से 15 मार्च के बीच विशेष अभियान चलाया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## संक्षिप्त समाचार

### रेल कर्मियों ने महाप्रबंधक से मिलकर रखीं समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**हाजीपुर**। पूर्व मध्य रेल मुख्यालय में मंगलवार को रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात कर अपनी विभागीय समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इस दौरान महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निर्धारित समयसीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रेल प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत प्रत्येक मंगलवार को रेलकर्मियों के लिए महाप्रबंधक से सीधे मुलाकात का दिन निर्धारित किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत इच्छुक रेलकर्मी पहले अपना नाम कार्मिक विभाग में पंजीकृत कराते हैं। इसके बाद निर्धारित दिन पर वे महाप्रबंधक से मिलकर अपनी समस्याएं सीधे उनके समक्ष रख सकते हैं। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण बना रहे।

### सड़क पार करने के लिए दबाना होगा बटन

**पटना**। पटना जू के सामने पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए विदेशों की तर्ज पर विशेष सिग्नल लाइट लगाई जाएगी। सड़क पार करने के लिए पैदल यात्रियों को केवल एक बटन दबाना होगा। पटना नगर निगम के वार्षिक बजट में मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत इसपर फैसला लिया गया है। बटन दबाने पर रेड लाइट जलेगी, जिससे सड़क के दोनों लेन में वाहनों की आवाजाही रुक जाएगी। लोगों के पार होने के बाद ग्रीन लाइट हो जाएगी। यात्रियों के समूह के पार होने के बाद दोबारा 20 मिनट बाद ही फिर से यह बटन काम करेगा। फिलहाल इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने बताया कि सड़क पार करने के लिए हर 20 मिनट में पैदल यात्री बटन दबाकर ट्रैफिक रोक सकेंगे। इसके सफल होने पर अन्य भीड़-भाड़ वाले इलाकों और स्कूलों के पास भी लगाया जाएगा। फुट ओवरब्रिज या अंडरपास बनने तक यह व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल, नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की 5वीं विशेष बैठक (बजट 2026-27) सोमवार को निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2914 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया। यह बजट पिछले साल की तुलना में 59 करोड़ रुपए अधिक है, हालांकि आय-व्यय के गणित में यह 8 करोड़ रुपए के घाटे का बजट दर्शाया गया है। अब इसे अंतिम स्वीकृति के लिए निगम पर्षद की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। अब पटना की सड़कों पर IOT आधारित सेंसर वाली स्मार्ट लाइटें लगेंगी, जो रोशनी कम होते ही खुद ही जल जाएंगी और सुबह होते ही बुझ जाएंगी। इसके लिए पूरे शहर में नए सिरे से सर्वे कराया जाएगा, ताकि नई कॉलोनियों और गलियों को भी रोशनी से जोड़ा जा सके। इन लाइटों के लिए सेंट्रलाइज्ड कमांड सेंटर भी रहेगा। अभी फिलहाल शहर में करीब 82 हजार लाइट इंस्टॉल है।

### अवैध धंधों पर जल्द होगी सख्त कार्रवाई-एसपी

**हाजीपुर**। पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने 17 मार्च को वैशाली थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अवैध धंधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में थानाध्यक्ष वैशाली, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जनता दरबार में बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। इनमें भूमि विवाद, आपसी मारपीट, यातायात व्यवस्था में सुधार, साइबर ठगी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से संबंधित मामले प्रमुख थे। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों के त्वरित, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्ती बढ़ाने और आम लोगों की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता तथा तत्परता बरतने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध धंधे अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि वैशाली गढ़ के होटलों पर पुलिस की विशेष नजर है और अवैध कारोबारियों के खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। वैशाली पुलिस को अलर्ट मोड पर रहने और शिकायत मिलते ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी ने बताया कि जनता दरबार में क्षेत्र के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को भी बुलाया गया था। उन्होंने कई छोटी-बड़ी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य रूप से नशे के सेवन और कारोबार पर अंकुश लगाने तथा पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई, ताकि ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। व्यक्तिगत शिकायतों में लगभग एक दर्जन मामले जमीनी विवाद से संबंधित थे। एसपी ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित सिविल प्रशासन के अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।

### स्कूल से लाखों का सामान चोरी, शाहदुल्लापुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना

**हाजीपुर**। लालगंज थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। अब चोरों ने शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालयों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा घटना शाहदुल्लापुर गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहदुल्लापुर की है, जहां अज्ञात चोरों ने कार्यालय कक्ष का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चुरा लिया। सोमवार सुबह जब शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय पहुंचे, तो उन्होंने कार्यालय कक्ष का ताला टूटा हुआ पाया। जांच करने पर पता चला कि कार्यालय से दो साउंड सिस्टम, तीन कॉर्डलेस माइक, एक ढोलक, एक कैसियो, एक एम्प्लीफायर, एक यूनिट और दो सीलिंग फैन सहित कई अन्य सामान गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने तुरंत अन्य शिक्षकों, विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों, गांव के जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सूचित किया। इसके बाद डायल 112 पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने चोरी की इस घटना के संबंध में लालगंज थाना में लिखित आवेदन देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से चोरों की जल्द गिरफ्तारी और इलाके में नियमित गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### गंगा किनारे मिला शव, सिर में गंभीर चोट के निशान

**हाजीपुर**। वैशाली के देसरी थाना क्षेत्र के गनियारी गांव स्थित गंगा किनारे एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने नदी किनारे शव पड़ा देखा, जिसके बाद बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। शव की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने आशंका जताई कि व्यक्ति की कहीं और हत्या कर शव को यहां लाकर फेंका गया है। शव काफी देर से गंगा नदी किनारे पड़े होने के कारण उसकी पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और क्राइम एरिया की घेराबंदी की। घटना की जानकारी एफएसएल टीम को दी गई। इसके बाद, एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच के लिए नमूने एकत्र किए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच पड़ताल जारी है। देसरी थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों से सूचना मिली थी कि गनियारी गंगा घाट किनारे एक युवक का शव पड़ा है। घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई। अभिषेक कुमार के अनुसार, स्थानीय लोगों से पूछताछ में सामने आया है कि युवक को गिरने के कारण सिर में गंभीर चोट आई थी। उसके सिर में जख्म के निशान थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाया गया था, जिसने नमूने एकत्र किए हैं। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा गया है।

# गाजियाबाद में बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या, छुट्टी विवाद में गार्ड ने की वारदात

## पटना निवासी अभिषेक शर्मा की हत्या, आरोपी गार्ड रवींद्र हुड्डा गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बैंक के अंदर दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में पटना निवासी बैंक मैनेजर अभिषेक शर्मा की हत्या कर दी गई। इस मामले में बैंक के ही गार्ड रवींद्र हुड्डा पर गोली चलाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी और उसके एक साथी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी गार्ड पिछले कई दिनों से छुट्टी मांग रहा था, लेकिन छुट्टी नहीं मिलने से नाराज था। सोमवार को वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचा, जिस पर मैनेजर ने उसे फोन कर फटकार लगाई और तुरंत बैंक आने को कहा। करीब दोपहर 1:45 बजे आरोपी डबल बैरल बंदूक लेकर बैंक पहुंचा और मैनेजर से बहस करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने अभिषेक शर्मा के सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही वे जमीन पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज से बैंक में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आरोपी अपने एक साथी के साथ हथियार लेकर मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। बैंक कर्मचारियों ने घायल मैनेजर को बाइक से अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। यह घटना लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के बलराम नगर इलाके की है। घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी गार्ड अपने साथी के साथ बंदूक लेकर बैंक से बाहर निकलता दिखाई दे रहा है। कुछ मिनट बाद बैंक कर्मचारी घायल मैनेजर को बाहर ले जाते हुए नजर आते हैं। अभिषेक शर्मा मूल रूप से पटना के फुलवारीशरीफ इलाके के रहने वाले थे। वे अगस्त 2025 से गाजियाबाद में अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे। उनकी पत्नी का नाम राधिका है। परिवार में डेढ़ साल की एक बेटी भी है। परिजनों के अनुसार पहले उन्हें हादसे की सूचना दी गई, बाद में पता चला कि उनकी गोली मारकर हत्या की गई है। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शी आरएन पांडेय के अनुसार, गोली चलने की आवाज सुनकर वे बैंक के बाहर ही रुक गए। उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति हाफ पैंट और टी-शर्ट में बंदूक लेकर बाहर निकल रहा था, जबकि उसके साथ एक अन्य व्यक्ति भी था। दोनों बाहर खड़ी बाइक से फरार हो गए। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह मैनेजर की हत्या की मंशा से ही बैंक पहुंचा था। उसने अपने साथी को पहले ही बैंक गेट पर खड़ा कर दिया था।




आरोपी गार्ड (पीली टीशर्ट में) और उसके साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की नौकरी तीन महीने पहले ही लगी थी और वह वेतन व छुट्टी को लेकर असंतुष्ट था। सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि गार्ड की बंदूक बैंक में ही जमा थी, जिसे उसने वापस लेकर वारदात को अंजाम दिया। दोनों के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद उसने गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डीडीयू मंडल के बघोई कुसा–जाखिम–रफीगंज सेक्शन में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग शुरू

## 18.7 किमी लंबे ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन पर ABS की कमीशनिंग, ट्रेनों की गति और सुरक्षा में होगा सुधार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**हाजीपुर**। पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल के तहत ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन में रेलवे ने एक महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। मंडल के बघोई कुसा–जाखिम–रफीगंज सेक्शन में 18.7 किलोमीटर लंबे रेलखंड पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (ABS) प्रणाली को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत पुसौली, बघोई कुसा, जाखिम और रफीगंज स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में आवश्यक संशोधन किए गए हैं। इसके साथ ही चार ऑटो हट्स की भी कमीशनिंग की गई है। इस कार्य के दौरान समपार फाटक संख्या 20, 21, 22 और 24 को इंटरलॉक कर सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित किया गया है।

रेलखंड में आधुनिक सिग्नलिंग उपकरणों की स्थापना की गई है, जिनमें आईपीएस, डाटा लॉगर, मेंटेनेंस-फ्री अर्थिंग, क्लास-ए लाइटनिंग प्रोटेक्शन सिस्टम, ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम तथा ईएलडी जैसे अत्याधुनिक सिस्टम शामिल हैं। इन तकनीकों से रेलवे परिचालन अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनेगा। इस कमीशनिंग के साथ पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल में कुल 113 रूट किलोमीटर पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का कार्य पूरा हो गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इससे ट्रेनों का आवागमन अधिक सुरक्षित, तेज और सुचारु होगा। ABS प्रणाली लागू होने से एक ही ट्रैक पर ट्रेनों के बीच दूरी का बेहतर प्रबंधन संभव होगा, जिससे ट्रेनों की संख्या बढ़ाने और देरी कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही यह तकनीक रेल संचालन को अधिक सुरक्षित बनाते हुए दुर्घटनाओं की संभावना को भी कम करेगी।

# बिहटा में पारिवारिक विवाद ने लिया हिंसक रूप, दंपति घायल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिहटा,पटना**। बिहटा प्रखंड के महद्दीचक गांव में मंगलवार को एक पारिवारिक विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। मूसेपुर ग्राम पंचायत के अंतर्गत हुई इस घटना में एक दंपति घायल हो गया, जिसके बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घायल राम कुमार के अनुसार बच्चों को लेकर उनका अपने भाई प्रेम कुमार से मामूली कहासुनी हुई थी। देखते ही देखते यह विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई।



♦ बच्चों को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदला, दोनों पक्षों ने थाने में दिया आवेदन

राम कुमार ने आरोप लगाया कि उनके भाई ने हाथ में पहने लोहे के कड़े (कारा) से उन पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। घटना के दौरान जब राम कुमार की पत्नी अमृता देवी बीच-बचाव करने पहुंचीं, तो उन्हें भी कथित तौर पर पीट दिया गया। इस हमले में वह भी घायल हो गईं। घटना के बाद अमृता देवी ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने मारपीट की बात स्वीकार की है और दोनों ओर से चोट लगने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

# मसौढ़ी में मंदिर से 200 साल पुरानी अष्टधातु मूर्तियां चोरी, 3-4 करोड़ की बताई जा रही कीमत

## गर्भगृह का गेट तोड़कर राम-सीता-लक्ष्मण की प्रतिमाएं ले गए

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**मसौढ़ी,पटना**। मसौढ़ी थाना क्षेत्र में चोरी की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां चोरों ने अब मंदिर को ही निशाना बना लिया। शाहाबाद पंचायत के छाता गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से अज्ञात चोरों ने करीब 200 साल पुरानी अष्टधातु की भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की मूर्तियां चोरी कर लीं। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मंदिर के पुजारी संजय साव की पत्नी चिंता देवी सोमवार रात करीब 10 बजे मंदिर का गेट बंद कर पास के कमरे में सो गई थीं। इसी दौरान मध्यरात्रि में चोर मंदिर परिसर की चहारदीवारी फांदकर अंदर घुस गए। चोरों ने पहले मंदिर का मुख्य गेट तोड़ा और फिर गर्भगृह में रखी भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की प्राचीन मूर्तियों को चुरा लिया। घटना






का पता तब चला जब तड़के सुबह करीब 4 बजे पुजारी उठे और मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि मंदिर का गेट टूटा हुआ है और गर्भगृह से मूर्तियां गायब हैं। इसके बाद तुरंत स्थानीय लोगों और पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय मुखिया रवि प्रकाश और ग्रामीणों के अनुसार चोरी हुई मूर्तियां बेहद प्राचीन और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण थीं। इनकी अनुमानित कीमत करीब 3 से 4 करोड़ रुपये बताई जा रही है। साथ ही, इन मूर्तियों की ऐतिहासिक और आस्था से जुड़ी महत्ता का आकलन करना भी मुश्किल है। घटना के बाद मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि चोरी में किसी पेशेवर गिरोह का हाथ हो सकता है, जिसे पहले से मंदिर की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी थी। मामले की जांच के लिए डॉग स्क्वाड की भी मदद ली जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने थाने में लिखित शिकायत देकर जल्द से जल्द मूर्तियों की बरामदगी और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# पटना सिटी में अवैध लॉटरी प्रिंटिंग प्रेस पर STF का छापा, 1 करोड़ के कूपन बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना सिटी के बाईपास थाना क्षेत्र स्थित पैजावा इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स (STF) और बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध प्रिंटिंग प्रेस का भंडाफोड़ किया है। छापेमारी के दौरान करीब 80 लाख से 1 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध लॉटरी कूपन और टिकट बरामद किए गए हैं। मौके से 18 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को इस अवैध कारोबार के संचालन की गुप्त सूचना मिली थी। इसके बाद STF और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त रूप से योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। जैसे ही टीम ने भवन में प्रवेश किया, वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई लोग भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी को पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से अत्याधुनिक प्रिंटिंग मशीनें, कागज के बंडल, रंगीन स्याही और बड़ी संख्या में पहले से छपे हुए लॉटरी टिकट और कूपन बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह लंबे समय से अवैध लॉटरी का कारोबार चला रहा था। पटना सिटी के पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी-2 डॉ. गौरव कुमार के अनुसार इस पूरे नेटवर्क का दायरा काफी बड़ा हो सकता है। इसमें अन्य जिलों और राज्यों के लोगों की संलिप्तता की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए 18 लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि गिरोह के सरगना और पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



♦ पैजावा इलाके से 18 लोग हिरासत में, बड़े नेटवर्क के खुलासे में जुटी पुलिस

स्थानीय लोगों के अनुसार जिस इमारत में यह अवैध कारोबार चल रहा था, वह बाहर से एक सामान्य भवन की तरह दिखती थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि अंदर इतने बड़े स्तर पर गैरकानूनी गतिविधियां संचालित हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस पूरे गिरोह का खुलासा कर मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# दिल्ली में हुई मुलाकात, बिहार में शिक्षा विस्तार की तैयारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। देश की राजधानी दिल्ली में शिक्षा जगत की एक महत्वपूर्ण मुलाकात ने आने वाले समय में बिहार के शैक्षणिक परिदृश्य को नई दिशा देने के संकेत दिए हैं। Jai Narain Chouksey, संस्थापक एवं चेयरमैन, LNCT Group of Colleges से उनके दिल्ली स्थित आवास पर आत्मीय भेंट हुई।

मुलाकात के दौरान चौकसे जी ने बताया कि वे लंबे समय से भोपाल आने का आग्रह कर रहे थे, लेकिन समयाभाव के कारण यह संभव नहीं हो पा रहा था। जैसे ही दिल्ली आगमन की सूचना उन्हें मिली, वे स्वयं मिलने पहुंच गए, जो उनके सादगीपूर्ण और आत्मीय व्यक्तित्व को दर्शाता है।

LNCT University, मध्य भारत की प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों में गिनी जाती है और भोपाल में उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र है। चौकसे जी ने बताया कि मध्यप्रदेश में उनके समूह के अंतर्गत लगभग 60 कॉलेज, 10 से अधिक स्कूल और विभिन्न नामों से कई विश्वविद्यालय संचालित हो रहे हैं। इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी और मेडिकल शिक्षा के क्षेत्र में LNCT ग्रुप देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल है, जहां करीब 60 हजार छात्र अध्ययनरत हैं, जिनमें बड़ी संख्या बिहार, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के विद्यार्थियों की है।

इस दौरान बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में निवेश को लेकर भी गंभीर चर्चा हुई। चौकसे जी ने जानकारी दी कि भोजपुर जिले में विश्वविद्यालय स्थापना के लिए भूमि की तलाश और खरीद की प्रक्रिया तेज़ी से चल रही है। इसके अलावा राज्य के विभिन्न जिलों में



8-10 नए कॉलेज खोलने की योजना पर भी कार्य जारी है। इस पूरे प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी उनके विश्वसनीय सहयोगी राजीव दुबे को सौंपी गई है।

मुलाकात के दौरान उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ अपने अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों—जैसे शुगर मिल और अन्य उद्योगों—की भी जानकारी साझा की।

चौकसे जी ने विशेष रूप से भोपाल स्थित अपने विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत-सम्मान समारोह आयोजित करने तथा हजारों विद्यार्थियों के बीच एक घंटे का मोटिवेशनल संबोधन देने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि विचारों की समानता ही संबंधों को मजबूत बनाती है और यह जुड़ाव पूर्व जन्म के रिश्ते जैसा प्रतीत होता है।

इस आत्मीय मुलाकात ने न केवल दो व्यक्तित्वों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ किया, बल्कि बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार की संभावनाओं को भी नई दिशा दी है। आने वाले समय में LNCT ग्रुप की योजनाएं राज्य के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

# पटना हज भवन में जदयू की इफ्तार पार्टी, नीतीश और निशांत हुए शामिल

## सीएम ने नहीं पहनी टोपी, कुछ देर रुककर लौटे; कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता रहे मौजूद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**पटना**। पटना के हज भवन में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह आयोजन पार्टी के वरिष्ठ नेता और मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष सलीम परवेज की ओर से किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने बेटे निशांत कुमार के साथ पहुंचे। हालांकि मुख्यमंत्री कुछ ही देर रुकने के बाद वापस लौट गए, जबकि निशांत कार्यक्रम में देर तक मौजूद रहे। बताया जाता है कि निशांत पहले ही हज भवन पहुंच चुके थे और उनके पहुंचने के कुछ देर बाद मुख्यमंत्री वहां आए। कार्यक्रम के दौरान जब मुख्यमंत्री को टोपी पहनाने की कोशिश की गई, तो उन्होंने स्वयं टोपी नहीं पहनी और उसे जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी को पहना दिया। हर साल की तरह इस बार भी जदयू की इफ्तार पार्टी में पार्टी के कई मुस्लिम नेता, एनडीए के सहयोगी दलों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



# विधायक सरयू राय ने मानगो पेयजल परियोजना में देरी का मुद्दा उठाया

एजेंसी। रांची

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 16वें दिन मंगलवार को सदन की कार्रवाई पूर्वाह्न 11.05 बजे शुरू हुई। सदन में विधायक सरयू राय ने मानगो पेयजल परियोजना में देरी का मुद्दा उठाया। विधायक सरयू राय ने सवाल किया कि वर्ष 2009 में शुरू हुई यह योजना आज तक पूरी नहीं हो सकी। विधायक ने आरोप लगाया कि 2019 से 2024 के बीच परियोजना की उपेक्षा हुई,जलमीनारें अधूरी रहीं,इंटेक वेल में जमी बालू की सफाई नहीं हुई और पुराने मोटर बदलने में भी लापरवाही बरती गई,जिससे जलापूर्ति प्रभावित हुई। राय ने यह भी कहा कि योजना पर्याप्त पानी देने में सक्षम नहीं है, फिर भी प्रतिदिन टैंकरों से एमजीएम अस्पताल को पानी भेजा जा रहा है। जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि केंद्र सरकार से एनओसी मिलने में देरी के कारण परियोजना प्रभावित हुई। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मार्च 2026 तक योजना पूरी कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि एमजीएम अस्पताल को रोजाना 72 हजार लीटर पानी दिया जा रहा है और योजना के फेज-2 का निर्माण जरूरी है। विधायक सरयू राय ने सदन में कोडरमा डोमचांच को नगर पंचायत घोषित करने की अधिसूचना को रद्द करने की मांग की। इस पर मंत्री सुदिव्य ने कहा जनगणना की रिपोर्ट आने के बाद ही सरकार पुनः विचार करेगी।विधायक ने पथ निर्माण विभाग में एई के पदस्थापन,सेवा विनियमन और वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया। सदन में विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पथ निर्माण विभाग में सहायक अभियंताओं के पदस्थापन, सेवा विनियमन और वेतन भुगतान का मुद्दा उठाया। विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने मंत्री से चार बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी। विधायक ने पूछा कि क्या वित्त विभाग के 20 मई 2022 के संकल्प संख्या 1337 के अनुसार पदस्थापन की प्रतीक्षा अथवा प्रभार रहित अवधि को प्रशासी विभाग बिना वित्त विभाग की सहमति के स्वयं विनियमित कर सकता है। साथ ही उन्होंने 2007 बैच के सहायक अभियंताओं को नियुक्ति से पदभार ग्रहण तक की अवधि को अनिवार्य प्रतीक्षा मानते हुए वेतन भुगतान किए जाने का भी उल्लेख किया। सदन में यह भी सवाल उठा कि वर्ष 2022 में नियुक्त सहायक अभियंता (पथ निर्माण) को नियुक्ति से पदभार ग्रहण तक की अवधि के लिए वेतन भुगतान क्यों नहीं किया गया। जबकि पूर्व में विभाग की ओर से ऐसी व्यवस्था अपनाई जा चुकी है। इस मामले के जवाब में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि यह पूरा मामला फिलहाल प्रक्रियाधीन है। उन्होंने संकेत दिया कि विभाग इस विषय की समीक्षा कर रहा है और नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।



# प्रतिवर्ष 21 मार्च को 'निर्मला देवी दिवस' मनाएगा न्यू मिलफोर्ड, रांची में भी 21 मार्च को मनेगी श्री माताजी की जयंती

एजेंसी। रांची



सहज योग परिवार के लिए यह अत्यंत गर्व और खुशी का विषय है कि अमेरिका के न्यू मिलफोर्ड नगर प्रशासन ने पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी के सम्मान में एक ऐतिहासिक घोषणा की है। मेयर कार्यालय द्वारा 9 मार्च को जारी आधिकारिक घोषणा के अनुसार, अब हर वर्ष 21 मार्च को 'निर्मला देवी दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान के उपलक्ष्य में सहज योग केंद्र, रांची द्वारा भी 21 मार्च को श्री माताजी की जयंती अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। यह आयोजन रांची के मनातू रिंग रोड स्थित निर्मल धाम में आयोजित होगा, जहां बड़ी संख्या में साधक और श्रद्धालु शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान ध्यान, भजन, सामूहिक प्रार्थना और श्री माताजी के जीवन व उनके आध्यात्मिक संदेशों पर विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस संबंध में सहज योग केंद्र, रांची की ओर से मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई। केंद्र के अनुसार, यह घोषणा केवल एक औपचारिक सम्मान नहीं, बल्कि उस महान आध्यात्मिक विरासत की वैश्विक स्वीकृति है, जिसे श्री माताजी ने पूरी मानवता को प्रदान किया। गौरतलब है कि श्री माताजी निर्मला देवी का जन्म 21 मार्च 1923 को भारत में हुआ था। उनका संपूर्ण जीवन सत्य, करुणा, शांति और आध्यात्मिक जागृति के संदेश से परिपूर्ण रहा। उन्होंने विश्व को सहज योग की दिव्य साधना प्रदान की, जिसके माध्यम से लाखों लोगों ने आत्म-साक्षात्कार का अनुभव किया और अपने जीवन में शांति, संतुलन तथा आंतरिक आनंद प्राप्त किया। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने महात्मा गांधी के साथ कार्य किया और उनके आदर्शों से प्रेरणा ली। आगे चलकर उन्होंने सहज योग की स्थापना कर विश्व के अनेक देशों में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया। रांची में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम न केवल श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखता है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

# प्रशासन पर मनमानी के विरोध में जनप्रतिनिधियों ने दिया धरना



एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

जमशेदपुर प्रखंड कार्यालय परिसर उस समय गूंज उठा, जब प्रखंड प्रमुख, उप-प्रमुख और पंचायत समिति सदस्यों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पंचायत जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड के पदाधिकारियों, कर्मचारियों और पंचायत सचिवों पर मनमानी, उपेक्षा और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। धरने का नेतृत्व प्रखंड प्रमुख पानी सोरेन ने किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रखंड प्रशासन उनके सुझावों और समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। बार-बार आग्रह करने के बावजूद उनकी बातों को न तो सुना जा रहा है और न ही उस पर कोई कार्रवाई की जा रही है, जिससे उन्हें गहरी ठेस पहुंच रही है। उनका आरोप है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किया जा रहा है और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को नजरअंदाज किया जा रहा है। प्रमुख पानी सोरेन ने कहा कि कार्यकाल के तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी पंचायत समिति सदस्यों को कोई महत्व नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बीडीओ पर मनमानी करने और जनहित से जुड़े मामलों को ठंडे बस्ते में डालने का आरोप लगाया। वहीं, पंचायत सचिवों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा गया कि नवनियुक्त सचिव प्रोटोकॉल का पालन नहीं करते और विकास योजनाओं की जानकारी भी साझा नहीं करते। धरना दे रहे सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेजों को जारी करने में जानबूझकर देरी की जाती है। इससे आम लोगों, खासकर गरीब ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इस तरह की कार्यप्रणाली के कारण वे अपने क्षेत्र की जनता को जवाब देने में असमर्थ हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान भ्रष्टाचार का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। सदस्यों ने आरोप लगाया कि जाति, आय, आवासीय और जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर खुलेआम रिश्वत ली जा रही है।

# टाटा स्टील और यूएसटीबी के बीच समझौता, लो-कार्बन स्टील तकनीक पर होगा संयुक्त शोध




एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम

टाटा स्टील ने सतत और पर्यावरण अनुकूल स्टील उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी बीजिंग (यूएसटीबी) के साथ लो-कार्बन स्टील मेकिंग तकनीकों के विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते में टाटा स्टील की ओर से वाइस प्रेसिडेंट सुबोध पांडेय और यूएसटीबी की ओर से वाइस प्रेसिडेंट प्रोफेसर शुकियांग जियाओ की अहम भूमिका रही। कंपनी की ओर से मंगलवार को दी गई जानकारी के अनुसार, इस साझेदारी के तहत टाटा स्टील, टाटा स्टील रिसर्च एंड इनोवेशन लिमिटेड और यूएसटीबी की शोध टीमें मिलकर चार प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान करेंगी। इन क्षेत्रों में स्क्रैप आधारित स्टील निर्माण, स्टील अपशिष्ट का पुनः उपयोग, अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार और कार्बन कैप्चर एवं उपयोग से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का विकास शामिल है। यह सहयोग यूएसटीबी की शैक्षणिक विशेषज्ञता और उसकी पायलट स्तर की अत्याधुनिक सुविधाओं का लाभ उठाएगा, जिससे नई तकनीकों का परीक्षण और उन्हें औद्योगिक स्तर तक लागू करना आसान होगा। टाटा स्टील के लिए यह पहल नवाचार आधारित कार्बन उत्सर्जन में कमी (डीकार्बोनाइजेशन) की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जो भविष्य में हरित और टिकाऊ स्टील उत्पादन को बढ़ावा देगी।

# झारखंड के गुड़ाबांदा में 37 मिमी बारिश दर्ज, 21 मार्च तक येलो अलर्ट

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई स्थानों पर बादल, गर्जन और हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है, जिससे तापमान में गिरावट आई और मौसम सुहावना हो गया। पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक वर्षा पूर्वी सिंहभूम जिले के गुड़ाबांदा में 37.2 मिलीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा बोड़ाम में 28.2 मिमी, मुसाबनी में 12.8 मिमी, बहरागोड़ा में 12.6 मिमी, मझगांव में 9.6 मिमी, रांची में 4.8 मिमी, जमशेदपुर में 2.8 मिमी और गोविंदपुर में 4.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने 21 मार्च तक राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश और वज्रपात की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 38 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान खूंटी में 16.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे, जबकि दोपहर बाद काले और घने बादलों के साथ तेज हवाएं चलीं और कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे मौसम खुशनुमा हो गया। तापमान की बात करें तो रांची में अधिकतम 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 19.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 35.3 डिग्री और न्यूनतम 20.5 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम डिग्री 38 और न्यूनतम 19.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 32.1 डिग्री और न्यूनतम 19.5 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 34.8 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# मानगो नगर निगम के उपमहापौर बने राहुल सिंह कश्यप

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो नगर निगम में उपमहापौर पद के लिए हुए चुनाव में राहुल सिंह कश्यप ने जीत हासिल कर ली है। मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित डीसी कार्यालय में आयोजित इस चुनाव में कुल 34 वार्ड पार्षदों ने मतदान किया। उपमहापौर पद के लिए राहुल सिंह कश्यप, गुलाम मुस्तफा राजा और मौमिता चटर्जी ने नामांकन दाखिल किया था। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदान कराया गया और फिर मतगणना की गई। मतगणना के उपरांत राहुल सिंह कश्यप को विजेता घोषित किया गया। परिणाम के अनुसार राहुल सिंह कश्यप को 19 मत प्राप्त हुए, जबकि गुलाम मुस्तफा राजा को 09 और मौमिता चटर्जी को 06 मत मिले। स्पष्ट बहुमत के साथ राहुल सिंह कश्यप ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। राहुल सिंह कश्यप मानगो के रिपीट कॉलोनी के निवासी हैं और वार्ड संख्या 05 से पार्षद चुने गए हैं। उनके खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे गुलाम मुस्तफा राजा वार्ड संख्या 26 के पार्षद हैं, जबकि मौमिता चटर्जी भी वार्ड संख्या 05 से निर्वाचित पार्षद हैं।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्डरिया, गढ़वा 822125
email : itibhandaria@gmail.com

**रिक्त सीटों के विरूद्ध Private Candidates के नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय पत्रांक– 358, दिनांक–16.03.2026 के निर्देशानुसार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्डरिया गढ़वा में सत्र 2025 में रिक्त सीटों के विरूद्ध Private Candidates का नामांकन हेतु **दिनांक 20 मार्च 2026** को **शाम 5.00 बजे** तक **पहले आवो पहले पावो** के आधार पर नामांकन किया जाएगा।

जिन Private Candidates को ITI में नामांकन लेना है उनको सभी वांछित दसतावेजों क) प्रवेशिका अंक पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ख) कंडिका 7 में वर्णित अद्यतन आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (ग) आयु के निर्धारण के लिए केवल माध्यमिक/10वाँ समकक्ष परीक्षा के मूल/औपबंधिक प्रमाण–पत्र, (घ) जाति प्रमाण–पत्र की अद्यतन स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (च) सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटि के लिये) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, (छ) जिला सैनिक परिशद् द्वारा निर्गत आश्रित प्रमाण–पत्र (भूतपूर्व सैनिक कोटि के लिए) की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति (मूल प्रति एवं छायाप्रति) (ज) छः पासपोर्ट साइज का फोटो (झ) मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र लेकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भण्डरिया, गढ़वा आना अनिवार्य है।

**. Eligiblity Criteria for Trainee:-**
i. category I :- Ex- Trainees ( Successful Pass- Outs) of ITI (as per Annexure III)
ii. Category II :- Ex- Trainees ( Successful Pass- Outs) and current trainees under CoE scheme (as per Annexure IV)
iii. Category III :- SCVT candidates (admitted till August 2018 session) (as per Annexure V & I)
iv. Category IV :- Other Candidates ( candidates not falling any of the 3 categories, including SCVT trainees enrolled from admission session 2019 onwards)

| SL. No | Name of the ITI | Name of the Trade | Place of Admission | Contact no. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Govt. ITI, Bhandariya, Garhwa | Electrician, Fitter, Mechanic diesel, Welder | Govt. ITI, Bhandariya, Garhwa | 8789475221776, 5925882 |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
भण्डरिया, गढ़वा

PR 375321 (Labour Employment and Traning)25-26*D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**मत्स्य बीज उत्पादकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण**

एतद द्वारा गढ़वा जिले के मत्स्य बीज उत्पादकों/कृषकों को सूचित किया जाता है कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026–27 में राज्य को मत्स्य बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने एवं इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादकों को तकनीकी ज्ञान से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उन्हें मत्स्य बीज उत्पादन का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिये जाने की योजना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है,

| क्र0 सं0 | जिला | प्रति बैच प्रशिक्षणार्थियो की सं0 | प्रशिक्षण की तिथि | प्रशिक्षण स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | 30 | 23.03.2026 – 25.03.2026 | मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची |
| 2 | | | 08.04.2026 – 10.04.2026 | |
| 3 | | | 23.04.2026 – 25.04.2026 | |
| 4 | | | 08.05.2026 – 10.05.2026 | |
| 5 | | | 23.05.2026 – 25.05.2026 | |
| 6 | | | 08.06.2026 – 10.06.2026 | |
| 7 | | | 22.06.2026 – 24.06.2056 | |
| 8 | | | 09.07.2026 – 11.07.2026 | |

**विशेष नोट :–**
1) प्रशिक्षण में वैसे मत्स्य कृषक भाग ले सकते हैं जिनके पास निजी/लीज पर लिया हुआ तालाब/जलक्षेत्र हो एवं पूर्व से मछली पालन/मत्स्य बीज उत्पादन में प्रशिक्षित हो अथवा मत्स्य बीज उत्पादन/वितरण कार्य किये हों अथवा आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य पालन कर रहे हैं।
2) प्रशिक्षण हेतु यात्रा भत्ता देय नहीं है तथा पंजीयन शुल्क 200 रु/– लिया जाएगा।
3) प्रशिक्षण में जाने हेतु इच्छुक आवेदक पंचायत स्तर पर माननीय मुखियाओं/पंचायत समिति के सदस्य की अनुशंसा प्राप्त कर नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र अथवा जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा में जाकर ब्लॉक चेन पोर्टल पर अपना पंजीयन करायेंगे इसके उपरांत ही प्रशिक्षण में भोग ले सकेंगे। ब्लॉक चेन पोर्टल– www.jharkhandfisheries.com/registration/reg
4) आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
5) अधिक जानकारी के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,गढ़वा

PR 375332 Fish(25-26).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,
## प्राचार्य का कार्यालय- औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
## झगड़ाटाँड़, गढ़वा 822112, Email:- govitijhagratand@gmail.com

**शैक्षणिक सत्र 2025 में विभिन्न व्यवसायों में Private Candidate हेतु रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन से संबंधित**

**सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, राँची के पत्रांक– 357, दिनांक– 16.03.2026 एवं डी0 जी0 टी0 के पत्रांक– DGT-MIS011/14/2022-TC SECTION E#71015 DATED- 25/02/2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि NCVT से मान्यता प्राप्त व्यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, झगड़ाटाँड़, गढ़वा के शैक्षणिक सत्र 2025 में व्यवसायवार कुल सीटों का 10% के विरूद्ध Private Candidate (महिला सहित) जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी के श्रेणी में आते है, Spot Round Admission के तहत् First come first Serve के आधार पर नियमानुसार नामांकन लिया जाना है, जिसकी अंतिम तिथि :– 20.03.2026 तक हैं।

नामांकन हेतु प्रशिक्षणार्थियों के आवश्यक योग्यता एवं शर्तेः–
01- Category– I:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई0टी0आई0 से उर्त्तीण एवं Apprenticeship या मान्यता प्राप्त संस्थान /प्रतिष्ठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
02- Category– II:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई0टी0आई0 से CoE Scheme के अन्तर्गत संचालित व्यवसायों से उर्त्तीण एवं Apprenticeship या मान्यता प्राप्त संस्थान /प्रतिष्ठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
03- Category – III:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई0टी0आई0 से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उर्त्तीण (जिसका नामांकन अगस्त 2018 तक एवं पूर्व में हुआ हो) तथा One Year Apprenticeship.
04- Category – IV:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई0टी0आई0 से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उर्त्तीण (जिसका नामांकन अगस्त 2019 से आगे लिया गया हो) एवं One Year Apprenticeship या वैसे अभ्यार्थी जो 8वीं/10वीं उर्त्तीण है तथा मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रतिष्ठान से 03 वर्षो का संबंधित व्यवसायों का कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र आवश्यक हैं।
**05. आयु अहर्ताः–** Category-IV के लिए नामांकन के समय न्यूनतम आयु 21 वर्ष है तथा अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं हैं।
06. दिब्यांग जनों हेतु दिब्यांगता न्यूनतम 40% अनिवार्य हैं।
07. विस्तृत विवरणी एवं अधिसूचना ITI Portal (http://iti.jharkhand.gov.in) के Home Page में Latest News एवं Notification Section में देखा जा सकता है।
**08. व्यवसायवार रिक्त सीटों की विवरणीः–**

| SL. NO. | Trade | Total Seat | Total Vacant Seat | Vacant PH |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Electrician | 40 | 01 | 01 |
| 02 | Fitter | 40 | 02 | 02 |
| 03 | Mechanic Diesel | 48 | 02 | 02 |
| 04 | Welder | 40 | 29 | 02 |

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,झगड़ाटाँड़, गढ़वा

PR 375351 Labour Employment and Traning(25-26).D



## पत्रांक–53,/ दिनांकः– 17.03.2026
## झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर।
Email : itibishrampur@gmail.com

**शैक्षणिक सत्र 2025 में विभिन्न व्यवसायों में Private Candidate हेतु रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन से संबंधित सूचना**

निदेशालय नियोजन एंव प्रशिक्षण, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकाश विभाग, रांची के पत्रांक–357 दिनांक–16.03.2026 एंव डी.जी.टी. के पत्रांक–DGT-MIS011/14/2022-TC SECTION E#71015, Dated:-25.02.2026 के अनुपालन में सूचित किया जाता है कि NCVT से मान्यता प्राप्तव यवसायों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बिश्रामपुर (LWE) पलामू के शैक्षणिक सत्र 2025 में व्यवसायवार कुल सीटों का10% के विरूद्ध Private Candidate (महिला सहित) जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते है, Spot Round Admission के तहत First Come First Serve के आधार पर नियमानुसार नामांकन लिया जाना है, जिसकी अंतिम तिथि–20.03.2026 तकहै।

नामांकन हेतु प्रशिक्षणार्थियों के आवश्यक योग्यता एंव शर्तेः–
1–**Category-I**:-मान्यता प्राप्त किसी भी आई0 टी0 आई0 से उर्त्तीण एंव Apprenticeship या मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रतिशठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
2–Category-II:-मान्यता प्राप्त किसी भी आई0 टी0 आई0 से CoE Scheme के अन्तर्गत संचालित व्यवसायों से उर्त्तीण एंव Apprenticeship या मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रतिष्ठान का कम से कम 01 साल का अनुभव।
3–**Category-III**:-मान्यता प्राप्त किसी भी आई0टी0आई0 से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उर्त्तीण (जिसका नामांकन अगस्त–2018 तक एंव पूर्व में हुआ हो) तथा One Year Apprenticeship.
4–**Category-IV**:- मान्यता प्राप्त किसी भी आई0 टी0 आई0 से SCVT अन्तर्गत व्यवसायों से उर्त्तीण (जिसका नामांकन वर्श–2019 से आगे लिया गया हो) एंव One Year Apprenticeship या वैसे अभ्यार्थीजो 8वीं/10वीं उर्त्तीण है। तथा मान्यता प्राप्त संस्थान/प्रतिष्ठान का 03 वर्शो का संबंधित कार्य अनुभव प्रमाण–पत्र आवश्यक है।
5–**आयु अहर्ता:-** Category-IV के लिए नामांकन के समय न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है तथा अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है।
6–दिव्यांग जनों हेतु दिव्यांगता 40% अनिवार्यहै।
7–विस्तृत विवरणी एंव अधिसूचना के Home Page में Latest News एंव Notification Section में देखा जा सकताहै।
8–व्यवसायवार रिक्त सीटों की विवरणीः–

| S.NO | Trade | Total Seat | Total Vacant Seat | Vacant PH |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Electrician | 20 | 1 | 1 |
| 2 | Fitter | 20 | 0 | 0 |
| 3 | MMV | 24 | 1 | 1 |
| 4 | Plumber | 48 | 30 | 2 |

प्रभारी प्राचार्य,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
बिश्रामपुर (LWE) पलामू।

PR 375400 (District) 25-26 (D)



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 27/2025-26

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 574/जि0प0, दिनांक 09.03.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न भवनों, परिसम्पतियों का निर्माण, मरम्मति एवं नवीनीकरण मद अन्तर्गत कुल–05 नया पंचायत भवन योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नांकित स्वीकृत योजनाओं में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 20.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 20.03.2026 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 04.04.2026 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 06.03.2026 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |

कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तरहसी | नवगढ़ | नया पंचायत भवन नवगढ़ का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/Gr-01 |
| 2 | सदर मेदिनीनगर | रजवाडीह | नया पंचायत भवन रजवाडीह का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/Gr-02 |
| 3 | सतबरवा | पोंची | नया पंचायत भवन पोंची का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/Gr-03 |
| 4 | चैनपुर | कोशियारा | नया पंचायत भवन कोशियारा का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/Gr-04 |
| 5 | पाँकी | पकरिया | नया पंचायत भवन पकरिया का निर्माण कार्य। | 9989000 | 199780 | 10000 | 12 माह | NIT-27/2025-26/Gr-05 |

नोट –
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 375408 District (25-26)_D

## संक्षिप्त समाचार

### बोधघाट परियोजना से बदल सकता है बस्तर का अर्थशास्त्र

**रायपुर, एजेंसी।** बस्तर के जंगलों में महुआ की महक फैली हुई है। सुबह होते ही आदिवासी महिलाएं और बच्चे टोकरी लेकर पेड़ों के नीचे गिरे फूल बीनने निकल पड़ते हैं। महुआ कई परिवारों के लिए नकदी का बड़ा सहारा है। कुछ महीनों बाद बारिश आएगी और खेतों में धान, कोदो व कोसरा बोया जाएगा। फसल कटने के बाद खेत फिर खाली हो जाएंगे और ग्रामीणों के हाथ भी। यही कारण है कि प्रकृति से संपन्न होने के बावजूद बस्तर का बड़ा हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर है। यहां की खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है। ग्रामीणों की आय का बड़ा हिस्सा महुआ, तेंदूपत्ता और अन्य लघु वनोपज पर निर्भर है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की यही कमजोरी लंबे समय तक इस इलाके में माओवादी प्रभाव की बड़ी वजह रही। ऐसे में इंद्रावती नदी पर प्रस्तावित बोधघाट परियोजना इस स्थिति को पूरी तरह बदल सकती है। यदि यह परियोजना सफल होती है, तो बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जैसे जिलों में करीब सात लाख हेक्टेयर भूमि को पानी मिल सकता है। इंद्रावती नदी पर सिंचाई परियोजनाओं की परिकल्पना 1960 में की गई थी। 1979 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने बोधघाट परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसके लिए केंद्र सरकार ने विश्व बैंक से 300 करोड़ रुपये का ऋण लिया था, लेकिन वन एवं पर्यावरण संबंधी आपत्तियों व प्रभावित लोगों के विरोध के चलते 1986 में परियोजना रोक दी गई। राज्य सरकार ने बोधघाट परियोजना को नए स्वरूप में आगे बढ़ाने की पहल की है, लेकिन 52 जनजातीय गांवों के पुनर्वास की चुनौती के कारण परियोजना की रफ्तार सुस्त है। राजनीतिक दलों के नेता खुलकर पहल करने से बचते दिख रहे हैं। प्रस्ताव के अनुसार, बोधघाट को बहुउद्देशीय डैम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे सिंचाई के साथ बिजली उत्पादन भी संभव होगा।

### कैसा होगा हिमाचल प्रदेश का बजट? तैयारियों में जुटे सीएम सुक्खू

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 21 मार्च को विधानसभा में पेश होने वाले वर्ष 2026-27 के बजट की तैयारियों में जुटे हैं। सोमवार को उन्होंने सचिवालय में वित्त और योजना विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने बजट के प्रारूप पर मीडिया से अधिक जानकारी साझा करने से परहेज किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उनका चौथा बजट हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और प्रभावी कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि बजट तैयार करते समय समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। गौरतलब है कि विधानसभा का बजट सत्र 18 मार्च से फिर शुरू हो रहा है, जिसके दौरान हंगामेदार स्थिति बनने की संभावना है। विपक्ष सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की तैयारी कर रहा है, जबकि सरकार भी सदन में तथ्यों के साथ जवाब देने की रणनीति बना रही है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सत्र से एक दिन पहले मीडिया से मिलकर विधानसभा सचिवालय की तैयारियों की जानकारी देंगे। वे सदन में पूछे जाने वाले तारांकित और अतारांकित प्रश्नों के साथ-साथ विभिन्न नियमों के तहत होने वाली चर्चाओं के विषयों पर भी जानकारी साझा करेंगे। सबसे पहले राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी, जो 20 मार्च तक चलेगी। इसके बाद, मुख्यमंत्री 21 मार्च को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत करेंगे। बजट पर सामान्य चर्चा 23 से 25 मार्च तक होगी। इसके बाद कटौती प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा और 30 मार्च को बजट पारित किया जाएगा। बजट पारित होने के बाद 31 मार्च को गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस रखा गया है, जबकि दो अप्रैल को बजट सत्र का समापन होगा। बजट सत्र के लिए भाजपा विधायक दल की बैठक मंगलवार शाम सात बजे नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में होगी।

# कांग्रेस की बागी मुस्लिम विधायक ने भाजपा समर्थित उम्मीदवार को दिया वोट

**भुवनेश्वर , एजेंसी।** ओडिशा में 16 मार्च को 4 सीटों के लिए हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। बाराबती-कटक सीट से कांग्रेस की विधायक सोफिया फिरदौस समेत तीन कांग्रेस विधायकों ने खुली बगावत करते हुए पार्टी के संयुक्त उम्मीदवार डॉ. दत्तेश्वर होता के खिलाफ भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप राय को वोट डाला। कांग्रेस ने बीजु जनता दल के साथ मिलकर उम्मीदवार खड़ा किया था। लेकिन कांग्रेस की मुस्लिम विधायक सोफिया फिरदौस ने उन्हें वोट नहीं डाला।

सोफिया फिरदौस ओडिशा की कटक-बाराबती विधानसभा सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मौजूदा विधायक हैं। वे ओडिशा की पहली मुस्लिम महिला विधायक हैं। उनके पिता मोहम्मद मोकीम 2019-2024 तक इसी सीट से विधायक थे, लेकिन धोखाधड़ी के मामलों में उनकी सदस्यता रद्द हो गई। सोफिया ने 2024 के विधानसभा चुनाव में पिता की विरासत संभाली और भाजपा के पूर्ण चंद्र महापात्र को 8,001 वोटों के अंतर से हराकर जीत दर्ज की। राज्यसभा चुनाव की वोटिंग से ठीक पहले सोफिया फिरदौस ने मीडिया के सामने आकर अपनी ही पार्टी के खिलाफ खुलकर नाराजगी जाहिर की थी। उनकी बगावत के कई कारण थे। ओडिशा में चौथी



राज्यसभा सीट के लिए कांग्रेस ने बीजू जनता दल के उम्मीदवार दत्तेश्वर होता को अपना समर्थन देने का ऐलान किया था। सोफिया का आरोप था कि पार्टी आलाकमान ने इस फैसले से पहले विधायकों से कोई चर्चा नहीं की और न ही उनकी राय ली।सोफिया ने सवाल उठाया कि कांग्रेस उस बीजेडी का समर्थन कैसे कर सकती है जो संसद में हर बार (जैसे वक्फ बिल के मुद्दे पर) बीजेपी का समर्थन करती आई है। उन्होंने नवीन पटनायक की पार्टी को बीजेपी की 'बी-टीम' करार दिया। चुनाव से पहले जब कांग्रेस ने अपने कई विधायकों को 'हॉर्स ट्रेडिंग' से बचाने के लिए कर्नाटक (बेंगलुरु) के एक रिसॉर्ट में भेज दिया था, तब सोफिया को इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी। इससे वे खुद को पार्टी में हाशिए पर महसूस कर रही थीं। 16 मार्च को जब 4 राज्यसभा सीटों के लिए मतदान हुआ, तो 5 उम्मीदवार मैदान में थे। चौथी सीट पर मुख्य मुकाबला बीजेडी-कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार दत्तेश्वर होता और बीजेपी द्वारा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे के बीच था। इसी दौरान सोफिया फिरदौस ने अपनी खुली बगावत को अंजाम दिया। उन्होंने पार्टी व्हिप की परवाह न करते हुए दो अन्य कांग्रेस विधायकों- रमेश जेना और दाशरथी गोमांगो के साथ मिलकर क्रॉस वोटिंग की। इन तीनों ने बीजेडी-कांग्रेस के साझा उम्मीदवार के बजाय बीजेपी समर्थित दिलीप रे को वोट दे दिया। कांग्रेस के इन 3 विधायकों और बीजेडी के 8 विधायकों की क्रॉस वोटिंग के कारण, बीजेपी समर्थित दिलीप रे ने बाजी मार ली और दत्तेश्वर होता चुनाव हार गए। इस खुली बगावत के बाद कांग्रेस में भारी आक्रोश है। ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भक्त चरण दास ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उन्हें रमेश जेना और गोमांगो से ऐसी उम्मीद नहीं थी, लेकिन सबसे ज्यादा हैरानी सोफिया फिरदौस के कदम से हुई है। उनका राजनीतिक भविष्य बहुत उज्ज्वल था। लेकिन क्रॉस वोटिंग करके उन्होंने कटक में अपनी आगे की संभावनाएं खत्म कर ली हैं। पार्टी अब इस मामले को कांग्रेस हाईकमान के पास भेज चुकी है और 10वीं अनुसूची (दल-बदल कानून) के तहत इन बागी विधायकों की विधानसभा सदस्यता रद्द कराने के लिए कानूनी कदम उठाने की तैयारी कर रही है।

# कपूरथला रेल कोच फैक्ट्रीः आधुनिक भारत की रेल यात्रा का आधार, पंजाब के औद्योगिक विकास का प्रतीक

**नई दिल्ली / कपूरथला।** देश के समग्र विकास में सभी राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, लेकिन कुछ राज्यों ने विशेष क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। पंजाब उन्हीं अग्रणी राज्यों में शामिल है, जहाँ कृषि, डेयरी और औद्योगिक इकाइयों के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों ने आर्थिक उन्नति को नई दिशा दी है। इसी क्रम में कपूरथला स्थित रेल कोच फैक्ट्री (RCF) भारतीय रेल के आधुनिकीकरण का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभरी है। करीब 1100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली यह विशाल औद्योगिक इकाई देश की रेल व्यवस्था को गति देने में अहम योगदान दे रही है। प्रेस सूचना ब्यूरो (PIB) के नेतृत्व में बिहार से आए पत्रकारों के एक दल ने फैक्ट्री का दौरा कर इसके विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं और तकनीकी पहलुओं का गहन अध्ययन किया।





दौरे के दौरान पत्रकारों को फैक्ट्री के अलग-अलग उत्पादन सेक्शनों—डिजाइन, बॉडी निर्माण, वेल्डिंग, पेंटिंग और अंतिम असेंबली—का निरीक्षण कराया गया। आधुनिक मशीनों और स्वचालित उत्पादन प्रणाली के माध्यम से तैयार हो रहे कोचों की लंबी श्रृंखला ने सभी को प्रभावित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस फैक्ट्री की स्थापना वर्ष 1985 में की गई थी और तब से अब तक यहाँ हजारों अत्याधुनिक रेल कोचों का निर्माण किया जा चुका है। वर्तमान में यहाँ मुख्य रूप से एलएचबी (LHB) तकनीक के कोच बनाए जा रहे हैं, जो अधिक सुरक्षित, तेज और आरामदायक होते हैं। इन कोचों की गति क्षमता 130 से 160 किलोमीटर प्रति घंटा तक है और इनमें उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम, स्टेनलेस स्टील बॉडी तथा बेहतर सस्पेंशन जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। फैक्ट्री के तकनीशियनों और इंजीनियरों की मेहनत का ही परिणाम है कि यह एशिया की प्रमुख कोच निर्माण इकाइयों में शामिल हो चुकी है। यहाँ निर्मित कोचों का निर्यात बांग्लादेश तक किया जा चुका है। इसके साथ ही वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों के लिए भी कोच तैयार किए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय रेल के आधुनिकीकरण में इस फैक्ट्री की महत्वपूर्ण भूमिका है। देशभर में चलने वाली कई प्रमुख ट्रेनों के कोच यहीं तैयार होते हैं। फैक्ट्री की वार्षिक उत्पादन क्षमता लगातार बढ़ रही है और वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग 3000 से अधिक कोचों का निर्माण किया जा रहा है, जो एक रिकॉर्ड है। गुणवत्ता और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक कोच को कई स्तरों की तकनीकी जांच से गुजरना पड़ता है, जिसके बाद ही उसे रेलवे नेटवर्क में शामिल किया जाता है। रेल कोच फैक्ट्री केवल एक औद्योगिक इकाई ही नहीं, बल्कि एक सुव्यवस्थित टाउनशिप भी है। यहाँ कर्मचारियों के लिए लगभग 800 आवासीय फ्लैट, विद्यालय, अस्पताल, खेल परिसर तथा पर्यावरण संरक्षण के तहत एक लाख से अधिक पेड़-पौधे लगाए गए हैं। इससे हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों को बेहतर जीवन-परिस्थितियाँ उपलब्ध होती हैं। प्रेस टूर में शामिल पत्रकारों ने इसे भारतीय रेलवे की तकनीकी प्रगति का सशक्त उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि यहाँ निर्मित कोच देश की रेल यात्रा को अधिक सुरक्षित, आरामदायक और आधुनिक बना रहे हैं। पत्रकारों ने यह भी रेखांकित किया कि बिहार जैसे राज्यों में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध है, जो अन्य राज्यों में जाकर अपनी मेहनत से विकास में योगदान देता है। यदि बिहार में भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित किए जाएँ, तो न केवल राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि देश के समग्र विकास को भी गति मिलेगी। कुल मिलाकर, कपूरथला की रेल कोच फैक्ट्री न केवल पंजाब के औद्योगिक विकास का प्रतीक है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारत तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता के बल पर विश्वस्तरीय रेल अवसंरचना की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### हिमाचल में बारिश और ओले बने आफत, बीच रास्ते में फंसे पर्यटकों के वाहन; कृषि और बागवानी को भी नुकसान

**शिमला, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता ने एक तरफ तो सूखे से राहत प्रदान की है लेकिन दूसरी तरफ भारी ओलावृष्टि के कारण शिमला में नवबहार में गाडियां फिसल रही थी और इसके कारण ट्रैफिक जाम रहा। जबकि राजधानी शिमला के अलावा ठियोग, नारकंडा, कुफरी, मशोबरा, शिमलारु, रोहडू के अलावा सोलन और सिरमौर में कृषि और बागवानी को बहुत नुकसान हुआ है। पेडों के नुकसान होने के साथ फलदार पौधों में आए फूल झड़ गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मौसम अधिकारी शोभित कटारिया ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और आंधी ने तापमान को गिराया है। इसके कारण दिन के मापमान में सामान्य से 10 से 16 डिग्री तापमान गिरने से हिमपात और ओले गिरे हैं। प्रदेश में दो दिनों में न्यूनतम तापमान में और अधिकतम तापमान में भारी गिरावट आई है। ऐसे में लाहुल स्पीति, किन्नौर, चंबा का पांगी, भरमौर और शिमला के ऊपरी क्षेत्रों में तापमान जमावबिंदु से नीचे पहुंच गया है। जबकि दो दिन पूर्व दिन का तापमान 30 के पार था। सोमवार को भी प्रदेश में ऊंच क्षेत्रां के अलावा कांगड़ा जिले की धौलाधार रेंज बर्फ की पतली चादर से ढक गई। बीते चौबीस घंटों के दौरान शिमला के खदराला में 14 सेंटीमीटर, कल्पा में 7.4, किन्नौर में 6 और लाहुल-स्पीति में 2 सेंटीमीटर बर्फ गिरी। प्रदेश में धर्मशाला में 34, चंबा जिले के सलूणी 32 मिलीमीटर, शिमला के सराहन में 30, रामपुर, भावा नगर (किन्नौर) मंडी, कुल्लू और बिलासपुर में 20 से 25 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। शिमला के पास कुफरी और जुब्बरहट्टी, कांगड़ा, सुंदरनगर, मंडी जिले के जोत और मुरारी देवी में आंधी और बिजली कड़कने की घटनाएं हुई। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार और वीरवार को कुछ जगहों पर ओले गिरने और शुक्रवार तक आंधी, बिजली कड़कने और 40-60 किलोमीटर प्रतिघंटा के रफ्तार से तेज हवाएं चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश में ठंड के तेवर कडे होने और आंधी के चलने से नाहन और सोलन में 20 डिग्री से अधिक तापमान रहा। जबकि बाकी सभी स्थानों में इससे कम रहा।

# जम्मू-कश्मीर में वोटर लिस्ट में जुड़े 1.60 लाख नाम

**जम्मू, एजेंसी।** देश के अलग-अलग राज्यों में इन दिनों चुनाव आयोग की ओर से विशेष गहन पुनरीक्षण यानी स्includes की प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत बिहार, बंगाल, यूपी समेत देश के ज्यादातर राज्यों में वोटरों की संख्या कम हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि मौके पर उतने मतदाता नहीं पाए गए, जितने लिस्ट में शामिल थे। वहीं केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में उलट स्थिति देखी गई है। यहां मतदाता सूचियों में 1.60 लाख नए नाम जोड़े गए हैं। इसके अलावा 67,790 नाम हटाए गए हैं। वहीं 2.29 लाख मतदाताओं के नाम और पते आदि में करेक्शन हुए हैं।

जम्मू जिले में सबसे ज्यादा नाम काटे गए हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यहां डुप्लिकेंट एंट्री की संख्या अधिक थी। वहीं दूसरे इलाकों में पलायन करने वाले भी काफी ज्यादा हैं। हालांकि एक तथ्य यह भी है कि कई राज्यों में चल रहे स्includes से यह प्रक्रिया अलग है, जो जम्मू-कश्मीर में हुई है। इस प्रक्रिया को स्पेशल समरी रिवीजन का नाम दिया है। जम्मू जिले में यदि सबसे ज्यादा काटने पड़े हैं तो वहीं श्रीनगर में सबसे ज्यादा नए वोटर जुड़े हैं। जम्मू में सबसे ज्यादा मतदाता पाए गए हैं, जिनकी कुल संख्या 11,89,555 है। दूसरे स्थान पर श्रीनगर है। इस शहर में मतदाताओं की संख्या 7,53,222 है। वहीं बारामूला का आंकड़ा 7,20,500 का है।



सबसे ज्यादा 30,077 वोटरों के नाम श्रीनगर में हटे हैं। इसके बाद दूसरे नंबर जम्मू रहा है, यहां 16,855 मतदाता सूची में जुड़े हैं। बारामूला में 11,854 वोटर लिस्ट में शामिल हुए हैं। अब कटने की बात करें तो 10,430 नामों के साथ जम्मू पहले स्थान पर है। बडगाम दूसरे नंबर पर है। यहां से 7,762 नाम हटे हैं। फिर अनंतनाग तीसरे स्थान पर है। यहां 5,241 नाम हटाए गए हैं। डेटा बताता है कि राज्य में कुल मिलाकर 1,60,974 नए नाम जुड़े हैं। लिस्ट से 67,690 नाम हटाने पड़े हैं। पूरे केंद्र शासित प्रदेश में 2,29,920 करेक्शन हुए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि केंद्र शासित प्रदेश में वोटर लिस्ट में सभी योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं। कोई इस लिस्ट में शामिल होने से बचे नहीं, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत यह करेक्शन किया जा रहा है। इसके माध्यम से मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने के लिए 4 क्वॉलिफाइंग तारीखें तय की गई हैं। ये तारीखें हैं- 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर। वहीं जम्मू-कश्मीर में निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भी अभियान चल रहा है।

### सिलिंडर नहीं मिला तो जला पारंपरिक चूल्हा, गाजियाबाद में तीन दिन बाद फिर शुरू हुई अग्रसेन रसोई

**गाजियाबाद, एजेंसी।** पश्चिम एशिया युद्ध के चलते शुरूआत में गैस किल्लत का सबसे अधिक प्रभाव व्यावसायिक संसाधनों पर पड़ा। इसकी चपेट में 10 रुपये में लोगों को भरपेट भोजन कराने वाली अग्रसेन रसोई भी इससे अछूती नहीं रही। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र स्थित अग्रसेन रसोई कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति न होने से शुक्रवार से बंद थी, जिसे सोमवार को लकड़ी व कोयला की पारंपरिक चूल्हा-भट्ठी जलाकर चालू किया गया। तीन दिन बाद जरूरतमंद व कामगारों ने अग्रसेन रसोई में फिर से भोजन किया। अग्रसेन रसोई के मुख्य संरक्षक वीके अग्रवाल ने बताया कि कमर्शियल सिलिंडर उपलब्ध न होने से रसोई को बंद करना पड़ा, लेकिन जरूरतमंदों की परेशानी को देखते हुए चूल्हा लकड़ी और कोयला भट्ठी पर भोजन बनाना आरंभ किया। कमर्शियल गैस सिलिंडर न मिलने से आमजन को जेब के मुताबिक भोजन परोसने वाले स्ट्रीट फूड ठेले, छोटे रेस्तरां और ढाबे बंद मिले। लोग खाने के लिए अपनी पसंदीदा जगह पर पहुंचे, लेकिन वहां खाली कुर्सियां भी उल्टी नजर आई। कुछ जगह खाने की ठेली पर भोजन मिला, लेकिन उसके दाम 10 से 15 रुपये तक बढ़े मिले।

# बाराबंकी आते समय मुझ पर फेंके गए पत्थरः चंद्रशेखर रावण

## बोले- बहुजन समाज को अब राजपाठ हासिल करना है

**बाराबंकी, एजेंसी।** यूपी के बाराबंकी में रविवार को आजाद समाज पार्टी के कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के लोगों को अब राजपाठ हासिल करना है। पहले युद्ध तलवारों से होते थे, लेकिन अब लोकतंत्र में बटन दबाकर चोट की जाती है।

शहर के निकट हैदरगढ़ रोड स्थित मजीठा में कांशीराम जयंती और पार्टी के स्थापना दिवस पर जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान चंद्रशेखर आजाद रावण ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। कहा कि प्रदेश सरकार लगातार कानून का राज होने का दावा करती है, लेकिन प्रदेश में खुलेआम हत्याएं हो रही हैं। कई जिलों में हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। आम लोगों को न्याय पाने में कठिनाई हो रही है। दावा किया कि जब वह बाराबंकी आ रहे थे तो रास्ते में उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके गए। यह पत्थर उन पर नहीं बल्कि प्रदेश सरकार के उन दावों पर फेंके गए हैं, जिनमें कानून व्यवस्था मजबूत होने की बात कही जाती है।

चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अंबेडकर ने जो सपना देखा था, वह उनके जाने के बाद अधूरा रह गया है। उस सपने को पूरा करने के लिए कांशीराम ने लंबा संघर्ष किया। अब उसी मिशन को आजाद समाज पार्टी आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह प्रचार किया जाता है कि वह किसी धर्म के खिलाफ अपशब्द कहते हैं। हमारा पुराना इतिहास देखा जा सकता है। हमने कभी किसी धर्म के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया। यह सब केवल बदनाम करने की साजिश है।



उन्होंने कहा कि बहुजन समाज को अब जागरूक होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आना होगा। लोकतंत्र में मतदान ही सबसे बड़ा हथियार है। इसी के माध्यम से सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन संभव है।

विवाद की शुरुआत तब हुई जब करणी सेना के प्रदेश महामंत्री अभिनव सिंह ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर चंद्रशेखर आजाद को सीधी चुनौती दे डाली। अभिनव सिंह ने एलान किया था कि चंद्रशेखर को बाराबंकी की धरती पर कदम नहीं रखने दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि अगर सांसद बाराबंकी आते हैं, तो करणी सेना के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर उनका पुरजोर विरोध करेंगे। इस बयान के बाद से ही बाराबंकी और आसपास के जिलों में सियासी पारा चढ़ गया था।

चंद्रशेखर आजाद ने चमड़ा उतारने, जूता बनाने और पीटने वाली बात दो बार दोहराई। लखनऊ पहुंचते ही पत्रकारों से बातचीत में चंद्रशेखर से करणी सेना की धमकी के बारे में पूछने पर कहा कि हम संविधान को मानने वाले सज्जन लोग हैं, लेकिन इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हम कमजोर हैं। हम चमड़ा उतारना भी जानते हैं और उसका जूता बनाना भी जानते हैं। समय आने पर उसी जूते को सिर पर पटककर मारना भी हमें आता है।' उन्होंने आगे कहा कि वे एक संवैधानिक पद पर हैं, इसलिए कानून का सम्मान करते हैं, लेकिन डरते किसी के बाप से नहीं हैं। चंद्रशेखर ने यही बातें बाराबंकी की सभा में मंच से भी दोहराईं। चंद्रशेखर ने बिना करणी सेना या उसके नेता का नाम लिए कहा कि कुछ लोग खुलेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं। घुसने नहीं देंगे पैर तोड़ देंगे कहते हैं। रास्ते में मेरे काफिले पर पत्थर भी फेंकने की कोशिश की गई थी। चंद्रशेखर ने भारी भीड़ के बीच अपने पैरों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि मैं चमड़े की चप्पल पहनकर आया हूं। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी का झंडा और डंडा दोनों मजबूत है।

# भाभी के खिलाफ उम्मीदवार नहीं, बारामती उपचुनाव में सुप्रिया सुले ने सुनेत्रा पवार को दिया वॉकओवर

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने सोमवार को कहाकि उनकी पार्टी आगामी बारामती विधानसभा उपचुनाव में डिप्टी सीएम और राकांपा नेता सुनेत्रा पवार के खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारेगी। निर्वाचन आयोग ने रविवार को घोषणा की कि पुणे के बारामती और अहिल्यानगर के राहुरी में उपचुनाव 23 अप्रैल को होंगे। बारामती और राहुरी उपचुनाव क्रमशः पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक शिवाजी कर्डिले के निधन के कारण जरूरी हो गए हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की अध्यक्ष सुनेत्रा पवार के बारामती से उपचुनाव लड़ने की संभावना है।

सुले ने दिल्ली में पत्रकारों से कहाकि मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि राकांपा (शप) बारामती उपचुनाव नहीं लड़ेगी। हम सुनेत्रा वहिनी (भाभी) के खिलाफ अपना उम्मीदवार नहीं उतारेंगे। राहुरी सीट के संबंध में (विपक्षी) महा विकास आघाडी (एमवीए) के सहयोगी इस सीट पर विचार-विमर्श करेंगे और अगले कुछ दिनों में निर्णय लिया जाएगा। महाराष्ट्र



के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा था कि बारामती और राहुरी विधानसभा सीट पर उपचुनाव आम सहमति से निर्विरोध कराए जाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर मुकाबला होता है तो भाजपा इसके लिए तैयार है। साल 2024 के आम चुनावों में राकांपा (शप) प्रमुख शरद पवार की बेटी सुले ने अपने चचेरे भाई अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराकर बारामती लोकसभा सीट बरकरार रखी थी, जो पहली बार चुनाव लड़ रही थीं। बाद में सुनेत्रा पवार राज्यसभा सदस्य चुनी गईं। इस साल 28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती हवाई पट्टी के पास एक विमान दुर्घटना में उनके पति अजित पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## कैंसर बेल्ट की ओर बढ़ता उत्तर भारत?

हाल के वर्षों में भारत में कैंसर का रोग जिस पैमाने पर बढ़ता देखा जा रहा है, उसने समूचे चिकित्सा जगत में चिंता पैदा कर दी है। विडंबना यह है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में तमाम प्रगति के बावजूद देश में कैंसर के मामलों में खासी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। आमतौर पर इसके उपचार पर तो ध्यान केंद्रित किया जाता है, लेकिन बचाव की दिशा में नहीं सोचा जा रहा है। नतीजतन, कैंसर के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है ।पिछले दिनों राज्यसभा में केंद्र सरकार की ओर से प्रस्तुत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के आंकड़ों ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। इसके मुताबिक, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान कैंसर के मामलों और इससे होने वाली मौतों में निरंतर वृद्धि हुई है। इस अवधि में इन चारों क्षेत्रों में कुल चार लाख सत्रह हजार से अधिक मरीजों के आने का अनुमान है ।आंकड़ों के हिसाब से चंडीगढ़ में ही प्रतिदिन दो लोगों की मौत हो रही है। बीते पांच वर्षों में करीब दो लाख पैंतीस हजार से अधिक लोगों की मौत से स्थिति की गंभीरता का पता चलता है। गौरतलब है कि हर साल कैंसर के करीब पंद्रह लाख नए मरीज सामने आते हैं। अगले बीस वर्षों में यह संख्या पच्चीस लाख पहुंचने का अंदेशा है। महज दवाओं को सस्ता करने और कैंसर अस्पताल खोल देने भर से यह समस्या दूर नहीं होगी। सच यह है कि मरीजों को इस समय सस्ता और सुलभ उपचार की जरूरत है ।मगर समस्या को जड़ से मिटाने के लिए कैंसर की रोकथाम पर काम करने के साथ नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना होगा। फिलहाल लक्ष्य यह होना चाहिए कि पहले चरण में ही मर्ज की पहचान कर ली जाए और जिन कारणों से मामले बढ़ रहे हैं, उनको जड़ से खत्म किया जाए ।पंजाब और हरियाणा सहित सभी राज्यों में कीटनाशकों के बेलगाम इस्तेमाल पर रोक लगाना होगा, क्योंकि कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे इसे भी एक बड़ी वजह माना गया है। औद्योगिक कचरों के सख्ती से निपटान के साथ वायु और भू-जल प्रदूषण पर भी अंकुश लगाने की तत्काल जरूरत है ।दुनिया भर में युद्ध सैन्य मोर्चों पर लड़े जाते रहे हैं।

*डिस्ट्रॉयर्स से लैस यूएस नौसेना का एक बेड़ा हवाई सुरक्षा कवर देगा, जबकि असॉल्ट जहाज़ सैनिकों को वहाँ पहुँचाएँगे। इसके अलावा, र वायुसेना अतिरिक्त सैनिकों को उस द्वीप तक पहुँचाएगी। संयोग से, यूएस जापान से 2,500 मरीन सैनिकों और तीन एम्फीबियस युद्धपोतों—जिनमें यूएसएस ट्रिपोली भी शामिल है—को मध्य-पूर्व की ओर भेज रहा है; इससे यह संकेत मिलता है।*

## दुनिया देखेगी तीसरा विश्वयुद्ध? अमेरिका काटने जा रहा ईरान की जीवनरेखा?

(रेनू तिवारी)

ईरान युद्ध के दो हफ्तों बाद भी मध्य-पूर्व में तनाव का स्तर अपने चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खर्ग द्वीप पर इस क्षेत्र के इतिहास की 'सबसे भीषण बमबारी' की है। ईरान युद्ध के दो हफ्तों बाद भी मध्य-पूर्व में तनाव का स्तर अपने चरम पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खर्ग द्वीप पर इस क्षेत्र के इतिहास की सबसे भीषण बमबारी की है। यह द्वीप न केवल एक प्रतिबंधित सैन्य क्षेत्र है, बल्कि इसे ईरान की आर्थिक जीवनरेखा माना जाता है। लक्षद्वीप के सभी द्वीपों को मिलाकर बने क्षेत्रफल से भी छोटा यह द्वीप ईरान के लिए किसी खजाने से कम नहीं है। ईरान के कुल तेल निर्यात का 90 प्रतिशत हिस्सा यहीं से संसाधित होता है। 2024 में ईरान ने तेल बिक्री से लगभग 78 बिलियन कमाए, जिसका मुख्य केंद्र खर्ग ही था। यहाँ का समुद्र इतना गहरा है कि दुनिया के सबसे बड़े तेल टैंकर यहाँ आसानी से डॉक कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप मुख्य भूमि ईरान (जो इराक से 4 गुना बड़ा है) पर हमला करने के बजाय खर्ग द्वीप पर (जमीनी सेना) उतारने का प्रलोभन महसूस कर सकते हैं। यह द्वीप मुख्य भूमि से 25-28 किमी दूर है। यदि अमेरिका इस पर अचानक कब्जा कर लेता है, तो ईरान के लिए कम समय में वहां सेना भेजना नामुमकिन होगा। खर्ग पर कब्जा करने का मतलब है ईरान की 90त्न कमाई पर ताला लगा देना। इससे ट्रंप को ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने की अपार शक्ति मिलेगी। ईरान युद्ध के दो हफ़्ते बीत जाने के बाद भी, अमेरिका और इज़राइल का एक मुख्य लक्ष्य -- देश में सत्ता परिवर्तन -- अभी भी पूरा नहीं हो पाया है, जबकि युद्ध के पहले ही दिन सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे जा चुके थे। इसके बजाय, ईरान ने इस संघर्ष को पूरे खाड़ी क्षेत्र में फैला दिया है और उसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य और वहाँ से गुज़रने वाले तेल को प्रभावी ढंग से बंधक बना लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्य ईरान, इराक या वेनेज़ुएला जैसा नहीं है, और वहाँ ज़मीन पर सेना उतारने से भारी जान-माल के नुकसान का काफ़ी जोखिम होगा -- जो उनके घरेलू दर्शकों (देश की जनता) के लिहाज़ से एक राजनीतिक रूप से जोखिम भरी रणनीति होगी। इसे सही परिप्रेक्ष्य में समझने के लिए, ईरान इराक से चार गुना बड़ा है और वहाँ विशाल, ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाका है। हालाँकि, खर्ग -- जो लक्षद्वीप के सभी द्वीपों को मिलाकर बने कुल क्षेत्रफल से भी छोटा द्वीप है और ईरान के तट से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित है -- ठीक वैसी ही जगह है जो किसी भी सैन्य कमांडर की नज़र में हमले के लिए सबसे उपयुक्त जगहों की सूची में सबसे ऊपर होगी। इस द्वीप के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है; यह हमेशा गोपनीयता के आवरण में लिपटा रहता है और इसकी सुरक्षा आईआरजीसी के कमांडो करते हैं। ईरानियों के लिए, इसे 'वर्जित द्वीप' के नाम से जाना जाता है, जहाँ केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही जाने की सख़्त अनुमति है। लेकिन यह इतना महत्वपूर्ण क्यों है? पाँच मील लंबा होने के बावजूद, खर्ग असल में ईरान के तेल निर्यात का नियंत्रण केंद्र है। खर्ग द्वीप इतना महत्वपूर्ण क्यों है? दिलचस्प बात यह है कि 1979 की क्रांति के दौरान ईरान ने अमेरिका से खर्ग द्वीप को अपने कब्ज़े में ले लिया था। आज, यहाँ से ईरान के कुल तेल निर्यात का 90त्न हिस्सा संसाधित होता है, और यहाँ सालाना लगभग 950 मिलियन बैरल तेल का प्रबंधन किया जाता है। सबसे अहम बात यह है कि खर्ग गहरे पानी के करीब है, जहाँ तेल टैंकर सुरक्षित रूप से डॉक कर सकते हैं और कच्चा तेल लोड कर सकते हैं; यह तेल ज़्यादातर भारत और चीन जैसे एशियाई बाज़ारों में जाता है। 2024 में, ईरान ने तेल की बिक्री से लगभग 78 बिलियन ( 7.2 लाख करोड़) कमाए। इस कमाई का ज़्यादातर हिस्सा खर्ग से बेचे गए कच्चे तेल से आया। यह पैसा न केवल सरकारी कामकाज के लिए फंड देता है, बल्कि ईरान के रक्षा प्रोजेक्ट्स के लिए भी बहुत ज़रूरी है—जिसमें उसके मिसाइल और ड्रोन बेड़े का विकास भी शामिल है। इसलिए, खर्ग पर कब्ज़ा करना ईरानी शासन के लिए आर्थिक और सैन्य, दोनों ही लिहाज़ से एक जानलेवा झटका साबित होगा। इससे ट्रंप को काफी ज़्यादा मोलभाव करने की ताकत मिलेगी। आखिर, उन्होंने ईरानी तेल हासिल करने की संभावना को खुला रखा है। ठीक वैसे ही, जैसा उन्होंने वेनेज़ुएला के साथ किया था। दरअसल, एईस की रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में व्हाइट हाउस में हुई एक बेहद गोपनीय बैठक में, ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने खर्ग पर कब्ज़ा करने की संभावना पर चर्चा की थी। शिकागो यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रॉबर्ट पेप ने मीडिया को बताया कि इस तरह का ज़मीनी युद्ध होगा या नहीं, यह सवाल नहीं है; सवाल तो बस यह है कि यह कब होगा। भू-राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ पेप ने कहा, पिछले 100 सालों में, हवाई हमलों के ज़रिए किसी शासन को उखाड़ फेंकने की कई कोशिशें हुई हैं, लेकिन इस पूरे समय में, सिर्फ़ हवाई ताकत के दम पर ऐसा कभी नहीं हो पाया है। किसी शासन को बदलने के लिए, आपको न सिर्फ़ ज़मीनी युद्ध लड़ना पड़ता है, बल्कि एक बेहद क्रूर युद्ध लड़ना पड़ता है—जिसमें दोनों तरफ़ भारी नुकसान होता है और बहुत ज़्यादा जानें जाती हैं। खर्ग द्वीप, भले ही ईरान के तेल का मुख्य केंद्र हो, लेकिन अपनी भौगोलिक स्थिति (दूरी) की वजह से यह उसकी सबसे बड़ी कमज़ोरी भी है। यह द्वीप मुख्य भूमि से लगभग 28 किलोमीटर दूर स्थित है—जो भारत और श्रीलंका के बीच की दूरी से थोड़ा ही कम है। इसलिए, अगर अमेरिका और इज़रायल की सेनाएँ अचानक ज़मीनी हमला कर दें, तो इतने कम समय में खर्ग तक अपनी सेना पहुँचाना ईरान के लिए मुमकिन नहीं होगा। लेकिन अमेरिका का ज़मीनी हमला किस तरह से आगे बढ़ेगा? एक काल्पनिक स्थिति का अंदाज़ा लगाने के लिए, हमने रक्षा विशेषज्ञ संदीप उन्नीथन से बात की है। अमेरिका खर्ग द्वीप पर कब्ज़ा करने की कोशिश कैसे कर सकता है? वहाँ मौजूद भारी सैन्य ताकतों को देखते हुए, खर्ग द्वीप पर कब्ज़ा करने की किसी भी कोशिश के लिए एक बहुत ही सोच-समझकर बनाई गई, कई चरणों वाली योजना की ज़रूरत होगी। ज़मीनी हमले की शुरुआत शायद हवाई क्षेत्र में अपनी पूरी पकड़ बनाने और ईरान के हवाई सुरक्षा तंत्र को पंगु बनाने से होगी—ताकि लड़ाकू विमान हमलावर सैनिकों को वहाँ उतार सकें; ठीक उसी तरह का ऑपरेशन, जैसा कि अमेरिका का दावा है कि उसने शुक्रवार को अंजाम दिया था। उन्नीथन के अनुसार, इस तरह के किसी भी ऑपरेशन में संभवतः नौसेना और वायुसेना का एक संयुक्त हमला शामिल होगा, जिसमें नेवी सील्स, डेल्टा फोर्स और आर्मी रेंजर्स जैसी स्पेशल फोर्स यूनिट्स हिस्सा लेंगी।

## चैटजीपीटी–मदद करने वाली मशीन या खतरनाक साजिश की चाबी?

कृत्रिम मेधा पर आधारित चैटजीपीटी को एक सुविधा के तौर पर इसलिए देखा गया था, ताकि जानकारी जुटाने के मामले में लोगों को आसानी हो। मुश्किल और जटिल सवालों का जवाब वह इंसानों की तरह दे। उसने ऐसा किया भी। मगर इस बात पर शायद गौर नहीं किया गया था कि इसे जिस स्वरूप में तैयार किया गया है, उसमें इसका बेजा इस्तेमाल भी आसानी से किया जा सकता है ।हालत यह है कि इसके दुरुपयोग की वजह से अब मनुष्य की मेधा ही नहीं, उसका जीवन भी खतरे में आ रहा है। हत्या और आत्महत्या के मामले में 'चैटबाट' के बढ़ते दुरुपयोग को गंभीरता से लेने की जरूरत है। हाल ही में कनाडा के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में चैटजीपीटी के दुरुपयोग की खबर सामने आई है ।इस घटना में बुरी तरह जख्मी एक छात्रा के माता-पिता ने मुकदमे में आरोप लगाया कि 'चैटबाट' बनाने वाली ओपनएआइ को पहले से मालूम था कि चैटजीपीटी के जरिए हमलावर सामूहिक हत्या की योजना बना रहा था। इस मामले में ओपनएआइ का हैरान करने वाला जवाब है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, पर पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। इससे साबित होता है कि चैटजीपीटी का दुरुपयोग किस खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है ।निराशा की बात है कि इस पर नियंत्रण के लिए कोई नियामक नहीं है। खास क्षमता से दक्ष चैटजीपीटी एक सलाहकार या सहयोगी की तरह काम करता है। यह व्यक्ति की मनोस्थिति के हिसाब से सवालों के जवाब देता है। हत्या या खुदकुशी के मामलों में इसके दुरुपयोग के कई मामले सामने आ चुके हैं ।विचित्र बात है कि 'चैटबाट' गलत कदम उठाने को सही ठहरा देता है और अपनी या दूसरों की जान लेने के तरीके बता देता है।

## 'मां उंगली पकड़कर संगीत की दहलीज पर ले गई तो सासू मां ने आगे बढ़ना सिखाया'

(पूनम बिष्ट)

भूली-बिसरी लोक कला को जीवन दे रहीं शास्त्रीय गायिका और लोक कलाकार डॉ कुसुम भट्ट। कोई भी हुनर तभी अच्छे से निखरता है जब उसे अपने घर पर इसके लिए सकारात्मक माहौल मिलता है और जब बात एक महिला के हुनर की हो तो यह सपोर्ट एक नहीं दो-दो घरों से चाहिए होता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज हम आपको ऐसी ही शख्सियत के बारे में बता रहे हैं जो रंगमंच से लेकर टीवी जगत तक में उत्तराखंड की लोक संस्कृति का एक जाना पहचाना नाम हैं। हम बात कर रहे हैं डॉ कुसुम भट्ट की। उत्तराखंड में बर्फ से ढंकी वादियों से घिरे पौड़ी गढ़वाल में पली-बढ़ीं डॉ कुसुम की शिक्षा और संगीत की दीक्षा पौड़ी में रहकर ही हुई। उन्हें अपने गुरु श्री मोहन सिंह रावत पौड़ी में ही मिले। वह बताती हैं, पांच भाई-बहनों के हमारे परिवार में मैं दूसरे नंबर की बेटी हूं। मां ने गायिकी में मेरी रुचि देखी तो उन्होंने प्रोत्साहित किया और संगीत की दीक्षा दिलवाई। पिता देवेंद्र दत्त कारोबारी तो मां रोशनी देवी गृहिणी मगर उन्होंने मुझे कभी संगीत की दिशा में आगे बढ़ने के लिए नहीं रोका। यह इसलिए अहम है कि उस दौर में संगीत से जुड़े लोगों खासकर महिलाओं को अच्छी नजर से नहीं देखा जाता था। मैंने रामलीला में गायन से शुरुआत की। महज 12 साल की उम्र में 1996 में मुझे सर्वश्रेष्ठ गायिका का पुरस्कार मिला। वहीं रहकर मैंने शास्त्रीय संगीत और तबला वादन में विशारद की। आगे की राह तलाशने के लिए 21 साल की उम्र में दिल्ली आ गई। शुरुआत में कई स्कूलों में म्यूजिक टीचर के तौर पर काम किया। इस दौरान सीडी, डॉक्युमेंट्री, शो में गाना शुरू किया। ऐसे ही एक दिन मुझे एक शो के दौरान परफॉर्मेंस करते हुए ग्वालियर घराने की शास्त्रीय गायिका सविता देवी मिलीं। वह आकाशवाणी की आर्टिस्ट थीं। उन्हें मेरी कला और व्यक्तित्व इतना अच्छा लगा कि उन्होंने अपने बेटे के लिए मेरा हाथ मांग लिया। इस तरह मेरे जीवन में एक और गुरु का प्रवेश हुआ। मेरी सासू मां हमेशा मुझे संगीत के रियाज के लिए प्रोत्साहित करतीं। वह चाहती थीं कि शादी के बाद जिस तरह ज्यादातर कलाकारों को अपना हुनर त्यागना पड़ता है, वैसा मेरे साथ न हो। उन्हीं के प्रोत्साहन से मैंने संगीत के क्षेत्र में काम जारी रखा। सासू मां के बाद पति पीयूष शर्मा ने हर कदम पर साथ दिया। वह खुद भी कारोबारी हैं और क्रिकेटर रहे हैं। परिवार के इसी सपोर्ट के बदौलत, घर की जिम्मेदारियां निभाते हुए मैंने शास्त्रीय संगीत से एक कदम आगे बढ़ाकर उत्तराखंड के लोक नाट्य, लोक संगीत, लुप्त हो रही परंपराओं पर शोध शुरू किया। 2019 में मैंने उत्तराखंड के होली गीतों पर अपनी पीएचडी पूरी की। उसके बाद पहाड़ों की लुप्त हो रही पांडवानी पर रिसर्च शुरू की। दिल्ली में रहकर पहाड़ों की लुप्त हो रही कलाओं पर शोध कैसे करती हैं, इस सवाल पर डॉ कुसुम बताती हैं, संपर्क खोजकर मैं उन इलाकों तक जाती हूं जहां आज भी ये विधाएं अपने मूल रूप में हैं। हाल ही में मैं केदारघाटी, ऊखीमठ इलाके में गई जहां मुखौटा शैली, पांडवानी आज भी जिंदा है। मेरी कोशिश है कि रिसर्च के साथ मैं दिल्ली के युवाओं को भी इन विधाओं से अवगत कराऊ, इसीलिए मैं युवाओं को फ्री में पांडवानी, मुखौटा, होली गीत की वर्कशॉप कराती हूं। बुराड़ी, बदरपुर में ऐसी वर्कशॉप कर चुकी हूं। दिल्ली सरकार की गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी अकादमी से मिले प्रोत्साहन की बदौलत बीते वर्ष में मैंने मोर मोर्याण, द्रौपदी को नारैण जैसे नाटक किए। द्रौपदी को नारैण पांडव शैली में लिखा गया मेरा नाटक है जिसे खूब सराहना मिली है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 6034

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | 5 | 6 | |
| | 3 | 9 | | | 8 | | 7 | |
| 7 | | | 2 | 5 | | | | |
| 3 | 1 | | | | 6 | 7 | | |
| | | 5 | | 7 | | 1 | | |
| | | 6 | 4 | | | | 8 | 9 |
| | | | | 9 | 7 | | | 2 |
| | 2 | | 8 | | | 6 | 5 | |
| | 8 | 1 | | | | | 9 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6033

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 7 | 4 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 9 | 2 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 9 | 4 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज सामाजिक व्यस्तता के बीच अपने काम पर पूरा ध्यान दें। आपका पूरा ध्यान अपने करियर और मान-सम्मान पर रहेगा। आपकी सफलता आज आपकी मेहनत और कार्यक्षमता से जुड़ी है। ग्यारहवें भाव में ग्रहों का भारी जमावड़ा सामाजिक कार्यों में थोड़ी उथल-पुथल दे सकता है, पेमेंट मिलने में देरी या अचानक मीटिंग के समय में बदलाव हो सकता है, इसलिए धैर्य रखें।

### वृष
आज बड़े लक्ष्यों को पाने के लिए अनुशासन और धैर्य बनाए रखें। करियर के क्षेत्र में ग्रहों की हलचल थोड़ी अस्थिरता ला सकती है, लेकिन आपकी सहनशीलता आपको जीत दिलाएगी। गुरुदेव आपके धन की रक्षा कर रहे हैं, जिससे आर्थिक स्थिति सुरक्षित रहेगी। ध्यान रहे, । कार्यस्थल पर तालमेल बिठाने में थोड़ी परेशानी हो सकती है।

### कर्क
आज सामाजिक व्यस्तता के बीच मानसिक शांति को महत्व दें। आज आपका मन बाहरी शोर से हटकर शांति की ओर बढ़ेगा। रिश्तों में आज दूरी महसूस हो सकती है, इसलिए इसे दीवार न बनने दें। आर्थिक रूप से फालतू खर्चों से बचें। स्वास्थ्य के लिए नींद पूरी करें और गहरी सांस लेने का अभ्यास करें। आर्थिक रूप से पुराने संपर्कों से लाभ मिल सकता है।

### सिंह
आज सामाजिक नेटवर्क बढ़ेगा, लेकिन शांति के लिए धैर्य जरूरी है। जो आपके सपनों को पूरा करने में मदद करेंगे। आपका काम थोड़ा थका हुआ या भावुक बना सकता है। आपको एक प्रभावशाली व्यक्तित्व से मुलाकात होगी। कार्यस्थल पर छोटी-मोटी राजनीति से दूर रहें। प्रेम संबंधों में आज आप किसी गंभीर और प्रतिबद्ध साथी की तलाश करेंगे।

### मिथुन
आज अपनी साझेदारी में तालमेल बिठाएं और बदलावों को संभालें। आज आपका पूरा ध्यान जीवनसाथी या बिजनेस पार्टनर पर रहेगा। आठवें भाव में ग्रहों का जमावड़ा अचानक आर्थिक बदलाव या मन में बेचैनी ला सकता है। निवेश के मामलों में सावधानी बरतें और जल्दबाजी में कोई फैसला न लें।

### कन्या
आज रिश्तों के तनाव के बीच अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। आपको थकाऊ काम करने होंगे। निजी रिश्तों में थोड़ा तनाव पैदा कर सकती है। प्रेम संबंधों में पार्टनर के साथ सत्ता के संघर्ष से बचें और शांत रहें। आर्थिक रूप से पुराने खर्चों का हिसाब करना आज फायदेमंद रहेगा।

### तुला
आज बड़े बदलावों के लिए खुद का गहराई से विश्लेषण करें।आज आपका ध्यान बाहरी दुनिया से हटकर खुद के विचारों और गुप्त तथ्यों पर रहेगा। आपके लग्न में गुरुदेव का होना आपके आत्मविश्वास को ढाल की तरह बचाएगा। यात्रा या कानूनी कागजों के काम में वक्री बुध के कारण कुछ अड़चनें आ सकती हैं, इसलिए जल्दबाजी न करें।

### वृश्चिक
आज घर की शांति ही आपकी भविष्य की प्रगति का आधार बनेगी। आज आपका ध्यान परिवार और घर की सुख-सुविधाओं पर रहेगा। प्रेम संबंधों में वक्री बुध के कारण गलतफहमी हो सकती है, इसलिए बातचीत में सावधानी बरतें। आर्थिक रूप से घर के बजट को व्यवस्थित करने के लिए अच्छा दिन है। मानसिक शांति के लिए रात को सोने से पहले शांत वातावरण रखें।

### मकर
आज अनुशासित वाणी और धन के सही प्रबंधन से सुख मिलेगा। धन और परिवार से जुड़े मामले प्राथमिकता पर रहेंगे। बातचीत में कुछ अड़चनें हो सकती है, इसलिए भाई-बहनों से विवाद न करें। प्रेम संबंधों में भविष्य की सुरक्षा पर चर्चा आपके रिश्ते को मजबूत करेगी। आर्थिक रूप से खर्चों पर नजर रखें और संपत्ति को सुरक्षित करें। सेहत के लिए गले और गर्दन का ख्याल रखें।

### कुंभ
आज आत्म-चिंतन का समय है, अपनी ऊर्जा को सही दिशा दें। आज आपके व्यक्तित्व को और भी मजबूत बनाएंगे। व्यक्तित्व में एक शांत और ठोस मजबूती लेकर आया है। धन और वाणी पर दबाव रह सकता है, इसलिए सोच-समझकर बोलें। प्रेम संबंधों में अपने साथी के साथ मन की बात शेयर करें। आर्थिक रूप से जल्दबाजी में निवेश न करें और फालतू खर्चों को बंद करें। करियर में आज आप लीडरशिप की भूमिका निभा सकते हैं।

### धनु
आज अपनी कला और प्रेम जीवन को अनुशासन के साथ निखारें।आपके रचनात्मक कामों और प्रेम जीवन को स्थिरता देंगे। काम का बोझ बढ़ा सकता है, लेकिन गुरुदेव की कृपा से करियर में तरक्की के द्वार खुलेंगे। सहकर्मियों के साथ छोटी बातों पर बहस करने से बचें। आर्थिक रूप से बड़ी खरीदारी के बजाय बचत योजनाओं पर शोध करना बेहतर होगा।

### मीन
आज साहसी बातचीत से घरेलू और पेशेवर तनाव दूर होगा। आपका साहस और संवाद करने की शक्ति बढ़ेगी।आज आपकी बात करने की कला अपने चरम पर होगी, जिससे आप बड़े विवादों को भी सुलझा लेंगे। घर में थोड़ा तनाव या संपत्ति के काम अटक सकते हैं। परिवार के सदस्यों से बात करते समय कठोरता न दिखाएं। प्रेम संबंधों में आज आप गंभीरता और गहराई की तलाश करेंगे।

### वर्ग पहेली 6034

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | ■ | 9 | | | |
| | ■ | 10 | 11 | | ■ | ■ | |
| 12 | 13 | ■ | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | | ■ |
| 19 | | | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | | ■ | 23 | | ■ | 24 | |
| ■ | 25 | | | | | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1923 को जन्में बॉलीवुड के एक महान पार्श्व गायक (3)
4. महात्मा गांधी ने केवल एक बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन की 1924 में यहां अध्यक्षता की (4)
8. अफसोस, रंग, पश्यताप (3)
9. अटकल, आंकलन (4)
10. गेरूआ, केसरिया (3)
12. फतह, विजय (2)
14. अमानत में खयानत (3)
16. पास, निकट, नजदीक (3)
18. एक पहर, तीन घंटे का समय (2)
19. बांस की चटाई (3)
20. वेश, परिधान, नाट्य वेश, प्रोत (2)
22. भाग्यशाली को अंग्रेजी में यह कहते हे (2)
23. अनलंकृत, फैशनहीन, सामान्य (2)
24. धब्बा (2)
25. लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष जो मध्यप्रदेश के राज्यपाल भी रह चुके है (5)

**ऊपर से नीचे**
1. सन 1960 से 1980 तक की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक (4)
2. कदरी, भगवान के भोग के निमित्त लगने वाले फलों में से एक (2)
3. कीटों का प्रकार, परवाना, पतंगा (3)
4. यह मध्यप्रदेश में बहने वाली एक नदी है (3)
5. सौ हजार की संख्या (2)
6. गमनशील, प्रस्थानशील, सृत्वर (2)
7. मनुहार, मन्नत, मनौति, खुशामद (4)
11. निर्धन, कंगाल, जिसके पास धन न हो (3)
13. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (5)
14. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
15. एक प्रकार विस्फोटक पदार्थ का बना गोला (2)
17. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (2)
19. समूह, गुट, फूल की पंखुडी (2)
20. एक प्रकार की शुष्क मेवा (3)
21. घर्षण, घिसघिसाहट (3)
23. अभाजित, कुल, तमाम, अविभक्त (2)
24. अंगून, किशमिश, द्राक्षा (2)

### वर्ग पहेली 6033 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | ■ | ब | हु | त |
| ति | ल | क | मो | द | द | ■ | मी |
| थि | ■ | मं | ■ | ती | रं | दा | ज |
| ■ | सं | डे | ■ | ला | ग | त | ■ |
| क | ■ | श | की | ल | ■ | व्य | स्त |
| म | हा | न | ■ | ने | क | ■ | न |
| ब | ल | ■ | राह | ह | ■ | म | हा |
| ख्त | ■ | आ | ब | रू | ■ | स्त | र |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# मन्नत पूरी होने पर क्रिकेटर रिंकू सिंह दंडवत हुए

## मथुरा में बगलामुखी देवी के दर्शन किए

**मथुरा (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह मथुरा पहुंचे। उन्होंने बगलामुखी देवी मंदिर में दर्शन किए। यहां पूजा-अर्चना कर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। रिंकू सिंह ने कहा- मैंने टीम के विश्वकप जीतने की मां से कामना की थी। मां बगलामुखी के आशीर्वाद से हम टी-20 वर्ल्ड कप जीत गए। रिंकू करीब 45 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता योगेश द्विवेदी भी थे। भारत ने 8 मार्च को गुजरात के अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से शिकस्त दी थी। वर्ल्ड कप के बीच ही रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का निधन हो गया था।

### बोले- मां आपके आशीर्वाद से वर्ल्ड कप जीता

- **रिंकू ने फैंस के साथ फोटो खिंचाई-** रिंकू सिंह की एक झलक पाने के लिए मंदिर के बाहर भीड़ लग गई। वह जैसे ही दर्शन करके बाहर निकले, फैंस के साथ तस्वीरें खिंचवाईं। रिंकू ने कहा कि देशवासियों और ब्रजवासियों से हम लोगों को बहुत प्रेम मिला है।



### बीजेपी नेता ने रिंकू का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया

रिंकू सिंह सबसे पहले छटीकरा स्थित पूर्व पालिका अध्यक्ष पुष्पा शर्मा के फार्म हाउस पहुंचे। यहां पुष्पा शर्मा और भाजपा नेता पंडित योगेश द्विवेदी ने शॉल ओढ़ाकर रिंकू का सम्मान किया। दोनों ने रिंकू सिंह और भारतीय टीम को विश्वकप जीत की बधाई दी। इसके बाद रिंकू योगेश द्विवेदी के साथ दोपहर करीब 12 बजे पुराने बस स्टैंड के पास स्थित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। यहां पर सेवायत नीरज चतुर्वेदी उन्हें पूजा के लिए मंदिर के अंदर ले गए। रिंकू ने मां को पहले पुष्प अर्पित किए, फिर भोग लगाने के बाद दीपक जलाया। पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रिंकू सिंह को विशेष पूजा-अर्चना कराई। इस दौरान रिंकू ने परिवार की सुख-समृद्धि के साथ-साथ देशवासियों की खुशहाली की कामना की।

**वर्ल्ड कप के 5 मैचों में मौका मिला-** रिंकू सिंह को 2024 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के स्क्वॉड में जगह नहीं मिली थी। वे ट्रैवलिंग रिजर्व थे। लेकिन, इस टी-20 वर्ल्ड कप में उन्हें मौका मिला। उन्होंने भारत के लिए अपना पहला वर्ल्ड कप खेला। टूर्नामेंट में उन्होंने 5 मैच खेले, जिसमें कुल 24 रन बनाए।

### 27 फरवरी को रिंकू के पिता खानचंद नहीं रहे

रिंकू के पिता खानचंद सिंह का 27 फरवरी की सुबह 4.36 बजे अलीगढ़ में निधन हो गया था। उनके पिता फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर से जूझ रहे थे। वह 60 साल के थे। रिंकू पिता के अंतिम संस्कार में शामिल होने अलीगढ़ पहुंचे।पिता के अंतिम संस्कार के तुरंत बाद रिंकू ने टीम इंडिया को जॉइन किया। विश्वकप जीतने के बाद रिंकू सिंह ने अपने दिवंगत पिता के लिए इमोशनल पोस्ट किया था।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था-पापा आज ट्रॉफी हाथ में है। बस आप साथ नहीं हो। आपका सपना पूरा हो गया।रिंकू सिंह ने आगे लिखा- आपसे बात किए बिना इतने दिन कभी नहीं निकले।

# गौतम गंभीर ने तोड़ी चुप्पी | रोहित-कोहली के साथ तालमेल पर किया खुलासा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ अपने रिश्तों को लेकर बड़ा बयान दिया है। गंभीर ने स्वीकार किया कि पिछले 18 महीनों में उनसे कुछ गलतियां हुई हैं, लेकिन उनका इरादा हमेशा सही रहा। उन्होंने कहा कि एक इंसान होने के नाते गलतियां होना स्वाभाविक है और वह इससे पीछे नहीं हटते।

**गलत फैसले सही इरादे से हों तो ठीक -** गंभीर ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में सही इरादा सबसे जरूरी होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गलत फैसले अगर सही नीयत से लिए जाएं तो उन्हें स्वीकार किया जा सकता है, लेकिन गलत इरादे से लिए गए फैसले बिल्कुल बर्दाश्त नहीं हैं। गंभीर ने यह भी कहा कि जब तक वह खिलाड़ियों से ईमानदारी से बात कर पा रहे हैं, तब तक वह अपने काम को सही मानते हैं।



**रोहित-कोहली के साथ रिश्तों पर उठे थे सवाल -** मीडिया में लंबे समय से यह चर्चा चल रही थी कि गंभीर और सीनियर खिलाड़ियों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। हालांकि गंभीर ने सीधे तौर पर इन बातों को खारिज नहीं किया, लेकिन यह जरूर माना कि रिश्तों को बेहतर तरीके से संभाला जा सकता था। उनका यह बयान इन अटकलों को और हवा दे सकता है।

### 2027 वर्ल्ड कप पर नजर

हालांकि रोहित और कोहली टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन दोनों की नजर अभी भी 2027 वनडे वर्ल्ड कप पर है। उन्होंने हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक दिवसीय सीरीज में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि चयनकर्ताओं और कोचिंग स्टाफ ने साफ कर दिया है कि टीम में जगह प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगी। गौतम गंभीर का यह बयान भारतीय क्रिकेट के अंदर चल रहे बदलाव और चुनौतियों को दर्शाता है। रोहित और कोहली जैसे दिग्गजों के बाद टीम नई दिशा में आगे बढ़ रही है, जहां अनुभव और युवाओं के बीच संतुलन बनाना सबसे बड़ी चुनौती है।

### खराब प्रदर्शन के बाद लिया बड़ा फैसला

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 2025-26 के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। रोहित ने 7 मई और कोहली ने 12 मई को अपने रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस फैसले के बाद भारतीय टेस्ट टीम में बड़े बदलाव देखने को मिले।

### टीम इंडिया में बदलाव का दौर

दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम इंडिया ने नए खिलाड़ियों के साथ नई शुरुआत की। शुभगन गिल की कप्तानी में टीम ने इंग्लैंड में ड्रॉ खेला, वेस्टइंडीज को हराया, लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज गंवा दी। यह दौर भारतीय क्रिकेट के ट्रांजिशन फेज के रूप में देखा जा रहा है।

# क्रिकेटर कुलदीप यादव का लखनऊ में रिसेप्शन में जडेजा-यशस्वी, धवन पहुंचे

- जय शाह, कोहली-धोनी समेत 900 मेहमानों का आना संभव



**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव का मंगलवार को लखनऊ में रिसेप्शन हुआ। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह, टीम इंडिया के कोच गौतम गंभीर, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, शिखर धवन, रवींद्र जडेजा समेत 900 से ज्यादा मेहमानों के शामिल होंगे। वीवीआईपी मेहमानों के लिए 4 चार्टर्ड प्लेन का इंतजाम किया गया है। राजनीति, उद्योग और मनोरंजन जगत की कई बड़ी हस्तियां भी रिसेप्शन में शामिल हो सकती हैं। परिवार के करीबियों ने बताया कि रिसेप्शन में कुलदीप की आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के खिलाड़ी, बीसीसीआई और आईसीसी से जुड़े अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन, क्रिकेटर रविंद्र जेडजा और यशस्वी जायसवाल लखनऊ आ गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई वीवीआईपी मेहमानों को निमंत्रण दिया गया है। कुलदीप ने 14 मार्च को बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ शादी की थी। उत्तराखंड के मसूरी में परिवार और करीबी लोगों की मौजूदगी में शादी हुई थी।

# केकेआर के हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर

- पथिराना भी चोटिल, टीम दोनों का रिप्लेसमेंट नहीं लेगी; रहमान की जगह मुजरबानी को चुना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। वे एक दिन पहले 15 मार्च को दिल्ली में बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड में छड़ी के सहारे चलते नजर आए थे। क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने लिखा कि हर्षित इस सीजन में नहीं खेलेंगे। उनके अलावा, श्रीलंका के मथीश पथिराना भी चोटिल हैं। दोनों गेंदबाज टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान अपनी-अपनी टीम से खेलते हुए चोटिल हुए थे। केकेआर ने दोनों गेंदबाजों के रिप्लेसमेंट नहीं लेने का फैसला किया है। मैनेजमेंट का मानना है कि टीम के पास पहले से पर्याप्त तेज गेंदबाजी विकल्प मौजूद हैं। इसमें वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी और आकाश दीप शामिल हैं।



### प्रैक्टिस मैच में चोट लगी

हर्षित राणा घुटने की चोट के कारण भारत की टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे। उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में चोट लगी थी। इसके बाद उनकी सर्जरी हुई। उन्हें पूरी तरह फिट होने में समय लगेगा। राणा ने आईपीएल 2024 में 19 और 2025 में 15 विकेट लिए थे। केकेआर को पथिराना के फिट होने की उम्मीद श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना भी चोट के कारण फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि केकेआर उन्हें रिप्लेस नहीं करना चाहती क्योंकि फ्रेंचाइजी को उम्मीद है कि वे आईपीएल के दौरान किसी समय टीम से जुड़ सकते हैं। केकेआर ने मेगा ऑक्शन में पथिराना को 18 करोड़ रुपए में खरीदा था। सोमवार को उनके मैनेजर ने केकेआर जर्सी में उनकी तस्वीर साझा की, जिससे उनके टूर्नामेंट में खेलने की उम्मीद बढ़ गई है।

16 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था।

# चेल्सी पर 92 करोड़ का जुर्माना, ट्रांसफर बैन भी लगा

**मास्को (एजेंसी)।** प्रीमियर लीग ने चेल्सी फुटबॉल क्लब पर वित्तीय नियमों के उल्लंघन के मामले में 92(10 मिलियन पाउंड ) करोड़ का जुर्माना लगाया है।

क्लब पर एक साल का ट्रांसफर बैन लगाया गया है, लेकिन इसे दो साल के लिए टाल दिया गया है। यह कार्रवाई 2011 से 2018 के बीच किए गए गुप्त भुगतानों को लेकर की गई है। क्लब ने ईडन हजार्ड, विलियन और डेविड लुइज जैसे बड़े खिलाड़ियों को साइन करने के लिए अनरजिस्टर्ड एजेंटों को करोड़ों रुपए दिए थे।ईडन हज़ार्ड को 2012 में लिली क्लब से 393 करोड़ में साइन किया गया था।

**नए मालिकों ने खुद ही दी थी जानकारी, 2022 में शुरू हुई थी जांच-** यह पूरी गड़बड़ी उस समय की है जब क्लब के मालिक रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच थे। साल 2022 में जब ब्लूको ग्रुप ने क्लब को खरीदा, तो उन्हें अकाउंट्स की जांच के दौरान इन गुप्त भुगतानों का पता चला। नए मैनेजमेंट ने खुद आगे बढ़कर प्रीमियर लीग को इन उल्लंघनों की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि क्लब से जुड़े तीसरे पक्ष के जरिए खिलाड़ियों, अनरजिस्टर्ड एजेंटों और अन्य लोगों को गुप्त भुगतान किए गए थे। इन भुगतानों की जानकारी उस समय फुटबॉल अथॉरिटी को नहीं दी गई थी, जो कि नियमों के खिलाफ है। प्रीमियर लीग के अनुसार ये भुगतान चेल्सी के हित में किए गए थे और इन्हें क्लब के खर्च के रूप में दिखाया जाना चाहिए था। क्लब ने यह भी माना कि इन भुगतानों को छिपाना और सही जानकारी न देना नियमों का उल्लंघन है। हालांकि जांच के बाद यह साफ हुआ कि अगर इन भुगतानों को सही तरीके से शामिल भी किया जाता, तब भी चेल्सी नियमों का उल्लंघन नहीं करती। अगर क्लब खुद इसकी जानकारी नहीं देता, तो उन पर और भी सख्त कार्रवाई हो सकती थी और उनके प्वॉइंट्स भी काटे जा सकते थे।

### ईडन हजार्ड और विलियन के लिए गुप्त भुगतान किए गए, क्लब ने खुद कबूली अपनी गलती



- **स्टाफ को सैलरी भी अंडर द टेबल दी गई-** सिर्फ खिलाड़ियों के ट्रांसफर ही नहीं, बल्कि क्लब के स्टाफ को दिए गए पेमेंट में भी गड़बड़ी मिली। क्लब के तत्कालीन डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल फ्रैंक अर्नेसन, स्काउट पीट डी विसर और एक अन्य स्टाफ मेंबर को करीब 15 करोड़ रुपए दिए गए थे, जिसे उनकी सैलरी माना गया लेकिन इसे आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट नहीं किया गया था।
- **जिन खिलाड़ियों पर विवाद था, उन्होंने चेल्सी को कई खिताब दिलाए-** जिन खिलाड़ियों के ट्रांसफर पर विवाद है, वे चेल्सी के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। इसी समय जोस मोरिन्हो क्लब में वापस आए थे। उस दौर में टीम ने 2 प्रीमियर लीग, 2 एफए कप और यूरोपा लीग समेत कुल 6 बड़ी ट्रॉफियां जीतीं। ईडन हजार्ड ने चेल्सी के लिए 352 मैचों में 110 गोल किए।

# आईएसएल- 10 खिलाड़ियों के साथ पंजाब एफसी ने एफसी गोवा को 1-1 पर रोका

**गोवा (एजेंसी)।** इंडियन सुपर लीग 2025-26 में खेले गए रोमांचक मुकाबले में पंजाब एफसी ने 10 खिलाड़ियों के साथ दमदार प्रदर्शन करते हुए एफसी गोवा को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरु स्टेडियम में खेले गए इस मैच में पंजाब की जुझारू मानसिकता देखने को मिली। इस ड्रॉ के बाद गोवा 9 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गया, जबकि पंजाब 5 अंकों के साथ आठवें स्थान पर है।

**पहले हाफ में पंजाब का दबदबा-** पंजाब एफसी ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मैच पर पकड़ बना ली। 15वें मिनट में टीम ने पहला ऑन-टारगेट शॉट लिया, जबकि लगातार क्रॉस के जरिए दबाव बनाए रखा। 27वें मिनट में Nsungusi Jr Effiong ने शानदार फिनिश के साथ टीम को बढ़त दिलाई।



मिडफील्ड से मिले सटीक पास को उन्होंने बेहतरीन तरीके से गोल में बदला। हाफ टाइम तक पंजाब 1-0 से आगे था और गोवा की टीम दबाव में नजर आ रही थी।

**रेड कार्ड बना मैच का टर्निंग पॉइंट -** दूसरे हाफ की शुरुआत में ही मैच ने बड़ा मोड़ ले लिया। 48वें मिनट में गोल करने वाले Nsungusi Jr Effiong को सीधे रेड कार्ड दिखाया गया। इस फैसले के बाद पंजाब को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा, जिससे टीम पर अतिरिक्त दबाव आ गया। यही पल मैच का सबसे अहम टर्निंग पॉइंट साबित हुआ, जिसने खेल की दिशा बदल दी।

- **गोवा की वापसी और बराबरी -** संख्या में बढ़त मिलने के बाद FC Goa ने आक्रामक रुख अपनाया और लगातार हमले किए। 53वें मिनट में Dejan Drazic ने शानदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया और टीम को मैच में वापस ला दिया। इसके बाद गोवा ने कई मौके बनाए, लेकिन फिनिशिंग की कमी के कारण बढ़त नहीं ले सका।
- **पंजाब की मजबूत डिफेंस और ड्रॉ-** 10 खिलाड़ियों के बावजूद पंजाब एफसी ने शानदार डिफेंस दिखाया और अंत तक मजबूती से खड़ा रहा। गोलकीपर अर्शदीप सिंह ने कई अहम बचाव किए, जिससे गोवा के हमले बेअसर हो गए। आखिरी मिनटों में गोवा ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन पंजाब की सख्त डिफेंस के आगे उन्हें सफलता नहीं मिली और मैच 1-1 से ड्रॉ पर खत्म हुआ।

# अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ देता है तो मुझे बहुत खुशी होगी : दिलीप टिर्की

**कोलकाता (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष और पूर्व भारतीय कप्तान दिलीप टिर्की ने कहा कि अगर मनप्रीत सिंह उनके 412 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के रिकॉर्ड को तोड़ देते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। टिर्की ने रेवस्पोर्ट्ज़ ट्रेलब्लेज़र्स 4.0 के एक सत्र के दौरान कहा, अगर मनप्रीत मेरा रिकॉर्ड तोड़ता है तो मुझे बहुत खुशी होगी। रिकॉर्ड टूटने के लिए ही बनते हैं।

मनप्रीत ने अभी तक 411 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और उन्हें सबसे पहले 400 से अधिक मैच खेलने वाले टिर्की से आगे निकलने के लिए केवल दो मैच की जरूरत है। टिर्की ने कहा, मैं दुनिया का पहला खिलाड़ी था जिसने 400 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और यह उपलब्धि हमेशा मेरे साथ रहेगी। मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इसके लिए कितनी कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसके लिए हमेशा फिट रहना और लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होता है।

उन्होंने कहा, अगर मनप्रीत इसी तरह से खेलते रहे और वह अपनी फिटनेस बनाए रखते हैं तो उनके पास मेरा रिकॉर्ड तोड़ने का अच्छा मौका है। मेरे हॉकी इंडिया के अध्यक्ष रहते हुए किसी



भारतीय खिलाड़ी का यह रिकॉर्ड बनाना मेरे लिए खास होगा।

इस अवसर पर मनप्रीत ने कहा कि यह साल भारतीय हॉकी टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और उसे अपने कमजोर क्षेत्रों पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, मैं वापस शिविर में लौट आया हूं और कड़ी मेहनत कर रहा हूं। यह साल हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। शिविर में हमें यह पता करने का मौका मिला कि हमें किन क्षेत्र में सुधार की जरूरत है और हम सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# आईपीएल 2026-आरसीबी और एसआरएच को झटका

## शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस इंडियन



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड और पैट कमिंस इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2026 सीजन की शुरुआत के मैच नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वे अभी भी अपने रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। आईपीएल 28 मार्च से शुरू हो रहा है और देश में चुनाव के कारण अभी सिर्फ 12 अप्रैल तक का शेड्यूल ही जारी किया गया है।

हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ से खेलते हैं और अपनी हैमस्ट्रिंग और U Achilles tendon की पुरानी समस्याओं से उबर रहे हैं। उम्मीद है कि यह दाएं हाथ का तेज गेंदबाज़, मौजूदा चैंपियन टीम के कम से कम शुरुआती दो मैच नहीं खेल पाएगा। हेजलवुड ने लगभग 5 महीने पहले सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर विक्टोरिया के हाथों न्यू साउथ वेल्स की शेफील्ड शील्ड में हार के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट मैच नहीं खेला है।

आरसीबी ने आईपीएल 2025 की नीलामी में उन्हें 12.5 करोड़ रुपए में खरीदा था और यह निवेश टीम के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुआ। हेजलवुड ने 12 मैचों में 17.54 की औसत और 8.77 की इकॉनमी रेट से 22 विकेट लिए और टीम को उसका पहला आईपीएल खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान कमिंस अपनी पीठ की चोट से उबर रहे हैं और 28 मार्च को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के खिलाफ होने वाला टीम का पहला मैच नहीं खेल पाएंगे। चूंकि उनके मैदान पर लौटने का समय अभी तय नहीं है, इसलिए टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में एसआरएच की कप्तानी ईशान किशन के करने की संभावना है। कमिंस ने अब तक 72 आईपीएल मैच खेले हैं, जिनमें उन्होंने 79 विकेट लिए हैं। एसआरएच के साथ पिछले दो सीज़न में, उन्होंने 30 मैचों में 34 विकेट लिए हैं।

## न्यूज बाइट्स

### कासमा थाना में जनता दरबार आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीपीओ सदर-02 द्वारा कासमा थाना परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनी गईं। जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी विभिन्न शिकायतें और समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। एसडीपीओ ने सभी मामलों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि प्राप्त शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके।

### रफीगंज-बघोई रेलखंड पर ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम शुरू

**रफीगंज (औरंगाबाद )(नि. सं.)।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल के ग्रैंड कॉर्ड सेक्शन के अंतर्गत औरंगाबाद जिले के बघोई कुशा–जाखिम–रफीगंज रेलखंड पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली की कमीशनिंग कर दी गई है। सोमवार को इस अत्याधुनिक व्यवस्था को चालू कर दिया गया, जिससे ट्रेनों के सुरक्षित और तेज संचालन में महत्वपूर्ण सुधार होगा। करीब 18.7 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड में चार स्टेशनों—पुसौली, बघोई कुशा, जाखिम और रफीगंज—के इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। इसके साथ ही चार ऑटो हट्स की भी कमीशनिंग की गई है, जिनमें समपार फाटक संख्या 20, 21, 22 और 24 को इंटरलॉक किया गया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार इस परियोजना के तहत सिग्नलिंग प्रणाली के सभी आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें आईपीएस (इंटीग्रेटेड पावर सप्लाई), डाटा लॉगर, मेंटेनेंस फ्री अर्थिंग, क्लास-ए लाइटनिंग प्रोटेक्शन सिस्टम, ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन एवं अलार्म सिस्टम तथा ईएलडी जैसे उन्नत उपकरण शामिल हैं। इस नई व्यवस्था के शुरू होने के साथ ही डीडीयू मंडल के कुल 113 रूट किलोमीटर में ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग का कार्य पूरा हो गया है। इससे ट्रेनों की आवाजाही अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज होगी, साथ ही रेल संचालन की दक्षता में भी वृद्धि होगी।

### पीडीएस दुकानदारों का हंगामा

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पूर्व हसपुरा प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों ने मंगलवार को खाद्यान्न उठाव के दौरान गोदाम पर हंगामा किया। दुकानदार कम खाद्यान्न मिलने और घटिया अनाज की आपूर्ति से आक्रोशित थे। स्थिति बिगड़ती देख गोदाम में मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया। दुकानदारों का आरोप है कि उन्हें नियमानुसार उनकी दुकानों पर अनाज तौलकर नहीं दिया जाता। उन्होंने धर्मकांटा संचालकों के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रत्येक बोरे में एक से डेढ़ किलोग्राम अनाज कम दिया जाता है। पीडीएस दुकानदार कामाख्या नारायण सिंह और बिरजु सिंह ने भी इस बात की पुष्टि की। दुकानदारों ने अनाज की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि अनाज से दुर्गंध आती है और उसमें कीड़े लगे होते हैं। राज्य में उसना चावल आवंटित करने का नियम है, लेकिन उन्हें लगातार अरवा चावल दिया जा रहा है।

**पैक्स चुनाव को लेकर प्रशासन सख्तः डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा, सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

# जिले के पांच प्रखंडों में पैक्स चुनाव आज

- संवेदनशील बूथों की पहचान, बीएमपी, डीएपी और होमगार्ड की तैनाती
- प्रत्येक जोन में दंडाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति
- बूथ कैप्चरिंग, हिंसा या दबाव बनाने की कोशिश पर सख्त कार्रवाई



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्य पद के निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार आज जिले के नवीनगर, मदनपुर, रफीगंज, ओबरा और गोह प्रखंडों के चयनित पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। इसे लेकर सभी तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ करें।

निर्वाचन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए संबंधित प्रखंडों को 5 जोन में विभाजित किया गया है और 15 स्टैटिक-सह-मतपेटिका संग्रह दलों का गठन किया गया है। जिले में कुल 51 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें नवीनगर में 25, मदनपुर में 10, रफीगंज में 9, ओबरा में 3 और गोह में 4 मतदान केंद्र शामिल हैं। प्रशासन द्वारा संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान कर ली गई है, जहां विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इन केंद्रों पर बीएमपी, डीएपी और होमगार्ड के सशस्त्र बलों की तैनाती की गई है, ताकि मतदाता निर्भय होकर मतदान कर सकें।

मतदान के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी जोनल दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करेगी। गश्ती दलों को निर्देश दिया गया अपने-अपने प्रखंड मुख्यालयों में योगदान देकर आवश्यक सामग्री एवं सुरक्षा बल के साथ समय पर मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान करें। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि मतदान शुरू होने से कम-से-कम एक घंटे पहले सभी मतदान दलों को आवश्यक सामग्री उपलब्ध हो जाए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की किसी भी कोशिश—जैसे बूथ कैप्चरिंग, हिंसा या मतदाताओं पर दबाव—पर कड़ी नजर रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, अपर निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 22 मार्च से शुरू होगा चैती छठ महापर्व, देव सूर्य मंदिर में जुटेगा आस्था का जनसैलाब

- सूर्य कुंड और मार्गों की विशेष सफाई अभियान
- श्रद्धालुओं के लिए टेंट-पंडाल, पेयजल व स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था
- जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और एसपी अम्बरीष राहुल कर रहे निगरानी
- चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल और सीसीटीवी से निगरानी



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सूर्योपासना का महान लोकपर्व चार दिवसीय चैती छठ इस वर्ष 22 मार्च से 'नहाय-खाय' के साथ प्रारंभ होगा। इस पर्व को लेकर औरंगाबाद सहित पूरे राज्य में उत्साह का माहौल है, वहीं विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव में लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान के तहत 22 मार्च को नहाय-खाय के साथ व्रत की शुरुआत होगी। 23 मार्च को खरना के दिन गुड़ की खीर का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू किया जाएगा। 24 मार्च को अस्ताचलगामी सूर्य को संध्या अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 25 मार्च को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का पारण होगा।

इस अवसर पर औरंगाबाद के ऐतिहासिक त्रेतायुगीन देव सूर्य मंदिर में आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिलता है, जहां देशभर से लाखों श्रद्धालु छठ व्रत करने पहुंचते हैं। भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारी की है। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती के साथ सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सूर्य कुंड और मार्गों की विशेष साफ-सफाई कराई जा रही है। गर्मी को देखते हुए टेंट-पंडाल, पेयजल और स्वास्थ्य शिविरों की भी व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पूरे आयोजन की निगरानी जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल द्वारा लगातार की जा रही है।

# जलभरी के साथ नौ दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ आज

- सती मां की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम
- 19 मार्च से 27 मार्च तक चलेगा महायज्ञ
- जलभरी के साथ कलश यात्रा से शुभारंभ

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के कोईलवा गांव में अखंड सौभाग्यवती सती मां की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नौ दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन बुधवार से शुरू हो रहा है। इसको लेकर गांव में धार्मिक उत्साह का माहौल है और सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महोत्सव के सफल संचालन के लिए गठित समिति में गोह के पूर्व विधायक रणविजय कुमार शर्मा को संरक्षक तथा क्षेत्र के विद्वान आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री को अध्यक्ष बनाया गया है। आयोजन समिति के अनुसार, बुधवार सुबह सती मां की कर्मभूमि फाटक (पुरानी ठाकुरबाड़ी) से जलभरी के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा देवी स्थान धमनी, पचरुखिया बाजार, कोईलवा मोड़ और करण बिगहा होते हुए चनहट पुनपुन सूर्य घाट पहुंचेगी, जहां जलाहरण के बाद कलशों की स्थापना सती स्थान पर की जाएगी।

आचार्य लालमोहन शास्त्री ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान वैदिक एवं तांत्रिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां सती का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। समिति के सचिव एवं पूर्व मुखिया अजय शर्मा ने जानकारी दी कि 19 मार्च से शुरू होकर यह महायज्ञ 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन दिन में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रामलीला और रात में रासलीला का मंचन किया जाएगा। वहीं क्षेत्रीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाएगा। मेले में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए झूला, मीना बाजार सहित अन्य आकर्षण की व्यवस्था की गई है, जबकि रात्रि में देवी जागरण का भी आयोजन होगा।

उप मुखिया दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस महायज्ञ के आयोजन में शिक्षाविद सियाराम शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, बृज बिहारी शर्मा, प्रेम कुमार, प्रवीण कुमार, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, महेंद्र दुबे, कनक रंजन सहित कई ग्रामीणों और समाजसेवियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

# एलपीजी आपूर्ति पर डीएम ने दी सफाईः जिले में गैस की कोई कमी नहीं, पैनिक बुकिंग से बढ़ी परेशानी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



एलपीजी गैस की उपलब्धता को लेकर उठ रही आशंकाओं के बीच जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में प्रेस वार्ता कर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन औरंगाबाद जिले में घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। डीएम ने बताया कि जिले में कुल 37 गैस एजेंसी डिस्ट्रीब्यूटर सक्रिय हैं, जिनमें 15 इंडेन, 11 एचपी और 11 भारत गैस एजेंसियाँ शामिल हैं। ये सभी एजेंसियाँ उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में एजेंसियों पर भीड़ और लंबी कतारें देखने को मिलीं, जिसकी मुख्य वजह भ्रामक सूचनाओं के कारण हुई "पैनिक बुकिंग" है। सामान्यतः प्रतिदिन लगभग 6700 बुकिंग होती थी, जो अचानक बढ़कर 15000 तक पहुंच गई, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव पड़ा और डिलीवरी में विलंब हुआ। उन्होंने बताया कि अधिक बुकिंग के कारण सर्वर धीमा होने और ओटीपी से जुड़ी समस्याएँ भी सामने आई थीं, जिन्हें अब काफी हद तक ठीक कर लिया गया है। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 6700 नियमित बुकिंग के साथ-साथ लंबित बुकिंग को मिलाकर करीब 9644 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है।

स्थिति को सामान्य करने के लिए जिला प्रशासन ने निर्णय लिया है कि नई बुकिंग पर तुरंत आपूर्ति करने के बजाय पहले लंबित बुकिंग का निष्पादन किया जाएगा। साथ ही होम डिलीवरी को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि पहले बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके। डीएम ने जिलेवासियों से अपील की कि वे अनावश्यक भीड़ न लगाएँ और लगभग 25 दिनों के अंतराल पर ही आवश्यकता अनुसार गैस बुकिंग करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उन्होंने बताया कि सीमित उपलब्धता को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर सरकारी अस्पतालों, पुलिस एवं सुरक्षा बलों, सरकारी विद्यालयों और अन्य आवश्यक संस्थानों को गैस उपलब्ध कराई जा रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि घरेलू गैस का उपयोग व्यावसायिक कार्यों में करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कालाबाजारी या अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई होगी। इसके लिए सभी प्रखंडों और नगर निकायों में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही गैस एजेंसियों की होम डिलीवरी में बाधा उत्पन्न करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने बताया कि जिले में पाइपलाइन गैस आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए भी प्रयास जारी हैं। वर्तमान में 1438 घरों में पाइपलाइन गैस कनेक्शन उपलब्ध है, जिनमें से 400 से अधिक को शीघ्र सक्रिय किया जाएगा, जबकि करीब 475 कनेक्शन अंतिम चरण में हैं। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर एसडीओ अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### एलपीजी समस्या समाधान के लिए 24×7 कंट्रोल रूम स्थापित

जिले में घरेलू एलपीजी गैस आपूर्ति में हाल के दिनों में उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार शिकायतों के त्वरित पंजीकरण और समाधान के लिए जिला स्तर पर विशेष व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में जिला आपदा प्रबंधन शाखा, औरंगाबाद में 24×7 जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। इस कंट्रोल रूम में पदाधिकारियों एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो लगातार कार्यरत रहकर प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। प्रशासन ने बताया कि उपभोक्ता एलपीजी आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के लिए **दूरभाष संख्या 06186-295027** पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पाइपलाइन गैस (पीएनजी) से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए **मोबाइल संख्या 9535954995** भी जारी की गई है। जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से अपील की है कि गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सीधे नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें, ताकि समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# रिटायर्ड शिक्षक के घर लाखों की चोरी दो अन्य घरों में प्रयास नाकाम

- पड़ोसी भूपेंद्र सिंह के घर में भी चोरी का प्रयास, असफल
- मनीष कुमार के घर में भी कोशिश, लोगों के जागने से चोर फरार
- साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल टीम को बुलाने की तैयारी



निज संवाददाता | दाउदनगर(औरंगाबाद)

दाउदनगर थाना क्षेत्र के पूर्वी रामनगर मोहल्ले में बीती रात चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए रिटायर्ड शिक्षक के घर से लाखों रुपए के आभूषण और नकदी की चोरी कर ली। इस दौरान चोरों ने दो अन्य घरों में भी हाथ साफ करने की कोशिश की, लेकिन वहां सफल नहीं हो सके। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वार्ड संख्या 16 स्थित रिटायर्ड शिक्षक उमेश चंद्र पाल के घर में देर रात चोर घुस आए। उन्होंने कमरे की कुंडी तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गोदरेज अलमारी समेत छह बक्सों के ताले तोड़ दिए। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए सामान में सोने की सिकड़ी, कंगन, मांगटीका, झुमका और चांदी का कटोरा शामिल है।

परिवार के अनुसार, घटना की रात घर में जन्मदिन समारोह था, जिसके कारण सभी सदस्य देर रात तक जाग रहे थे। रात करीब 11 बजे के बाद सभी सो गए और उसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सुबह उठने पर चोरी की जानकारी मिली। चोरों ने पड़ोस में भूपेंद्र सिंह के घर में भी घुसने का प्रयास किया और एक बक्से का ताला तोड़ा, लेकिन कोई कीमती सामान नहीं मिलने के कारण वे खाली हाथ लौट गए। वहीं, सिंचाई विभाग में कार्यरत किरानी मनीष कुमार के घर में भी चोरी की कोशिश की गई, लेकिन घरवालों के जाग जाने से चोर भाग निकले।

घटना की सूचना मिलते ही मंगलवार सुबह दाउदनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घरों में जांच-पड़ताल शुरू की। अपर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# ईद, चैती छठ व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

आगामी ईद, चैती छठ और रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को हसपुरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने की, जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष ने त्योहारों के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन की गाइडलाइन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्थिति में डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे संचालक के साथ-साथ जुलूस में शामिल लोगों के खिलाफ भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार चौधरी और सर्किल इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने लोगों से अपील की कि सभी त्योहार आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाओं पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी।

प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष तैयारी की जानकारी दी। ईद के मौके पर थाना क्षेत्र में 21 स्थानों पर नमाज अदा की जाएगी, जहां पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की जाएगी। साथ ही सभी चिन्हित संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और लगातार गश्ती दल सक्रिय रहेंगे। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर महिलाएं पहुंचीं कलेक्ट्रेट



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और भ्रामक टिप्पणियों के जरिए एक महिला संचालित संस्था की छवि धूमिल करने के आरोप को लेकर मंगलवार को शहर की रहने वाली प्रिया गुप्ता अपने समर्थकों और संस्था से जुड़ी महिलाओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने जिलाधिकारी को आवेदन देकर पूरे मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की, हालांकि सुरक्षा कारणों से उनकी डीएम से सीधी मुलाकात नहीं हो सकी। कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाओं को सुरक्षाकर्मियों ने डीएम कक्ष में प्रवेश करने से रोक दिया और उन्हें डाक शाखा में आवेदन जमा करने की सलाह दी। इसके बाद महिलाओं ने लिखित आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। इस दौरान महिलाओं ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब जिले की जिलाधिकारी स्वयं महिला हैं, तब भी उन्हें मिलने से रोका जा रहा है, जिससे उन्हें न्याय मिलने को लेकर संशय है।

प्रिया गुप्ता ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों द्वारा फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ निराधार और आपत्तिजनक पोस्ट एवं टिप्पणियां की जा रही हैं। इससे उनकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के साथ-साथ उनके द्वारा संचालित संस्था की साख को भी नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि वह "द लोटस ब्यूटी सैलून एंड अकादमी" नामक संस्था का संचालन करती हैं, जहां 35 से 40 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जाता है। आवेदन में उन्होंने उल्लेख किया कि 11 मार्च को जमीन विवाद से जुड़ी एक घटना में उनकी चचेरी बहन घायल हो गई थीं जिसके बाद उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखी थी।

# आठ मई को मनेगा गंगाधर शास्त्री महोत्सव, आयोजन समिति गठित

निज संवाददाता | नवीनगर (औरंगाबाद)



नबीनगर प्रखंड के करहरी गांव में पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक गंगाधर शास्त्री के पैतृक आवास के समीप आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संज्ञा समिति के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने की, जबकि संचालन सुरेश विद्यार्थी ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 8 मई को करहरी गांव में पंडित गंगाधर शास्त्री महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के सफल आयोजन के लिए एक विस्तृत समिति का गठन किया गया, जिसमें अभिषेक कुमार मिश्र को अध्यक्ष, रविंद्र मिश्र को उपाध्यक्ष, श्याम दत्त मिश्र को सचिव तथा सुरेश राम को संयुक्त सचिव बनाया गया। वहीं सोनू मिश्र को उप सचिव, रौशन मिश्र को कोषाध्यक्ष और आयुष मिश्र को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मीडिया प्रभारी के रूप में सुरेश विद्यार्थी एवं अवधूत मिश्र को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अतिरिक्त संजीव कुमार सिंह को मुख्य संरक्षक, अजीत मिश्रा को संरक्षक, अशोक पांडेय को संयोजक, संतोष मिश्र को सह संयोजक तथा विशाल मिश्र को कार्यक्रम महामंत्री बनाया गया है। मार्गदर्शक मंडल में सच्चिदानंद मिश्र, मधेश्वर नाथ मिश्र, नागेश नाथ मिश्र, दिनेश नाथ मिश्र, भ्रमरेश मिश्र, दीपक कुमार मिश्र, समोद कुमार मिश्र, हृदयेश मिश्र, ललन कुमार, संतोष मिश्र एवं सरोज मिश्र को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं परामर्शदात्री समिति में रंजन मिश्र, गिरिजेश मिश्र और अमरेश मिश्र को शामिल किया गया है। बैठक में जानकारी दी गई कि महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के ज्योतिष विद्वानों का सम्मेलन एवं सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

# बिहार दिवस प्रतियोगिता में अनुग्रह मिडिल स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

आगामी बिहार दिवस समारोह की तैयारी को लेकर आयोजित प्रखंड स्तरीय शैक्षणिक प्रतियोगिताओं में शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई ट्रॉफियां अपने नाम कीं। क्विज, पेंटिंग और मैथ ओलंपियाड जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के बच्चों ने परचम लहराया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने विजेता छात्र-छात्राओं को अपने कक्ष में सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

# राज्यसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर हसपुरा में जश्न, कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाइयां

निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)



बिहार की पांचों राज्यसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत के बाद हसपुरा प्रखंड में कार्यकर्ताओं के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मंगलवार दोपहर राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रखंड इकाई द्वारा एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा ने की। समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया और नव निर्वाचित राज्यसभा सदस्यों—नीतीश कुमार, नितिन नवीन, उपेंद्र कुशवाहा, रामनाथ ठाकुर एवं शिवेश राम—को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर रालोमो के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिन्हा सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एनडीए गठबंधन की जीत को विकास और स्थिरता की जीत बताया। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने "एनडीए जिंदाबाद" और "राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिंदाबाद" के नारे लगाए और जीत की खुशी साझा की।